RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 304
लखनऊ, शुक्रवार, 30 अगस्त, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

अक्टूबर में आएगी साक्षी मलिक की आत्मकथा
स्पोर्ट्स-12

जम्मू हो या कश्मीर, भारत पाकिस्तानी आतंकवादियों को नहीं बख्शेगा

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में बृहस्पतिवार को संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा कर्मियों ने घेराबंदी और तलाशी अभियान तेज कर दिया है। पीटीआई

मोहित कंधारी। जम्मू

जम्मू कश्मीर में 18 सितंबर को होने वाले पहले चरण के मतदान से पहले राज्य के विभिन्न हिस्सों में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। वहीं नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों आका 10 साल के लंबे अंतराल के बाद हो रहे विधानसभा चुनावों के शांतिपूर्ण संचालन में खलल डालने पर आमादा हैं। गुरुवार को भारतीय सेना के जवानों ने सीमावर्ती जिले कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा के पास भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की कोशिश कर रहे पाकिस्तान के तीन आतंकवादियों को मार गिराया। कुपवाड़ा के मच्छल और तंगधार सेक्टरों में नियंत्रण रेखा के पास दो अलग-अलग घुसपैठ विरोधी अभियानों में मुस्तैद सैनिकों ने इन आतंकवादियों को ढेर कर दिया। जम्मू-कश्मीर में 16 अगस्त को विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद आतंकवादियों से जुड़ी यह दूसरी बड़ी घटना है।

गत 19 अगस्त को, पाकिस्तानी आतंकवादियों के एक भारी हथियारों से लैस समूह ने उधमपुर के सुदूर डुडू बसंतगढ़ इलाके में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और जम्मू कश्मीर पुलिस (जेकेपी) के विशेष अभियान समूह के गश्त कर रहे जवानों को निशाना बनाया था, जिसमें एक इंस्पेक्टर रैंक के सीआरपीएफ अधिकारी ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि घुसपैठ रोधी ग्रिड में एलओसी पर तैनात सैनिकों ने आतंकवादियों की हरकतों को भांप लिया और उन्हें घुसपैठ रोधी बाधा प्रणाली (एआईओएस) को तोड़ने से पहले ही बेअसर कर दिया। इस बीच, शांति का माहौल बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मतदाताओं में विश्वास पैदा करने के लिए केंद्र ने पहले ही अर्धसैनिक बलों की अतिरिक्त कंपनियों को ग्राउंड जीरो पर तैनात कर दिया है।

हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों के दौरान केंद्र शासित प्रदेश में पांच संसदीय क्षेत्रों में 58 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। चुनाव आयोग विधानसभा चुनावों के दौरान मतदान प्रतिशत में और सुधार करने का प्रयास कर रहा है। जम्मू क्षेत्र में, सुरक्षा बलों ने राजौरी के बुधल पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत खेरी मोहरा लाठी और दंथल क्षेत्रों में पाकिस्तानी आतंकवादियों के एक समूह के साथ आधी रात को इलाके में होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की घेराबंदी करने के लिए अतिरिक्त सैनिकों को भेजे जाने के बाद कुछ देर की गोलीबारी की। इस दौरान आतंकवादी खराब मौसम का फायदा उठाकर क्षेत्र से भाग गए होंगे। स्थानीय निवासियों ने दावा किया कि आधी रात के (शेष पृष्ठ 9)

बहराइच में पकड़ा गया आदमखोर भेड़िया गोरखपुर चिड़ियाघर भेजा जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ बहराइच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पल-पल की मॉनीटरिंग और वन विभाग के अधिकारियों की मुस्तैदी से आदमखोर भेड़िया आखिरकार गुरुवार सुबह पकड़ ही लिया गया। आदमखोर भेड़िया के आतंक से लगभग 35 से अधिक गांवों के ग्रामीण आतंकित थे। वन विभाग के इस प्रयास से बहराइच के स्थानीय लोगों ने चैन की सांस ली है। वन विभाग ने बहराइच से अब तक चार भेड़ियों को पकड़ लिया है। इस खूंखार भेड़िए को गोरखपुर चिड़ियाघर भेजा जाएगा। सीएम योगी ने वन विभाग के अधिकारियों की प्रशंसा की। बहराइच के लगभग 35 से अधिक गांवों में आतंक का पर्याय बन चुका आदमखोर भेड़िए से गुरुवार की सुबह मुक्ति मिल गई। वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के अथक प्रयास से काफी मशक्कत के बाद इसे पकड़ लिया गया। आदमखोर भेड़िए के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की आंखों में सुकून नजर आया। सभी ने वन विभाग के इस प्रयास की सराहना की।

वन विभाग ने तीन भेड़ियों को पहले ही पकड़ लिया था। सबसे खूंखार भेड़िया गुरुवार की सुबह पकड़ा गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) संजय श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार रात 11 बजे थर्मल ड्रोन से इसे ट्रेस किया गया। सुबह पांच बजे के आसपास फिर ड्रोन के जरिए इस पर नजर रखी गई। भेड़िया के पैर के निशान दिख गए, फिर वन विभाग के स्थानीय अधिकारियों की टीम ने तत्काल मुस्तैदी दिखाते हुए सुबह करीब पौने 11 बजे इसे सिसैया गांव के कछार से काफी मशक्कत कर पकड़ लिया। दो अन्य भेड़ियों की तलाश जारी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) संजय श्रीवास्तव ने बताया कि इस भेड़िया को गोरखपुर के चिड़ियाघर भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि ड्रोन से मैपिंग की गई। बुधवार दिन भर इस पर काम किया गया। इसे निरंतर ट्रैक करने के दौरान गुरुवार सुबह पैर के निशान से इसकी लोकेशन चिह्नित कर ली गई। फिजिको केमिकल इमोबलाइजेशन का सहारा लिया गया। फिर जाल डालकर इसे पकड़ लिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन व पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) संजय श्रीवास्तव आदि बुधवार को बहराइच पहुंचे थे। पीड़ितों के बीच गांवों में पहुंचकर उन्हें जागरूक करने के बाद वन मंत्री ने विश्वास दिलाया था कि भेड़िए को पकड़ने के लिए विभाग की टीम पूरी तरह से मुस्तैद है। मुख्यमंत्री स्वयं इस पर नजर रखे हैं। वन मंत्री के पहुंचने के 24 घंटे के भीतर ही इस आदमखोर भेड़िए को पकड़ लिया गया। (शेष पृष्ठ 9)

मूसलाधार बारिश से गुजरात में आई बाढ़

एजेंसी। अहमदाबाद

गुजरात में बृहस्पतिवार को बारिश कम हुई, जिससे स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ लेकिन वडोदरा और राज्य के कुछ अन्य हिस्सों में अब भी नदियां उफान पर होने से वहां बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। राज्य प्रशासन राहत एवं बचाव अभियान में जुटा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार दूसरे दिन राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से बात की और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री से बाढ़ के बाद बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए उचित कदम उठाने को भी कहा। अधिकारियों ने बताया कि गुजरात में पिछले तीन दिनों में, बुधवार तक, बारिश से संबंधित घटनाओं में 26 लोगों की मौत हो गई है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) की अद्यतन जानकारी में बताया गया कि गुजरात के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से 18,000 से अधिक लोगों को स्थानांतरित किया गया है तथा लगभग 1,200 लोगों को बचाया गया है। सुरक्षाबलों ने कुछ लोगों को हेलीकॉप्टर के जरिए सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। हाल ही में हुई भारी बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित शहर बडोदरा में स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ क्योंकि विश्वामित्री नदी का जलस्तर सुबह 37 फुट से घटकर 32 फुट रह गया है। हालांकि, शहर के कई निचले इलाके अभी भी जलमग्न हैं। भारी बारिश और अजवा बांध से पानी छोड़े जाने के कारण मंगलवार को सुबह विश्वामित्री नदी का जलस्तर 25 फुट के खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया था। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, गुजरात में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लगातार दूसरे दिन मुझे फोन किया और स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने विश्वामित्री नदी में आई बाढ़ पर चिंता जताई और वडोदरा के लोगों के लिए राहत और बचाव के उपायों के बारे में भी जाना। पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री ने राज्य के सभी जिलों में राहत कार्यों के बारे में जानकारी ली और राज्य को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बाढ़ के बाद बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए सफाई के उचित उपाय किए जाएं।

केरल से तमिलनाडु पहुंचा मी टू विवाद

कुमार चेल्लप्पन। कोच्चि

मलयालम फिल्म उद्योग में जारी 'मी टू' विवाद की आंच तमिलनाडु तक पहुंचने लगी है। प्रशंसकों के बीच विशाल के नाम से मशहूर विशाल रेड्डी ने बृहस्पतिवार को कहा कि आने वाले दिनों में खुलासे होने शुरू हो जाएंगे। चेन्नई में मीडियाकर्मियों से विशाल ने कहा, यह केवल मलयालम फिल्मों तक ही सीमित घटना नहीं है। हमारे पास कई कब्र में गड़े मुर्दे हैं जो जल्द ही बाहर आएंगे। विशाल तमिल फिल्म प्रोड्यूसर्स काउंसिल के अध्यक्ष हैं।

इस बीच, अनुभवी मलयालम अभिनेता सिद्दीकी को कुछ अभिनेत्रियों द्वारा उनके द्वारा उत्पीड़न के आरोपों के बाद एसोसिएशन ऑफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स के महासचिव के पद से इस्तीफा देना पड़ा है। सिद्दीकी को बृहस्पतिवार को उस समय झटका लगा जब एक युवा अभिनेत्री ने उनके खिलाफ तिरुवनंतपुरम पुलिस में बलात्कार और शारीरिक उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई। अभिनेत्री ने अपनी शिकायत में कहा, यह घटना 2016 में एक मलयालम फिल्म के प्रीव्यू शो के बाद हुई थी। शो खत्म होने के बाद सिद्दीकी ने मुझे केरल राज्य पर्यटन विकास निगम के मैस्कॉट होटल में अपने साथ चलने के लिए कहा, जहां उसने मेरा यौन शोषण किया और मेरे साथ मारपीट की। पुलिस ने होटल का निरीक्षण किया और कथित तौर पर पाया कि अभिनेत्री और सिद्दीकी उस दिन होटल में रुके थे, जिस दिन उन्होंने शिकायत में उल्लेख किया था। अगर सही साबित हुआ, तो सिद्दीकी को सात साल की कैद हो सकती है।

अभिनेता और सीपीआई (एम) विधायक मुकेश को एर्नाकुलम जिला और सत्र न्यायाधीश से राहत मिली, जिसके तहत अदालत ने पुलिस को 3 सितंबर तक अभिनेता को गिरफ्तार नहीं करने को कहा है। मुकेश ने बृहस्पतिवार सुबह अदालत का दरवाजा खटखटाया और कहा कि उस पर लगाए गए आरोप निराधार हैं और गलत इरादों से लगाए गए हैं। लेकिन सीपीआई (एम) के केरल नेतृत्व ने घोषणा की कि मुकेश को विधायक के रूप में इस्तीफा देने की कोई जरूरत नहीं है।

केरल में सीपीआई (एम) के शीर्ष नेताओं में से एक और लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट के संयोजक ईपी जयराजन ने पूछा, यह एक मात्र आरोप है और आरोप की प्रामाणिकता साबित करना पुलिस और अदालत का काम है। कांग्रेस पार्टी के नेता के खिलाफ पहले भी बलात्कार और हमले के कई गंभीर आरोप लगे हैं और उनमें से किसी ने भी इस्तीफा नहीं दिया है। आप मुकेश को ही क्यों निशाना बना रहे हैं।

मलयालम फिल्म उद्योग में रुचि रखने वाले सीपीआई (एम) के विचारक एमए बेबी भी बृहस्पतिवार को मुकेश और अन्य मामलों में शामिल कलाकारों के समर्थन में सामने आए। मार्क्सवादी नेतृत्व ने बताया कि कांग्रेस विधायक एल्डोसे कुन्नापिल्लि ने राजधानी में एक स्कूल शिक्षिका के साथ बलात्कार किया था और गिरफ्तारी से बचने के लिए हफ्तों तक भूमिगत रहा था। सीपीआई (एम) के एक नेता ने कहा, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व उसके खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय, उसे गिरफ्तारी और कानूनी कार्यवाही से बचाता हुआ दिखाई दिया। (शेष पृष्ठ 9)

कोलकाता मामला : माता-पिता ने पुलिस जांच पर उठाए सवाल

सौगर सेनगुप्ता। कोलकाता

आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की पीड़ित महिला डॉक्टर के माता-पिता ने कोलकाता पुलिस के उस दावे को खारिज कर दिया है, जिसमें सेमिनार हॉल के जिस हिस्से में पीड़िता डॉक्टर का शव कथित तौर पर अर्धनग्न अवस्था में मिला था, उसे घेर लिया गया था और बाहरी लोगों को घटनास्थल के पास जाने की अनुमति नहीं थी। ज्ञात रहे कि महिला डॉक्टर के साथ कथित तौर पर 9 अगस्त की सुबह बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई थी।

8 अगस्त की रात कथित तौर पर बलात्कार और हत्या की शिकार हुई पीड़ित डॉक्टर के माता-पिता ने कहा, सबसे पहले हम कोलकाता पुलिस के इस दावे को नकारते हैं कि घटनास्थल को सुरक्षित तरीके से घेर लिया गया था, क्योंकि जब हम वहां पहुंचे तो हमने पाया कि वहां घेराबंदी की गई थी। उन्होंने आगे कहा, हमें अपनी बेटी का शव देखने से पहले तीन घंटे से अधिक समय तक इंतजार करवाया गया, बल्कि जब हम वहां पहुंचे तो हमें आसपास के कर्मचारियों ने बताया कि अस्पताल के अधिकारी उस क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे हैं, इसलिए हमें पहले अंदर नहीं जाने दिया जा सकता। पीड़िता की मां ने कहा, उन्होंने उस माता-पिता को तीन घंटे तक इंतजार करवाया, जिसकी इकलौती बच्ची मर चुकी थी। लेकिन उन्होंने सभी तरह के बाहरी लोगों को उस क्षेत्र में घुसने दिया, जिससे सबूत नष्ट हो गए। अब हमें आश्चर्य है कि सीबीआई को मौके से क्या मिलेगा। माता-पिता ने पीड़िता के शरीर को ढकने के लिए इस्तेमाल की गई चादर का भी जिक्र किया और शिकायत की कि चादर को तीन बार बदला गया। पीड़ित डॉक्टर की मां ने कहा, मेरी बेटी के पास लाल चादर थी, जिसे तीन बार बदलकर नीला और फिर हरा कर दिया गया।

कोलकाता में बृहस्पतिवार को रेजीडेंट डॉक्टर से बलात्कार और हत्या के विरोध में आयोजित रैली में भाग लेती महिलाएं। पीटीआई

अडाणी ने अमीरी की दौड़ में अंबानी को पीछे छोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

11.6 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ अरबपति गौतम अडानी सबसे अमीर भारतीय बन गए हैं। बृहस्पतिवार को जारी हुरुन इंडिया रिच लिस्ट के अनुसार, उन्होंने वर्ष 2024 में मुकेश अंबानी को पीछेछोड़ कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। इसके अलावा, पिछले साल की तुलना में इस साल हर पांच दिन में एक नया अरबपति जुड़ रहा है। दिलचस्प बात यह है कि साल 2024 उन लोगों के लिए सबसे अच्छा रहा जिनकी राशि कर्क है, उसके बाद मिथुन और सिंह हैं। भारत में अरबपतियों की संख्या इस साल 334 तक पहुंच गई है, जो 2023 की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है।

कर्क राशि वालों की कुल संपत्ति में 84 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई। मिथुन राशि वालों की संपत्ति में 77 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई। तीसरे स्थान पर सिंह राशि है, जिसकी कुल संपत्ति में 68 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इसी तरह, धनु राशि वालों की संपत्ति में 64 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि तुला राशि वालों की संपत्ति में 61 प्रतिशत, मकर राशि वालों की कुल संपत्ति में 58 प्रतिशत, मीन राशि वालों की संपत्ति में 46 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कुंभ और कन्या राशि वाले आठवें स्थान पर हैं, दोनों की संपत्ति में 39 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मेष, वृश्चिक और वृषभ राशि वाले अंतिम स्थान पर हैं, जिनकी संपत्ति में क्रमशः 34 प्रतिशत, 33 प्रतिशत और 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कुल मिलाकर, संपत्ति वृद्धि के मामले में कर्क राशि सबसे आगे है, (शेष पृष्ठ 9)

तेलंगाना के मुख्यमंत्री को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामले में बीआरएस नेता के कविता की जमानत को लेकर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बयान पर उच्चतम न्यायाल ने गहरी नाराजगी जताई है। रेड्डी ने कविता की जमानत के लिए भाजपा और बीआरएस के बीच कथित सौदेबाजी की ओर इशारा किया था। उनके इस बयान पर नाराजगी जताते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसे बयानों से लोगों के मन में आशंकाएं पैदा हो सकती हैं। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने रेड्डी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा, क्या आपने अखबार में पढ़ा कि उन्होंने क्या कहा। बस इतना पढ़िए कि उन्होंने क्या कहा। एक जिम्मेदार मुख्यमंत्री का यह कैसा बयान है। इससे लोगों के मन में आशंकाएं पैदा हो सकती हैं। क्या एक मुख्यमंत्री को ऐसा बयान देना चाहिए। संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति इस तरह से बोल रहे हैं। पीठ ने कहा, राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में उन्हें (शेष पृष्ठ 9)

जरासंध स्मारक : बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सपना सच होने के करीब

अर्चना ज्योति। नई दिल्ली

महाभारत के प्रमुख पात्र और प्राचीन मगध के राजा जरासंध की याद में हरे-भरे राजगीर वन्यजीव अभयारण्य में एक भव्य स्मारक बनाने की बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है। ज्ञात रहे कि जरासंध की राजधानी गिरिव्रज (आधुनिक राजगीर) थी। इस परियोजना को हाल ही में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में केंद्रीय वन्यजीव पैनल ने मंजूरी दी है, जो अब साकार होने के करीब पहुंच गई है।

नालंदा जिले के संरक्षित क्षेत्र में स्थित इस परियोजना में जरासंध की 18 फुट ऊंची प्रतिमा की स्थापना, उनके जीवन और उपलब्धियों को दर्शाने वाले विभिन्न भित्ति चित्र, इसके साथ ही महान स्वतंत्रता सेनानी और समाजवादी लोकनायक जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि देना शामिल है, जिन्हें जेपी के नाम से भी जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, परियोजना में पूर्वनिर्मित सामग्रियों का उपयोग करके एक आर्ट गैलरी का निर्माण और मौजूदा पार्क सुविधाओं का नवीनीकरण भी शामिल है।

यह परियोजना अभयारण्य के भीतर स्थित जय प्रकाश उद्यान पार्क का हिस्सा है और अधिकारियों को उम्मीद है कि यह पर्यटन को बढ़ावा देगा क्योंकि यह राज्य की राजधानी पटना से लगभग 100 किमी दूर है और बिहार की समृद्ध ऐतिहासिक और पौराणिक विरासत को सामने लाने के साथ सांस्कृतिक रुचि को बढ़ाएगा। वर्तमान में मंजूरी के अभाव में, कई स्थापित संरचनाएं जीर्ण-शीर्ण स्थिति में हैं। चूंकि यह परियोजना राजगीर वन्यजीव अभयारण्य के भीतर आती है, इसलिए वन्यजीव मंजूरी के लिए व्यापक विचार की आवश्यकता थी। राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति, जो संरक्षित अभयारण्यों और रिजर्वों में परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था ने अब प्रस्ताव का समर्थन किया है। यह अनुमोदन दर्शाता है कि परियोजना ने आवश्यक पर्यावरणीय और नियामक मानदंडों को पूरा किया है, जैसा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के एक अधिकारी ने पुष्टि की है।

अधिकारियों ने कहा, राज्य सरकार ने राजगीर वन्यजीव अभयारण्य के भीतर लगभग 1.8436 हेक्टेयर वन भूमि को प्रतिमा और ऐतिहासिक भित्ति चित्रों की स्थापना के लिए, साथ ही शौचालय, कैफेटेरिया और पूर्वनिर्मित संरचनाओं से बनी एक आर्ट गैलरी जैसी आवश्यक सुविधाओं के निर्माण के लिए परिवर्तन करने का अनुरोध किया था। इस प्रस्ताव को पहले ही राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन, राज्य वन्यजीव बोर्ड और राज्य सरकार से सिफारिशें मिल चुकी हैं। एनबीडब्ल्यूएल की बैठक के अनुसार, मुख्य वन्यजीव वार्डन ने उल्लेख किया कि अभयारण्य को आधिकारिक तौर पर 1978 में अधिसूचित किया गया था, उससे पहले पार्क का विकास शुरू हुआ और 1979 में इसे जनता के लिए खोल दिया गया। नालंदा वन प्रभाग के प्रभागीय वन अधिकारी द्वारा परियोजना की देखरेख किए जाने के बारे में बिहार सरकार के अधिकारियों के हवाले से कहा गया, जारी जीर्णोद्धार और बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान सार्वजनिक उपयोग के लिए पार्क को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है।

विचार-विमर्श के बाद, स्थायी समिति ने इस प्रस्ताव की संस्तुति की, जिसमें यह शर्त रखी गई कि क्षेत्र की वनस्पति और जीव-जंतुओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। राजगीर वन्यजीव अभयारण्य जंगली सूअर, चीतल, जंगली मुर्गी, शाही, खरगोश, लंगूर, बंदर और सियार सहित विभिन्न वन्यजीव प्रजातियों का घर है। केंद्रीय वन्यजीव पैनल ने इस बात पर जोर दिया कि भूमि की कानूनी स्थिति अभयारण्य के हिस्से के रूप में बनी रहेगी और इसे पूरी तरह से इको-टूरिज्म उद्देश्यों के लिए समर्पित किया जाएगा। परियोजना प्रस्तावक ने आश्वासन दिया है कि कोई भी पेड़ नहीं काटा जाएगा क्योंकि यह क्षेत्र इको-सेंसिटिव ज़ोन (ईएसजेड) के अंतर्गत आता है, जिसके लिए अंतिम अधिसूचना 2017 में जारी की गई थी। 1979 में स्थापित यह पार्क अपने उद्घाटन के बाद से निरंतर उपयोग में रहा है। हालाँकि, इसकी कई संरचनाएं अब जीर्ण-शीर्ण हो चुकी हैं। नियोजित प्रस्ताव में शौचालय, बैठने की बेंच, प्लेटफ़ॉर्म, पीने के पानी की सुविधा, भूनिर्माण और जल निकासी व्यवस्था जैसी आवश्यक सुविधाओं की स्थापना शामिल है। पार्क की और गिरावट को रोकने के लिए ये सुधार महत्वपूर्ण हैं। (शेष पृष्ठ 9)

समाजवादी पार्टी की टोपी लाल, कारनामे काले: मुख्यमंत्री

सीएम योगी ने कानपुर में लगभग साढ़े सात सौ करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

● एक हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र और 5027 लाभार्थियों को 191 करोड़ का दिया ऋण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ कानपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कारनामों से हर कोई परिचित है। पन्नों को उलटेंगे तो काले कारनामों से इनका इतिहास भरा है। समाजवादी पार्टी की टोपी लाल लेकिन कारनामे काले हैं। यह लोग इतिहास की पुनरावृत्ति कर रहे हैं। गुंडागर्दी, अराजकता, बेटी-व्यापारी की सुरक्षा पर खतरा पैदा करना इनकी पहचान थी। इनका दिखाने वाला और असली चेहरा अलग है। इनकी वजह से सीसामऊ की जनता को उपचुनाव का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज, लाल इमली, चुन्नीगंज में कानपुर वासियों से संवाद कर रहे थे। इसके पहले सीएम ने साढ़े सात सौ करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने एक हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, 5027 लाभार्थियों को 191 करोड़ का ऋण और 8087 युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किया। सीएम ने लोकसभा चुनाव में कानपुर से रमेश अवस्थी व अकबरपुर से देवेंद्र सिंह 'भोले' की जीत के लिए आभार जताया।

योगी ने कहा कि सपा वाले गरीबों की संपत्ति पर कब्जा व दंगे भड़काते हैं। यहां उस दिन दंगे भड़काने की साजिश हो रही थी, जब इसी माटी के सपूत राष्ट्रपति कानपुर आए थे, तब सीसामऊ का सपा विधायक सीसामऊ व कानपुर को दंगे की आग में झोंकने की साजिश कर रहा था। अब वह अपने कृत्यों की सजा भुगत रहा है। जनता-जनार्दन ने जनादेश पांच वर्ष के लिए दिया, लेकिन अब उपचुनाव झेलना पड़ रहा है। जब भी मौका मिलता है तो सपा अराजकता की मंशा को जाया नहीं होने देती। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में सपा नेता निषाद बेटी की इज्जत से खिलवाड़ करता है, लेकिन सपा मुखिया बेशर्म के खिलाफ कार्रवाई की बजाय बेशर्मी से उसका समर्थन कर रहे थे। लखनऊ में एक बेटी पिता के साथ बाइक से जा रही थी, लेकिन बरसात में पानी भरने पर सपा के गुंडे बेटी को गिराने का कार्य करते थे। तब इनके एक नेता ने सदन में कहा था कि सद्भावना ट्रेन चलनी चाहिए, तब मैंने कहा कि माफिया-गुंडों के लिए सद्भावना नहीं, बुलेट ट्रेन चलेगी।

सीएम ने कहा कि सपा का तीसरा मॉडल कन्नौज में दिखा। नवाब ब्रांड ही इनकी असली पहचान है। यह अनैतिक तरीके से अर्जित की गई संपत्ति के माध्यम से बेटियों के इज्जत के साथ खिलवाड़ करते हैं। यह आरोपी भी सपा से जुड़ा है। इनके पन्नों को उलटेंगे तो काले कारनामों से इनका इतिहास भरा है। समाजवादी पार्टी की टोपी लाल, लेकिन कारनामे काले हैं। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार सुरक्षा, सुशासन व विकास का मॉडल दिया है। आपका वर्तमान उज्ज्वल और भविष्य की नई आकांक्षा के साथ आगे बढ़े। इस विश्वास के साथ डबल इंजन सरकार प्रदेश में कार्य कर रही है। 2017 के पहले के उत्तर प्रदेश पहचान के लिए मोहताज था। अराजकता-गुंडागर्दी यूपी की पहचान बन चुकी है। त्योहारों के पहले दंगे होते थे। बेटी-व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। प्रदेश में कोई आना नहीं चाहता था, नौजवान यूपी के बाहर जाता था, उसके सामने पहचान का संकट था। पीएम मोदी के आह्वान पर जनता ने 2017 में प्रदेश में भाजपा को जनादेश दिया। साढ़े सात वर्ष में प्रदेश ने लंबी दूरी तय की। विकास, सुशासन, कानून व्यवस्था का मॉडल अब उत्तर प्रदेश तय करता है। सीएम ने कहा कि लाल इमली कानपुर की पहचान बन चुकी थी, लेकिन यह बंद हो गई है।

मेगा ई-ऑक्शन के जरिए बड़े स्तर पर इंडस्ट्रियल व कॉमर्शियल प्लॉट्स का होगा आवंटन

● उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने शुरू की आवेदन की प्रक्रिया

● 13 सितंबर को मेगा ई-ऑक्शन के जरिए पूरी की जाएगी प्लॉट्स की नीलामी, 4 सितंबर निर्धारित की गई है आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने और प्रदेश में औद्योगिक व व्यवसायिक गतिविधियों को गति देने के लिए योगी सरकार सितंबर महीने में मेगा ई-ऑक्शन का आयोजन करने जा रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने 15 जिलों में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन व 8 जिलों में व्यवसायिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस क्रम में, 4 सितंबर को आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। जबकि मेगा ई-ऑक्शन को 13 सितंबर को ऑनलाइन लिंक के जरिए पूरा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रक्रिया के अंतर्गत जिन 8 जिलों में कॉमर्शियल प्लॉट्स की आवंटन प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा उसमें अमेठी, बरेली, बाराबंकी, जालौन, मुरादाबाद, मथुरा, व प्रयागराज प्रमुख हैं। वहीं, मेगा ई-ऑक्शन के जरिए अमेठी, अमरोहा, बांदा, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, कानपुर देहात, मथुरा, मैनपुरी, मुजफ्फरनगर, संभल, शाहजहांपुर, उन्नाव, सहारनपुर व वाराणसी प्रमुख हैं। इस प्रक्रिया में दोनों ही केटेगरीज के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के प्लॉट्स नीलामी के लिए उपलब्ध हैं। कुल मिलाकर, इस मेगा ई-ऑक्शन के जरिए 107 औद्योगिक व व्यवसायिक भूखंडों के आवंटन का मार्ग सुनिश्चित हो सकेगा।

यूपीसीडा द्वारा आयोजित कराए जा रहे मेगा ई-ऑक्शन के जरिए जिन 107 औद्योगिक व व्यवसायिक भूखंडों के आवंटन का मार्ग सुनिश्चित हो रहा है उनमें सबसे छोटा प्लॉट मथुरा के कोसी कोटवन आईआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित है। यह 145 स्क्वेयर मीटर प्रसार क्षेत्र वाला प्लॉट होगा जिसकी रिजर्व प्राइस 5.11 लाख रुपए निर्धारित की गई है। वहीं, ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव में 19,769.48 स्क्वेयर मीटर के प्रसार क्षेत्र वाले प्लॉट की रिजर्व प्राइस 44.91 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। इस मेगा ई-ऑक्शन के जरिए सामान्य इंडस्ट्रियल प्लॉट्स, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, दुकानें, प्रिमाइसेस यूज, बैंक्वेट हॉल व होटल जैसी सुविधाओं का विकास हो सकेगा।

यूपीसीडा द्वारा प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की विकास प्रक्रियाओं को पूर्ण किया जा रहा है। इस क्रम में, मथुरा के कोसी कोटवन, कोसी कलां, फिरोजाबाद, भोगांव, मैनपुरी, आगरा के सिकंदरा, लखनऊ के कुर्सी रोड, चिनहट व हरदोई के संडिला समेत विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी इंस्टॉलेशन व एनुअल मेंटिनेंस की प्रक्रिया पर कार्य जारी है। इसी प्रकार, उन्नाव के ट्रांस गंगा सिटी में रोड, ड्रेन, कल्वर्ट व साइकिल ट्रैक के निर्माण की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है। अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन 3.0 के अंतर्गत भी यूपीसीडा द्वारा विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसमें 33/11 केवी पावर फीडर की लाइन व 33/11 (1 गुणे 10 एमवीए) के सब स्टेशन की गाजियाबाद के टीडीएस सिटी स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में स्थापना की प्रक्रिया को भी गति दी जा रही है।

बंगाल में राष्ट्रपति शासन ही विकल्प इस्तीफा दें ममता बनर्जी: डॉ. श्वेता सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी की उपाध्यक्ष (अवध) डॉ. श्वेता सिंह ने पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ लगातार हो रही हिंसा के लिए राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि आप बंगाल की स्थिति की कल्पना इसी बात से कर सकते हैं कि राष्ट्रपति को खुद इस मामले पर संज्ञान लेना पड़ा। श्वेता सिंह ने कहा कि आप सोच सकते हैं कि जब राज्य की मुखिया खुद एक महिला हो, इसके बावजूद वह महिलाओं का दर्द नहीं समझ रही हैं। डॉ. श्वेता सिंह ने कहा कि ममता बनर्जी को अब अपने पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है। बंगाल में अब राष्ट्रपति शासन ही एकमात्र विकल्प बचा है। भाजपा नेत्री ने टीएमसी और खासकर ममता बनर्जी पर महिलाओं के खिलाफ हुए अत्याचार पर घृणित राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ममता मुख्यमंत्री होने के साथ-साथ उनके पास गृह, स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विभाग हैं। इसके बावजूद वह कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर की हत्या पर निचले स्तर की राजनीति कर रही हैं। उन्होंने इस मामले पर पर्दा डालने के लिए ट्रेनी डॉक्टर के परिवार को महज 10 लाख के मुआवजे की पेशकश की थी। यह ममता बनर्जी की घटिया सोच को दर्शाता है।

1 से 7 सितंबर तक अभियान चलाकर निराश्रित गोवंश के संरक्षण का कार्य किया जाए

● अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी और मंडलीय अपर निदेशक की जिम्मेदारी और जवाबदेही होगी तय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि आगामी 1 सितंबर से 7 सितंबर तक सघन अभियान चलाकर प्रथम चरण में प्रदेश के 20 जनपदों में निराश्रित गोवंश का संरक्षण कार्य कर जनपदों को छुट्टा गोवंश मुक्त घोषित किया जाए। अभियान की लक्ष्य पूर्ति के लिए जनपद के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी और मंडलीय अपर निदेशक की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की जाए और कार्य में शिथिलता या लापरवाही बरतने पर तत्काल सख्त कार्यवाही की जायेगी।

सिंह ने कहा कि नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत 18 जनपदों में निर्धारित 621 समितियों के संचालन का कार्य 15 सितंबर तक पूर्ण कर लिया जाए और मिशन का लाभ प्रदेश के सभी जनपदों में पहुंचाने के लिए आवश्यक कार्ययोजना शीघ्र तैयार की जाए। धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन एवम दुग्ध विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। सिंह ने बैठक में पीसीडीएफ के डेयरी प्लांट्स के प्रभावी क्षमता उपयोगिता,पीसीडीएफ के पुनरोद्धार,पूर्वांचल क्षेत्र में डेयरी विकास को बढ़ावा देने तथा दुग्ध संघों/डेयरी प्लांट्स के संचालन एवम प्रबंधन हेतु तकनीकी जनशक्ति के अभाव के दृष्टिगत पीसीडीएफ की व्यवसायिक गतिविधियों में सहायता और मार्गदर्शन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश दुग्ध उत्पादन में प्रथम स्थान पर है और हमें अपने उपलब्ध संसाधनों के माध्यम स दुग्ध उत्पादन को और आगे ले जाना है। सिंह ने कहा कि समितियों के गठन, सुदृढ़ीकरण एवं संचालन पर विशेष ध्यान दिया जाए। जितनी अधिक संख्या में समितियों का गठन किया जायेगा उतना ही किसानों और पशुपालकों को लाभ होगा और दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि होगी। प्रदेश को 1 ट्रिलियन डालर की इकोनामी बनाने में दुग्ध विकास विभाग को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का भली भांति निर्वहन करना है और इसके लिए आवश्यक पीसीडीएफ द्वारा दुग्ध उपार्जन एवं दुग्ध उत्पादों की सभी संभावनाओं पर गंभीरता से कार्य किया जाए और एनडीडीबी से सहयोग स्थापित कर आवश्यक कार्य किया जाए।

सिंह ने कहा कि गौशालाओं में गोवंश के भरण पोषण की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाए। हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। अधिकारी निराश्रित गोवंश हेतु गोआश्रय स्थलों में पर्याप्त चारा, भूसा, पानी, प्रकाश, औषधि आदि आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। जिन जनपदों ने निर्धारित अवधि में हरा चारा बुवाई के लक्ष्य प्राप्त नहीं किया है, उससे शासन को अवगत कराया जाए। निराश्रित गोवंश का संरक्षण एवं संवर्द्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इन कार्यों में लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

रायबरेली में अर्जुन पासी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग

● कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अपर मुख्य सचिव गृह से मिलकर सौंपा सीएम योगी को लिखा राहुल गांधी का पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कांग्रेस ने रायबरेली के अंतर्गत ग्राम पिछवरीया, थाना नसीराबाद के निवासी अर्जुन पासी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी विशाल सिंह को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को अपर मुख्य सचिव गृह से मिलकर उन्हें इस संबंध में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पत्र सौंपा।

उल्लेखनीय है कि बीती 11 अगस्त को गोली मारकर अर्जन पासी की हत्या कर दी गई थी। उक्त घटना का संज्ञान लेते हुए राहुल गांधी ने मृतक अर्जुन पासी के घर पहुंचकर उनके परिजनों से मिले थे तथा उन्हें सांत्वना दी थी। इस दौरान मृतक अर्जुन पासी के परिजनों तथा ग्रामवासियों ने बताया कि घटना में सात नामजद अभियुक्तों में से 6 की गिरफ्तारी हो चुकी है, परन्तु घटना के मुख्य अभियुक्त विशाल सिंह को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। पीड़ित परिजनों से मिलकर घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने के उपरान्त नेता प्रतिपक्ष ने जनपद रायबरेली के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से मिलकर घटना के सबंध में बातचीत की और उन्हें मामले में त्वरित कार्यवाही करने हेतु आग्रह किया था।

परन्तु घटना के दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी घटना के मुख्य अभियुक्त विशाल सिंह की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिससे पीड़ित परिवार एवं स्थानीय दलित समाज डर और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं, साथ ही एक अत्यंत गरीब, शोषित, दलित परिवार को न्याय से वंचित रखा जा रहा है। पीड़ित दलित परिवार को न्याय दिलाने के लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मुख्य अभियुक्त विशाल सिंह को तत्काल गिरफ्तार कराने की मांग की है। राहुल गांधी के पत्र को लेकर कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल लखनऊ में अपर मुख्य सचिव गृह से मिला और उन्हें पत्र सौंपा तथा उक्त संदर्भ में कृत कार्रवाई से राहुल गांधी को अवगत कराने का निवेदन भी किया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में प्रमुख रूप से राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी, सांसद केएल शर्मा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना' तथा पूर्व सांसद पीएल पुनिया शामिल रहे।

प्रधानमंत्री जनधन खाता खोलने में यूपी नंबर वन, सर्वाधिक रूपे कार्ड भी किए जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● देश में प्रधानमंत्री जनधन खाताधारकों की सर्वाधिक 18 प्रतिशत संख्या उत्तर प्रदेश में

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री जनधन खाता योजना ने बुधवार को दस वर्ष पूर्ण कर लिए। पूरे देश में इन दस वर्षों में अब तक 53 करोड़ से ज्यादा प्रधानमंत्री जनधन खाते खुलवाए गए हैं। वहीं उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री जनधन खाते खोलने वाले राज्यों में शीर्ष पर है। प्रदेश में 9.46 करोड़ से ज्यादा पीएम जनधन अकाउंट खोले गए हैं, जो देश भर में खोले गए कुल अकाउंट का 18 फीसदी है। सबसे सुखद बात यह है कि इसमें भी लगभग 5 करोड़ पीएम जनधन खाताधारक महिलाएं हैं। वहीं, पीएम जनधन अकाउंट के माध्यम से रूपे कार्ड वितरित करने में भी उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार केंद्र की योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर रही है, जिसके चलते विभिन्न योजनाओं को लागू करने में यूपी नंबर वन पर है। प्रधानमंत्री जनधन खाता योजना इसी की बानगी है।

उत्तर प्रदेश में विगत दस वर्षों में गरीबों के जनधन खाते खोलने को प्राथमिकता दी गई है, जिसका परिणाम है कि 21 अगस्त तक प्रदेश में कुल 9,46,62,464 लाभार्थियों के जनधन खाते खोले जा चुके हैं। खाता खुलवाने वालों में सर्वाधिक संख्या ग्रामीण और सेमी अर्बन क्षेत्रों की है, जहां 6,81,66,123 लोगों का खाता खोला गया है। इसी तरह शहरी और मेट्रो बैंक ब्रांच के माध्यम से 2,64,96,341 खाते खोलने में सफलता मिली है। प्रदेश में सभी खोले गए जनधन खातों में 21 अगस्त तक कुल मिलाकर 48,525.75 करोड़ रुपए की धनराशि जमा है जो कुल धनराशि का 21 प्रतिशत से ज्यादा है।

अन्य राज्यों की बात करें तो यूपी के बाद बिहार का नंबर आता है, जहां 6,06,80,517 खाते खोले गए हैं। वहीं इसके बाद पश्चिम बंगाल (5,18,88,115), मध्य प्रदेश (4,38,81,099), राजस्थान (3,57,41,553), महाराष्ट्र (3,54,81,136) और ओडिशा (2,19,54,863) जैसे राज्यों का नंबर आता है। ताजा आंकड़ों के अनुसार यूपी में रूपे कार्डधारकों की संख्या 6 करोड़ 24 लाख 23 हजार 540 है, जो देश में सर्वाधिक है। बीते वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश में 65 लाख के करीब नए प्रधानमंत्री जनधन अकाउंट खोले गए हैं। इनमें से 91 प्रतिशत से अधिक जनधन खातों के आधार सीडिंग का भी कार्य पूरा हो चुका है।

दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण के लिए अब मिलेंगे 15 हजार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● योगी सरकार ने नियमावली में किया संशोधन, अनुदान राशि में की 5 हजार की बढ़ोत्तरी

योगी सरकार ने दिव्यांगजनों को सशक्त करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के लिए वित्तीय अनुदान की राशि को 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 15 हजार रुपए कर दिया है। अनुदान राशि में इस वृद्धि से अब प्रदेश के दिव्यांगजनों को महंगे कृत्रिम अंग और सहायक उपकरणों का वितरण भी किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण के लिए वित्तीय अनुदान स्वीकृत करने की नियमावली के तहत अब तक 10 हजार रुपए के अनुदान की व्यवस्था थी। योगी सरकार ने इस नियमावली में संशोधन कर इसे 15 हजार रुपए करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि प्रदेश में दिव्यांगजनों के हितों को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार सभी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के लिए अनुदान प्रदान करने की नियमावली में संशोधन किया गया है। संशोधन के तहत दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण इत्यादि के वितरण के लिए वित्तीय अनुदान की अधिकतम धनराशि प्रति लाभार्थी वर्तमान सीमा 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपए कर दी गई है। इससे दिव्यांगजनों को महंगे उपकरण वितरण में अतिरिक्त लाभ मिलेगा। नियमावली के तहत यदि किसी दिव्यांगजन को अधिकतम अनुदान की सीमा 15 हजार से अधिक धनराशि के उपकरणों की आवश्यकता है तो इस स्थिति में विभाग द्वारा लाभार्थी को अधिकतम अनुमन्य 15 हजार की धनराशि प्रदान की जाएगी, जबकि अतिरिक्त धनराशि का वहन स्वयं संबंधित दिव्यांगजन के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के दिव्यांगजनों के हितों को ध्यान में रखते हुए कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन को उपलब्ध कराई जाने वाली अनुदान की अधिकतम सीमा 15 हजार रुपए के अंतर्गत उसे आवश्यक एक से अधिक उपकरण भी प्रदान किए जाने की अनुमन्यता की आवश्यकता है, जिससे कि दिव्यांगजन को आवश्यक सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग एक साथ उपलब्ध कराया जा सके।

अयोध्या में जल्द ही राम की पैड़ी पर बनेगी मुंबई के जुहू जैसी 'चौपाटी'

पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए रामनगरी में की जा रही है नई व्यवस्था

● उत्तर प्रदेश आवास विभाग ने अयोध्या विकास प्राधिकरण के प्रस्ताव को मंजूरी देने के साथ ही परियोजना के लिए बजट किया पास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

राम नगरी में रामलला की स्थापना के बाद से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास के विजन को मानों पंख लग गये हैं। अयोध्या में अवस्थापना, पर्यटन समेत विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का विकास किया जा रहा है और सभी निर्माण कार्यों की गति में तेजी लायी जा रही है। इसी क्रम में, अब जल्द ही मुंबई के जुहू चौपाटी की तर्ज पर चौपाटी तैयार की कार्ययोजना पर भी कार्य हो रहा है। यह चौपाटी सरयू नदी के किनारे राम की पैड़ी पर बनने जा रही है। उत्तर प्रदेश आवास विभाग ने अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) के प्रस्ताव को मंजूरी देने के साथ ही अब 4.65 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। अयोध्या विकास प्राधिकरण सरयू नदी के किनार राम की पैड़ी के एक सेक्शन को शानदार चौपाटी में परिवर्तित करता चाहता हैं जहां देश व दुनिया से आने वाले सैलानियों के साथ स्थानीय लोग भी स्वच्छता के साथ निर्मित विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद उठा सकेंगे।

आवास विभाग ने एडीए की इस परियोजना के लिए 04.65 करोड़ रुपए की धनराशि को मंजूरी दे दी है। उल्लेखनीय है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ गयी है। वर्तमान समय में हर दिन लाखों लोग अयोध्या पहुंच रहे हैं। ऐसे में, योगी सरकार ने कम खर्च में श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधाओं का लाभ देने की कोशिश कर रही है। इसी क्रम में को चौपाटी के तर्ज पर फूडिंग एरिया को विकसित करने की योजना बनायी गयी है। यहां छोटी-छोटी स्थायी व अस्थायी दुकानें बनायी जाएंगी। इन दुकानों पर अयोध्या के लोकल व्यंजनों के साथ-साथ अन्य विविध प्रकार के व्यंजन भी मिलेंगे। चौपाटी के लिए चिह्नित क्षेत्र का सौन्दर्यीकरण तो किया ही जाएगा, साथ ही स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं का भी खास ख्याल रखा जाएगा, ताकि इधर-उधर गंदगी न फैल सकें। यहां 84 दुकानें व रेस्टोरेंट बनाए जाएंगे। इसके अलावा यहां पार्किंग की भी सुविधा दी जाएगी। एडीए के सचिव सत्येंद्र सिंह ने बताया की चौपाटी के निर्माण व विकास का कार्य अब तक 45 प्रतिशत पूरा हो गया है। दीपोत्सव से पहले राम की पैड़ी पर भव्य चौपाटी का पर्यटक आनंद ले सकेंगे। राम की पैड़ी पर कुछ जगहें ऐसी भी होंगी जहां सिर्फ चबूतरे बनाए जाएंगे ताकि लोग यहां बैठकर शांति से कुछ वक्त सरयू तट पर बीता सकें। कुछ जगहों पर आधुनिक डिजाइन वाले ठेलों का संचालन भी किया जाएगा। यहां गंदगी को फैलने से रोकने के लिए जगह-जगह डस्टबिन रखवाया जाएगा। साथ ही, पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखकर विभिन्न प्रकार के निर्माण व विकास कार्यों को भी पूर्ण कराया जाएगा।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरा HDFC बैंक का FDR NO-KP/2953252 दि० 21.01.19 जिसका A/CN.-0267010048097 है। रास्ते मे खो गई है, जिसका प्रयोग अवैध है। शिव मोहन लाल गुप्ता 67/116 कैनाल रोड दौलतगंज कानपुर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम अमीरुल हक सिद्दीकी था जो अब बदल कर अमीरुल हक कर लिया है अब मुझे अमीरुल हक के नाम से जाना व पहचाना जाए। अमीरूल हक पुत्र स्वर्गीय अनवारूल हक निवासी 639/346 वसीयाबाद नुरुल्लाह रोड प्रयागराज

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मकान संख्या – MM 4/100 ,विनय खंड गोमती नगर का कब्जा पत्र वास्तव में खो गया है जिसका उपयोग अवैध माना जाएगा आबिदा हक पत्नी जियाउल हक 529डी/822 सुभाष नगर कल्याणपुर विकास नगर लखनऊ–226022

सूचना

सूच्य हो कि मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम SURESH CHANDRA व पिता का नाम BHAGRAM दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड पर मेरा नाम SURESH CHANDRA ARYA व पिता का नाम BHAGWAT RAM दर्ज है जो कि सही है।अतः अब से मेरे समस्त अभिलेखों में मेरा सही नाम SURESH CHANDRA ARYA व पिता का नाम BHAGWAT RAM ही पढ़ा व समझा जाए। सुरेश चंद्र आर्य पुत्र भगवत राम निवासी–319A, कृपा भवन,विजय लक्ष्मी नगर,निकट पंजाबी धर्मशाला–सीतापुर (यू.पी.)

दि स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
(CIN: L74899DL1956GOI002674)
जवाहर व्यापार भवन, टॉलस्टॉय मार्ग, नई दिल्ली–110001

बीमा ब्रोकरों के पैनल हेतु रुचि प्रकटन (ईओआई)

दि एसटीसी ऑफ इंडिया लिमिटेड अखिल भारतीय आधार पर बीमा ब्रोकरों के पैनल हेतु इच्छुक कंपनी/एजेंसी/फर्म/एकल मालिक से ईओआई आमंत्रित करती है। विस्तृत जानकारी के लिए एसटीसी की वेबसाइट www.stclimited.co.in (http://www.stclimited.co.in/ advertisement-notification) देखें।

सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सरकार प्रतिबद्ध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग द्वारा गुरुवार को प्रथम स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रोगी देखभाल को बेहतर बनाने में विभाग द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विभाग द्वारा दी जाने वाली उन्नत इमेजिंग तकनीकों और उपचारों से बड़ी संख्या में रोगियों को अत्यधिक लाभ हुआ है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में भी आश्वस्त किया। कुलपति प्रो सोनिया नित्यानंद ने खुशी जाहिर की कि विभाग द्वारा एक वर्ष में 2000 से अधिक पेट स्कैन किए जा चुके हैं। उन्होंने विभाग के विकास के प्रति अटूट समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। कुलपति ने निकट भविष्य के लिए विभाग की महत्वाकांक्षी योजनाओं का भी खुलासा किया। जल्द ही न्यूक्लियर मेडिसिन की ओपीडी शुरू होगी। विभाग में संकाय सदस्यों की नियुक्ति के बाद एमडी पाठ्यक्रम आरंभ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त भविष्य में एक रेडियोन्यूक्लाइड थेरेपी वार्ड स्थापित किया जाएगा, जो विभिन्न कैंसर और थायरॉयड विकारों के लिए लक्षित उपचार विकल्प प्रदान करेगा। डॉ. प्रकाश सिंह ने इस अवसर पर विभाग की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को साझा किया। उन्होंने कहा कि हम विभाग के भीतर एक बायोप्सी सुविधा शुरू करने पर काम कर रहे हैं, जो हमारी नैदानिक क्षमताओं को और बढ़ाएगा। न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग केजीएमयू में चिकित्सा निदान के क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम के शुभारंभ न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग की प्रमुख डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार की सहायता से, हमारे विभाग ने बहुत कम समय में उल्लेखनीय प्रगति की है। चिकित्सा अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए हम अपना प्रयास करना जारी रखेंगे। स्थापना दिवस समारोह ने न केवल विभाग की उपलब्धियों बताई अपितु उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ाने के लिए सरकार और चिकित्सा संस्थानों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम का समापन डा नवीन सिंह के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। समारोह में उत्कृष्ट सेवा के लिए डा प्रकाश सिंह, अपर्णा अवस्थी एवं वीरेश दुबे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डा अरुण चतुर्वेदी, डा के के सिंह, डा अनित परिहार, डा अनूप वर्मा, डा आनंद मिश्रा, डा भास्कर एवं विभिन्न संकाय सदस्यों द्वारा भाग लिया गया।

प्रदेश में दो सितम्बर से खोजे जायेंगे कुष्ठ रोगी

● 15.56 करोड़ की जनसंख्या को आच्छादित किये जाने का लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लखनऊ सहित प्रदेश के 47 जनपदों के 550 विकास खंडों (ब्लाक) में दो से 15 सितम्बर तक 14 दिवसीय कुष्ठ रोगी खोजी अभियान(एलसीडीसी) चलेगा। इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सम्बन्धित अधिकारियों को पत्र लिखकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। डॉ. जया देहलवी, राज्य कुष्ठ अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ट्रेस, टेस्टिंग और ट्रीटमेंट की प्रक्रिया अपनाते हुए रोगी की शीघ्र पहचान, जांच और इलाज किया जाता है। 14 दिनों तक चलने वाले कुष्ठ रोगी खोजी अभियान में 47 जनपदों की 15.56 करोड़ जनसंख्या को आच्छादित करने का लक्ष्य है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर लक्षणों के आधार पर कुष्ठ रोगियों की पहचान करेंगे। यह अभियान सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलेगा। इस अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए 1,55, 575 टीम और 31, 112 सुपरवाईजर बनाये गए हैं। एक टीम में दो लोग हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता और पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा शहरी क्षेत्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता होंगे। टीम द्वारा घर-घर जाकर लोगों की लक्षण के आधार पर स्क्रीनिंग की जाएगी और चिन्हित संभावित कुष्ठ रोगियों को संदर्भन पर्ची के साथ नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर भेज दिया जायेगा। राज्य कुष्ठ अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 13,461 कुष्ठ रोगी हैं जिनका इलाज चल रहा है। कुष्ठ रोगियों का सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर मल्टी ड्रग ट्रीटमेंट (एमडीटी) के माध्यम से निशुल्क इलाज किया जाता है। इस रोग से पीड़ित व्यक्ति की करेक्टिव सर्जरी निःशुल्क की जाती है और मरीज को श्रम ह्रास के बदले में 12,000 रुपए दिए जाते हैं। मालूम हो कि केंद्र सरकार ने साल 2027 तक कुष्ठ उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। कुष्ठ उन्मूलन अर्थात कुष्ठ रोग की व्यापकता दर राज्य, जनपद एवं विकासखंड स्तर पर एक रोगी प्रति 10,000 की जनसंख्या से कम लाने, कुष्ठ रोग से होने वाली विकलांगता (ग्रेड-2) का स्तर प्रति एक लाख जनसँख्या में एक रोगी से भी कम प्राप्त किये जाने एवं कुष्ठ रोग से प्रभावित कोई भी बच्चा दिव्यांगता से प्रभावित न होने पाए, के राष्ट्रीय संकल्प के अंतर्गत राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम संचालित है।

संक्रामक बीमारी है कुष्ठ

कुष्ठ एक संक्रामक रोग है। यह 'माइकोबैक्टीरियम लेप्रे' नामक जीवाणु के कारण होता है, जो एक एसिड-फास्ट रॉड के आकार का बेसिलस है। यह त्वचा के अल्सर, तंत्रिका क्षति और मांसपेशियों को कमजोर करता है। कुष्ठ रोग में त्वचा पर ताम्बई रंग के धब्बे दिखाई देते हैं। यह धब्बे संवेदना रहित होते हैं और रोग की शुरुआत बहुत धीमी गति व शांति से होती है। यह तंत्रिकाओं, त्वचा और आंखों को प्रभावित करता है। कुष्ठ अत्यधिक घातक रोग है, क्योंकि इस रोग में स्थाई शारीरिक दिव्यांगता हो सकती है।

इन जनपदों में चलेगा अभियान

आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, बहराइच, बलिया, बाराबंकी, बरेली, बिजनौर, बुलंदशहर, देवरिया एटा, इटावा, अयोध्या, फर्रूखाबाद,फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, गोरखपुर, गाजीपुर, हापुड़, गोंडा, चित्रकूट, हाथरस, जालौन, झाँसी, कन्नौज, कानपुर नगर, ललितपुर,लखनऊ, महाराजगंज, मैनपुरी, मऊ, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रायबरेली, रामपुर, सहारनपुर, श्रावस्ती, शाहजहाँपुर, संत रविदास नगर, सुल्तानपुर, कासगंज, मथुरा, संभल वाराणसी एवं अमेठी।

मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत कल लखनऊ में होगा रोजगार मेले का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में 31 अगस्त 2024 को एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में 24 कंपनियां भाग लेंगी, जिनमें कुल 3445 पदों पर भर्ती की जाएगी। राज कुमार यादव, प्रधानाचार्य, ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य आईटीआई पास बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। एम.ए. खां, ट्रेनिंग काउंसिलिंग और प्लेसमेंट ऑफिसर, ने बताया कि इस मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, या स्नातक होनी चाहिए। अभ्यर्थियों की आयुसीमा 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को कंपनियों द्वारा 10,714 से 23,000 रुपये प्रतिमाह वेतन और अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी। इस मेले में महिला और पुरुष दोनों अभ्यर्थी हिस्सा ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 31 अगस्त 2024 को सुबह 10 बजे अपने बायोडाटा और सभी शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के साथ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ के प्लेसमेंट हॉल में उपस्थित हो सकते हैं। इस रोजगार मेले के माध्यम से, योगी सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, और इस दिशा में यह मेला एक महत्वपूर्ण कदम है।

डेंगू-मलेरिया की रोक थाम के लिए चला बड़े स्तर पर अभियान, फॉगिंग, एंटीलार्वा का हुआ छिड़काव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

जानकीपुरम के तीनों वार्ड और भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड में डेंगू.मलेरिया और संचारी रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा चार वार्डों में सफाई, फॉगिंग और एंटीलार्वा का छिड़काव कराया गया। अभियान के दौरान नगर आयुक्त व नगर स्वास्थय अधिकारी सहित पार्षदों की मौजूदगी रही। नाले नालियों सहित घरों में छिड़काव बड़े स्तर पर छिड़काव कर मच्छरों से बचाव के उपाय किए गए। नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान बीट बना कर नियमित साफसफाई इत्यादि कार्यों को किये जाने के निर्देश जारी किए गए।

नगर आयुक्त के आदेशानुसार नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर पीके श्रीवास्तव के नेतृत्व में एवं पार्षदग की उपस्थिति में नगर के अंतर्गत संचारी रोगों जैसे डेंगू व मलेरिया इत्यादि से बचाव एवं इनकी व्यापक रोकथाम के उद्देश्य से लगातार सघन अभियान और जागरूकता कार्यक्रमों को अमल में लाया जा रहा है। गुरवार को नगर आयुक्त ने सभी अधिकारियों एवं पार्षदों के साथ नगर के चार प्रमुख वार्डों. जनकीपुराम प्रथम वार्ड, जनकीपुराम द्वितीय वार्ड, जनकीपुराम तृतीय वार्ड, भारतेंदु हरीश चंद्र वार्ड का निरीक्षण कर बड़े स्तर पर अभियान चलाकर सघन गतिविधियों की। सुबह 6 बजे समस्त चारों वार्ड में अभियान चलाते हुए संचारी रोगों से बचाव के लिए टीमों को बनाकर क्षेत्रान्तर्गत मौजूद समस्त बड़े व छोटे नाले नालियों में, यहां मौजूद घरों में एन्टी.लार्वा का छिड़काव कराते हुए फ ॉगिंग कराई। इसके अतिरिक्त बड़े नाले नालियों की सफ ाई भी कराई। साथ ही नगर आयुक्त ने समस्त कर्मचारियों को प्रतिदिन नियमित रूप से टीमें बनाकर साफ सफाई इत्यादि कार्यों को किये जाने के लिए निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त स्थानीय लोगों को डेंगू व मलेरिया जैसे घातक संचारी रोगों की जानकारी देते हुए इनसे बचाव के तौर तरीकों इत्यादि के विषय मे जागरूक भी किया। लोगों को क्या करें और क्या न करें इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिससे कि इन घातक रोगों की रोकथाम में प्रत्येक नागरिक अपना अहम योगदान प्रदान कर स्वयं को सुरक्षित कर अपने परिजनों को व अपने आस पास के लोगों को सुरक्षा प्रदान कर सके और नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे अभियानों को सफ्ल बना सके।

अभियान में वार्ड के क्षेत्रीय पार्षद निशा तिवारी जनकीपुराम प्रथम वार्ड, पार्षद राज कुमार मौर्या जनकीपुराम द्वीतीय वार्ड, पार्षद दीपक लोधी जनकीपुराम तृतीय वार्ड, पार्षद मानसिंह यादव, भारतेंदु हरीश चंद्र वार्ड, जोनल अधिकारी जोन 3 अलंकार अग्निहोत्री व जेडएसओ सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे।

एकेटीयू में अभ्यर्थियों की फिजिकल रिपोर्टिंग शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए गुरूवार से आवंटित सीटों पर अभ्यर्थियों की फिजिकल रिपोर्टिंग शुरू हो गयी। यह रिपोर्टिंग चार सितंबर तक चलेगी। पहले दिन बीटेक के लिए करीब 7 हजार अभ्यर्थियों ने विभिन्न संस्थानों में रिपोर्टिंग की। वहीं एमबीए एवं एमसीए के लिए 13 सौ से ज्यादा ने रिपोर्टिंग किया। रिपोर्टिंग करने वाले अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच के बाद फीस जमा करायी जा रही है। साथ ही हॉस्टल भी आवंटित किया जा रहा है।

खेल भावना राष्ट्र को एक सूत्र में बांधती है: प्रो आलोक कुमार राय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय स्तरीय संगोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया । खेल एवं राष्ट्र निर्माण विषय पर आयोजित इस परिचर्चा में खेल से जुड़े विभिन्न सामाजिक, संस्कृतिक एवं व्यावहारिक पक्षों पर चर्चा की गई।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने अपने संदेश में कहा कि खेल और राष्ट्र निर्माण के बीच एक गहरा संबंध है। खेल न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि वे जीवन से जुड़े अन्य व्यावहारिक पक्षों को मजबूत करते हैं। खेल भावना समुदायों और राष्ट्रों को एक सूत्र ने बांधने और एक पहचान बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विभिन्न स्तर पर आयोजित होने वाले खेलों में हमारा सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व एक संस्कृतिक और राष्ट्रीय सोच एवं एकाग्रता को भी बढ़ावा देता है।संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रति कुलपति प्रो मनुका खन्ना ने किया और उन्होंने खेल और विद्यार्थी जीवन पर व्यापक प्रकाश डाला। डीन स्टूडेंट वेलफेयर ऑफिस द्वारा यह संगोष्ठी डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो वी के शर्मा के निर्देशन में हुई । उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय में क्रीड़ा एवं स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा किया और प्रतिभागियों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य में सतत सामंजस्य स्थापित करने की बात किया। संगोष्ठी के संयोजन इंटरनेशनल सेल के निदेशक प्रो आर पी सिंह ने किया।

खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

लखनऊ। खेल दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद एवं हॉस्टल टीम के संयुक्त तत्वावधान में कैलाश छात्रावास में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो आलोक कुमार राय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों शिक्षकों एवं हॉस्टल अंत:वासियों को कुलपति ने खेल की शपथ दिलाई। इसी के साथ सम्मानित अतिथियों द्वारा विश्विद्यालय खेल कैलेंडर का लोकार्पण किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में सर्वप्रथम विभिन्न छात्रावासों के मध्य रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चंद्रशेखर आज़ाद हॉस्टल की लड़कियों को प्रथम तथा कैलाश छात्रावास को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। बैडमिंटन सिंगल में कैलाश छात्रावास की छात्रा कृष्णा तथा द्वितीय स्थान पर चन्द्रशेखर छात्रावास की श्रेया और तृतीय स्थान पर बीरबल साहनी की अश्विनी और कैलाश की रक्षिता रहीं। विजयी छात्राओं को माननीय कुलपति द्वारा मेडल एवं प्रमाणपत्र वितरित किए गये। इसके पश्चात विभिन्न छात्रावास की अंत:वासियों के मध्य अनेक खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

हाथ में घुसी सरिया को लोहिया के डाक्टरों ने निकाला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान विगत कई वर्षों से ट्रामा (चोट) की चिकित्सा क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभा रहा है। जिसकी एक मिसाल संस्थान के सर्जरी विभाग ने एक जटिल सर्जरी करके क़ायम कर दी है। सर्जरी के बाद मरीज स्वस्थ है।

12 वर्षीय मरीज़ विकास निवासी आम्रपाली चौराहा लखनऊ पतंग लूटने के प्रयास में लोहे के गेट से बैलेंस बिगड़ने के नाते गिर गया। जिससे गेट में लगा तेज धारदार नुकीला सरिया टूटकर उसके दाहिने हाथ में घुस गया और हथेली से आर पार हो गया। उक्त मरीज़ तत्काल डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की इमरजेंसी में आया जहाँ प्रोफसर विकास सिंह एवं डॉ रुद्रमणि की टीम द्वारा मरीज़ को तत्काल भर्ती करके ऑपरेशन की तैयारी की गई। जाँच में यह पाया गया कि मरीज़ को लगी चोट काफ़ी गंभीर थी। जिससे की मरीज़ के हाथ को संभावित रूप से गंभीर नुक़सान पहुँच सकते थे । निश्चेतना विभाग के प्रोफसर अनुराग अग्रवाल के कुशल नेतृत्व वाली टीम ने मरीज़ को बेहोशी दी तथा प्रोफेसर विकास सिंह के नेतृत्व में डॉक्टर हरेंद्र पंकज और डॉक्टर पायल चौधरी ने 2.5 घंटे के अथक प्रयास के बाद मरीज़ के हाथ का सफल ऑपरेशन कर हाथ में फँसे हुए सरिया को न केवल सफलतापूर्वक निकाला बल्कि मरीज़ के हाथ को क्षतिग्रस्त होने से भी बचाया। ऑपरेशन के पश्चात मरीज़ की स्थिति स्थिर बतायी गई है। यहाँ यह भी बताना आवश्यक है कि प्रोफसर विकास सिंह एवं डॉ रुद्रमणि राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले एडवांस ट्रामा एंड लाइफ़ सपोर्ट कोर्स के प्रमुख चिकित्सा शिक्षकों में से हैं जिन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में चोट से होने वाली क्षति और उनके निदान हेतु अंतरराष्ट्रीय एटीएलएस कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षण व्याख्यान दिए हैं।

ईको गार्डेन में सीएचओ ने डाला डेरा, अनिश्चितकालीन धरना शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम को प्रभावी न बनाने सहित कई मांगो को लेकर प्रदेश भर के सीएचओ की तरफ से एक दिन पूर्व लखनऊ में किये गये प्रदर्शन के बाद गुरुवार से सभी सीएचओ ने मांगे न माने जाने तक ईको गार्डेन में डेरा डाल दिया है। धरने पर बैठे कर्मियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जायेंगी, तब तक उनका अनिश्चितकालीन धरना चालू रहेगा।

एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष हिमालय कुमार ने मांगो को लेकर बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य संविदा कार्मिकों को रिजवी कमिटी के द्वारा दिए गए सुझाव के अनुसार समान काम समान वेतन दिया जाता है। इसके अनुसार सीएचओ को 4800 ग्रेड पे के अनुसार वेतन निर्धारण तथा मंहगाई भत्ता भी दिया जाए। इसके अनुरूप अन्य राज्यों में एनएचएम का वेतन निर्धारण किया जा चुका है जैसे मध्यप्रदेश, हरियाणा, बिहार, मेघालय,मणिपुर। नियमित कैडर निर्माण, 6 वर्ष पर नियमितीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करना, जिस प्रकार महाराष्ट्र , राजस्थान, में सीएचओ नियमितीकरण का लाभ वर्ष 2024 में दिया दिया। सभी सीएचओ को स्वेच्छिक स्थानांतरण का लाभ दिया जाए जिससे सीएचओ भी अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए, स्वस्थ मन से अपने कार्यस्थल पर कार्य कर सके। योगेश उपाध्याय प्रदेश महामंत्री संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश संबद्ध भारतीय मजदूर संघ द्वारा धरना स्थल पर संबोधित करते हुए कहा गया कि यदि शासन प्रशासन मांगो पर ध्यान नहीं देती है तो पूरा सीएचओ आंदोलन करने पर विवश होगा। संघ के प्रदेश महामंत्री जनक सिंह, नित्यम विश्वकर्मा, नागेश शर्मा, संदीप चौधरी, बंटी चौहान, सौरभ कौशिक, रामबाबू वर्मा, फार्मासिस्ट के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण यादव, संदीप तिवारी सदस्य संयुक्त एनएचएम संघ संबोधित किए।

दिव्यांग व्यक्तियों से विवाह अनुदान के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के आवेदन-पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

दिव्यांगजनों से विवाह करने वालों को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। 21 वर्ष से कम और 45 वर्ष से अधिक न हो। दोनो में कोई आयकर दाता न हो, ऐसे दिव्यांग दम्पति आवेदन कर सकते हैं। विभागीय पोर्टल पद पर ऑनलाईन कराते हुए हार्डकापी एक सप्ताह के अन्दर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी लखनऊ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। गुरुवार को जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी लखनऊ रजनीश किरन ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उप्र द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों से विवाह करने पर दिये जाने वाले अनुदान के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार योजना संचालित की जा रही है जिसके अर्न्तगत युवक के दिव्यांग होने पर रुपए 15000 एवं युवती के दिव्यांग होने पर रुपए. 20000 एवं पति.पत्नी दोनों के दिव्याांग होने पर रुपए 35000 की धनराशि दिये जाने का प्राविधान है। इस योजनान्तर्गत विवाह के समय युवती की आयु 18 वर्ष से कम और 45 वर्ष से अधिक न हो एवं युवक की आयु 21 वर्ष से कम और 45 वर्ष से अधिक न हो, दोनो में कोई आयकर दाता न हो ऐसे दिव्यांग दम्पति आवेदन कर सकते हैं। ऐसे दिव्यांगजन जिनका विवाह चालू वित्तीय वर्ष एवं विगत वित्तीय वर्ष में सम्पादित हुआ है, वे शासन द्वारा संचालित जन सहज केन्द्र लोकवाणी केन्द्रों के माध्यम से विभागीय पोर्टल पद पर ऑनलाईन कराते हुए हार्डकापी एक सप्ताह के अन्दर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी लखनऊ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। पात्रता दम्पति का संयुक्त फोटो, दम्पत्ति का आय प्रमाण-पत्र, आयकर दाता न हो, दम्पत्ति का मूल निवास प्रमाण पत्र, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता, दम्पत्ति का संयुक्त खाता (राष्ट्रीकृत बैंक) प्रमाण पत्र 40 प्रतिशत या उससे अधिक, विवाह गतवर्ष या वित्तीय वर्ष में हुआ हो।

आंख में किसी भी सफेद दाग को नज़रअंदाज न करें, मोतियाबिंद की संभावना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

हर साल 25 अगस्त से 8 सितंबर तक मनाये जाने वाले राष्ट्रीय नेत्रदान सप्ताह मनाया जाता है। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के नेत्र विज्ञान विभाग ने 29 अगस्त, 2024 को बच्चे की आंखों के रहस्यों को समझना शीर्षक से सीएमई का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. सी.एम. सिंह मुख्य अतिथि थे।

डॉ. सी.एम. सिंह ने सर्वप्रथम विभाग को सीएमई आयोजित करने और विभाग द्वारा हाल ही में की गई रेटीनो ब्लास्टोमा की इंट्रा अर्टिरियल कीमोथेरेपी करने हेतु भी बधाई दी। पूरे उत्तर प्रदेश में सर्वप्रथम रेटीनो ब्लास्टोमा की इंट्रा अर्टिरियल कीमोथेरेपी करने वाला लोहिया संस्थान पहला सरकारी सेंटर है। उन्होंने कहा कि वह नेत्र विभाग की तकनीकी सुविधा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि अधिक से अधिक विशेषकर वंचित बच्चों को नवीनतम तकनीकों का लाभ मिल सके। उन्होने बाल चिकित्सा नेत्र देखभाल स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। इसके अलावा डॉ. प्रद्युम्न सिंह डीन, डॉ. आरएमएलआईएमएस और डॉ. विक्रम सिंह, एमएस, डॉ. आरएमएलआईएमएस आयोजन टीम को प्रोत्साहित करने के लिए उपस्थित थे। आयोजन टीम में चेयरपर्सन डॉ. प्रियंका राय, प्रोफेसर और प्रमुख, सर्जरी विभाग, के साथ नेत्र विज्ञान विभाग संकाय से सह-अध्यक्ष डॉ. शिखा अग्रवाल, एसोसिएट प्रोफेसर, आयोजन सचिव डॉ. प्रीति गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, सह-आयोजन सचिव डॉ. प्रोलिमा ठाकर असिस्टेंट प्रोफेसर शामिल थे। डॉ. शिखा अग्रवाल ने बच्चों में मायोपिया को नियंत्रित करने के लिए कुछ अन्य तरीकों के साथ-साथ दिन के समय अधिक बाहरी समय और मोबाइल/कंप्यूटर के उपयोग को कम करने पर जोर दिया। डॉ. प्रीति गुप्ता ने जन्मजात ग्लूकोमा वाले बच्चों में शीघ्र पता लगाने के तरीके और सर्जरी की आवश्यकता बताई। डॉ. प्रोलिमा ठककर ने भेंगेपन वाले बच्चों के निदान और उपचार की पद्धति के बारे में बात की। सीनियर रेजिडेंट डॉ. हिमाली अग्रवाल ने कहा कि आंख में किसी भी सफेद दाग को नज़रअंदाज़ न करे क्योंकि यदि समय पर इलाज न किया जाए तो बच्चों में मोतियाबिंद स्थायी दृष्टि हानि का कारण बन सकता है। यह बाल आयु वर्ग में अंधेपन का सबसे आम कारण है। डॉ. हिमाली ने बाल मोतियाबिंद के लिए उपलब्ध विभिन्न उपचार विकल्पों और इसकी बारीकियों पर चर्चा की। डॉ. शेतांशु, प्रोफेसर, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आरएमएलआईएमएस प्रीमैच्योरिटी की रेटिनोपैथी की रोकथाम पर जोर दिया। उन्होंने इस बारे में बात की कि प्रीमैच्योरिटी की रेटिनोपैथी के विकास को कैसे रोका जाए, जो संभावित रूप से अंधा कर देने वाली स्थिति है। हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, सीतापुर के डॉ. सी.एम. कोहली ने रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमैच्योरिटी के बारे में विस्तार से चर्चा की और बताया कि यदि समय पर उपचार शुरू किया जाए तो नेत्र रोग विशेषज्ञ इस बीमारी को कैसे ठीक कर सकते हैं। रेटिनोब्लास्टोमा बच्चों में होने वाला सबसे आम नेत्र कैंसर है। इस कैंसर के प्रबंधन में नवीनतम प्रगति के साथ हम न केवल आंख बल्कि बच्चे का जीवन भी बचा सकते हैं। मेडिकल ऑन्कोलॉजी के सहायक प्रोफेसर डॉ सक्षम सिंह ने रेटिनोब्लास्टोमा के प्रबंधन के बारे में विस्तार से बात की। केजीएमयू से नेत्र विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. अरुण शर्मा कॉर्निया प्रत्यारोपण के विभिन्न तकनीकों पर प्रकाश डाला। एरा मेडिकल कॉलेज से नेत्र विज्ञान की प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मी सिंह ने कॉर्नियल ब्लाइंडनेस की व्यापकता और नेत्र बैंकिंग की जरूरत के बारे में बताया।

एलयू में कर्मचारियों ने मनाया डिमांड डे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद की तरफ से गुरुवार को डिमांड डे दिवस मनाया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को ज्ञापन कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के माध्यम से प्रेषित किया।

कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश कुमार यादव, महामंत्री संजय शुक्ला, उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, संगठन मंत्री शिवानंद द्विवेदी, मंत्री बाबू लाल बाबू, दिनेश बाल्मिकी, के पी सिंह सदस्य मुकेश धर दुबे, बच्चा सिंह, पवन कुमार, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने जुलूस निकाल कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना को सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन में शिक्षा बजट में सकल घरेलू उत्पाद का 6 फीसद आवंटित करने, सार्वजनिक वित्त पोषित विश्वविद्यालयों को पर्याप्त धन सुनिश्चित करने, अंशदायी पेंशन योजना और एकीकृत पेंशन योजना को समाप्त करने के साथ-साथ पुरानी पेंशन योजना लागू करने और समान वेतनमान और सेवा शर्तें प्रदान करने आदि शामिल है।

प्रत्येक विभाग अपनी कार्य प्रणाली में करें नवाचार का प्रयोग: सीएम योगी

● प्रत्येक विभाग अपने विभागों में करें जन सुनवाई, प्रतिमाह जनपद, ब्लॉक व तहसील स्तर पर कोर ग्रुप की हो बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/कानपुर

कानपुर में गुरुवार को विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के साथ-साथ रोजगार मेला के माध्यम से हजारों युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। नवीन सभागार, सरसैया घाट में संपन्न हुई इस बैठक में संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों की प्रगति से संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया गया।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर तत्काल समाधान कराने एवं शासन स्तर पर मंडलायुक्त व जिलाधिकारी के माध्यम से निवारण किया जाए। मुख्यमंत्री ने घनी आबादी वाले सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में विशेष तौर पर स्वच्छता का विशेष अभियान चलाने, स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था करने, फॉगिंग, सेनेटाइजेशन, शुद्ध पेयजल व सड़क मरम्मत का कार्य 15 दिन में हर हाल में पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि जनपद के प्रत्येक विभाग अपनी कार्य प्रणाली में नवाचार का प्रयोग करें। प्रत्येक विभाग अपने विभागों में जन सुनवाई करें व प्रतिमाह जनपद, ब्लॉक व तहसील स्तर पर कोर ग्रुप की बैठक करायी जाए। अधिकारीगण जनप्रतिनिधियों के फोन कॉल रिसीव करें व उनके द्वारा बताई गई जनसामान्य से जुडी समस्याओं का तत्काल निवारण कराएं। उन्होंने नगर में रोजगार, ऋण मेले नियमित कराने व रोजगार सृजन की नई सम्भावनाओं को भी तलाशने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि नगरीय क्षेत्र में निराश्रित गोवंशों को उचित स्थान पर रखा जाए। वह रास्तों पर भटकते हुए न दिखाई दें। साथ ही गंगा के तटवर्ती क्षेत्रों में सिटी फॉरेस्ट विकसित किया जाए। उन्होंने कानपुर विकास प्राधिकरण के द्वारा नगर में कन्वेंशन सेंटर की स्थापना करने के भी निर्देश दिए। साथ ही कहा कि नगर को आधारभूत सुविधाओं से परिपूर्ण किया जाए। इसमें लेट लतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नाबालिग ई रिक्शा चालकों को चिह्नित कर करें कार्रवाई

कानपुर नगर में विद्युत आपूर्ति को लेकर भी उन्होंने महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति की और बेहतर व्यवस्ता हो और विद्युत कनेक्शन की समस्या को शीघ्र से शीघ्र दूर किया जाए। नगर में कहीं भी अवैध वाहन स्टैंड नहीं होना चाहिए, मल्टीलेवल पार्किंग की समुचित व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए, जबकि ई-रिक्शों को अलग-अलग रंग प्रदान करते हुए इनके रूट निर्धारित किए जाएं। ई-रिक्शा चालकों का नियमित वेरिफिकेशन हो और नाबालिग ई-रिक्शा चालकों को चिन्हित कर उचित कार्रवाई करें।

सीएसआर फंड के माध्यम से शिक्षा कार्यों को दें गति

सीएम ने शिक्षा क्षेत्र में प्रदेश सरकार की योजनाओं को गति देने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में ऑपरेशन कायाकल्प को रफ्तार दे। इसके लिए आवश्यकतानुसार सीएसआर फंड के माध्यम से भी कार्य को भी गति प्रदान की जाए। वहीं, जिला विद्यालय निरीक्षक माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत सेकेंड्री व सीनियर सेकेंड्री शिक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करें। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि लाभार्थियों को मुफ्त राशन की पूर्ति समय पर सुनिश्चित की जाए। वहीं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आदेश दिया कि चिकित्सकों का समय से अस्पताल आना सुनिश्चित कराएं।

कर्महीन ज्ञान का कोई लाभ नहीं: राज्यपाल

● मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 9वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में गुरुवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 9वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह में राज्यपाल ने 36 शोध छात्र/छात्राओं को उपाधि, परास्नातक/स्नातक के 1426 छात्र-छात्राओं को उपाधि और मेधावियों को स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र अपने हाथों से प्रदान किया।

राज्यपाल ने उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आपने अपने चुने हुए विषय की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, परन्तु जीवन की परीक्षा अब आरंभ होगी। आपके जीवन में बहुत सी चुनौतियां आयेंगी, आपको उनका सामना करना है और उस पर विजय प्राप्त करनी है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य, उसकी सार्थकता इसमें है कि वह अपने समुदाय, समाज और राष्ट्र को हर प्रकार से और अच्छा बनाये। उन्होंने छात्रों को अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का सदुपयोग बेहतर प्रौद्योगिकी एवं प्रबंध तंत्र विकसित करने के लिए भी कहा। राज्यपाल ने कहा कि आज का समय प्रौद्योगिकी और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का है। जो राष्ट्र निरंतर नया शोध करेंगे तथा नयी टेक्नोलॉजी विकसित करेंगे, वहीं दुनिया का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने छात्रों को भविष्य के लिये प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ज्ञान सर्वोच्च शक्ति है, परंतु कर्महीन ज्ञान का कोई लाभ नहीं है। ज्ञान संचित करने का कोई लाभ नहीं है, यदि उससे कोई नवाचार न हो रहा हो एवं उससे समुदाय, राष्ट्र या मनुष्यता का कोई भला न हो रहा हो। ज्ञान की सार्थकता इसी में है कि वह आमजन के जीवन को और अच्छा करने में सहायक हो। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में संपन्न हो रहे शोध को आमजन तक पहुँचाने में ही शोध की सार्थकता है। दीक्षांत समारोह में आंगनबाड़ियों को सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु जिला प्रशासन कुशीनगर एवं इस विश्वविद्यालय के सहयोग से कुल 200 किटों का वितरण किया गया। समारोह के उपरान्त राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा ग्राम गौनर ब्लॉक सरदार नगर में स्थित शंकर प्रेरणा महिला लघु पुष्टाहार निर्माण इकाई का स्थलीय निरीक्षण किया। कार्यक्रम में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए 5 गांव के बेसिक शिक्षा परिषद के छात्र/छात्राओं को राजभवन की ओर से जीवन उपयोगी 100 पुस्तक, फल व किट वितरण, 20 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट सामग्री का वितरण किया।

बीज उत्पादन में यूपी बनेगा अग्रणी: कृषि मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार केवी राजू तथा प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र सिंह सहित कृषि विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा हैदराबाद में नेशनल सीड एसोसिएशन ऑफ इंडिया तथा सीड्समैन एसोसिएशन ऑफ आंध्र प्रदेश की लगभग 35 कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की।

बैठक में अध्यक्ष नेशनल सीड एसोसिएशन के प्रभाकर राव ने मंत्रीद्वय का स्वागत कर एसोसिएशन की ओर से विभिन्न बिंदुओं पर अपने प्रस्ताव एवं सुझाव रखे। मंत्री द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि प्रदेश में लखनऊ, गोरखपुर, बरेली, लखीमपुर एवं बांदा में सीड प्रोसेसिंग के पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री के विजन को आगे बढ़ाने के लिए साथ ही प्रधानमंत्री का देश को 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाने के लक्ष्य में कृषि क्षेत्र के लक्ष्य सीड रिप्लेसमेंट उपज बढ़ाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इसके लिए उच्च प्रजाति के हाइब्रिड बीज को विभिन्न फसलों जैसे धान मक्का, दलहन, तिलहन, श्रीअन्न आदि के प्रसंस्करण के क्षेत्र में काम करने के लिए उत्तर प्रदेश में उनका स्वागत किया।

पीड़िता की उम्र 16 वर्ष से कम तो अग्रिम जमानत नहीं

● दुष्कर्म के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ का अहम आदेश

विधि संवाददाता। लखनऊ

हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अपने एक अहम आदेश में कहा है कि दुष्कर्म के उन मामलों में जहां पीड़िता की उम्र 16 वर्ष से कम है, अभियुक्त की अग्रिम जमानत याचिका पोषणीय नहीं है। पीठ ने वर्ष 2018 में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 438 में जोड़ी गई नई उपधारा को उद्धत करते हुए यह आदेश दिया है।

जस्टिस करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने यह आदेश छोटी नाम की महिला अभियुक्ता की अग्रिम जमानत याचिका पर दिया है। अभियुक्ता पर 16 वर्ष से कम की पीड़िता के साथ हुए दुष्कर्म की साजिश में शामिल होने का आरोप है। इस मामले की रिपोर्ट गोण्डा के नवाबगंज थाने में दर्ज हुई थी।

एकल पीठ के समक्ष इस अग्रिम जमानत याचिका का राज्य सरकार के वकील ने विरोध किया। कहना था कि वर्ष 2018 में अग्रिम जमानत की धारा 438 में उप धारा 4 जोड़ते हुए आईपीसी की धारा 376 (3), 376 एबी, 376 डीए और 376 डीबी को अग्रिम जमानत के दायरे से बाहर कर दिया गया है। लिहाजा उक्त अपराध के मामलों में अग्रिम जमानत याचिका पोषणीय नहीं है। एकल पीठ ने इस तर्क को स्वीकार करते हुए माना कि उक्त आपराधिक मामलों में अग्रिम जमानत पर विचार नहीं किया जा सकता। उक्त सभी धाराएं 16 वर्ष व 12 वर्ष से कम की बच्चियों के साथ दुष्कर्म व सामुहिक दुष्कर्म के अपराध से संबंधित हैं।

हाईकोर्ट की इलाहाबाद खंडपीठ दे चुकी है इसके उलट निर्णय

13 मई 2024 को हाईकोर्ट की इलाहाबाद खंडपीठ के जस्टिस शेखर कुमार यादव की एकल पीठ ने इसी प्रश्न पर इसके उलट निर्णय दिया है। उन्होंने अपने निर्णय में कहा है कि उत्तर प्रदेश में उप धारा 4 में वर्णित आईपीसी की धाराओं में अग्रिम जमानत नहीं देने का प्राविधान नहीं है। निर्णय में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में अग्रिम जमानत की धारा 438 को वर्ष 2019 में लागू किया गया। जिसमें यूएपीए, एनडीपीएस, ऑफिसियल सिक्रेट एक्ट, गैंगस्टर व मृत्यु की सजा से दंडित अपराधों को अग्रिम जमानत के दायरे से बाहर रखा गया न की उप धारा 4 में वर्णित आईपीसी की धाराओं को। इस निर्णय के मुताबिक संविधान के अनुच्छेद 254 के प्राविधानों के तहत सेंट्रल एक्ट पर राज्य संशोधन प्रभावी होगा।

दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

विधि संवाददाता। लखनऊ

शादी के इरादे से अनुसूचित जाति की एक युवती को बहला फुसलाकर भगाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने आरोपी विकास वर्मा को दोषी करार दिया है। एससी/एसटी एक्ट की विशेष अदालत ने इसे 10 वर्ष की सजा सुनाई है। विशेष जज दिनेश कुमार मिश्रा ने आरोपी पर 17 हजार 500 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। दो सितंबर 2008 को इस मामले की रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने थाना नगराम में दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक आरोपी उनकी बेटी को शादी के इरादे से दिल्ली भगा ले गया था। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया।

निवेशकों से किया वादा निभाएगी सरकार, आज होगा 1300 करोड़ के इंसेंटिव का वितरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● 10,715 करोड़ रुपये के 28 निवेश-प्रस्तावों को लेटर ऑफ कम्फर्ट के प्रमाण-पत्र का भी होगा वितरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीति के अनुरूप उत्तर प्रदेश में निवेश करने वाली कंपनियों को वित्तीय प्रोत्साहन देने की घोषणा शुक्रवार को साकार रूप लेने जा रही है। लोकभवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2003, 2012, 2015 एवं 2017 व 2022 की विभिन्न औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजनाओं तथा नीतियों के अंतर्गत 32 निवेश इकाइयों को कुल लगभग 1300 करोड़ रुपए के प्रोत्साहन-लाभ वितरित किया जाएगा। साथ ही 10,715 करोड़ रुपये के कुल 28 निवेश-प्रस्तावों को लेटर ऑफ कम्फर्ट के प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। जिसमें से मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 4500 करोड़ से अधिक के निवेश वाले 10 निवेश-प्रस्तावों को व्यक्तिगत रूप से लेटर ऑफ कम्फर्ट के प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। बता दें कि योगी सरकार ने औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अनेक क्षेत्र-विशिष्ट नीतियां घोषित की हैं। ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। निवेश मित्र सिंगल विंडो पोर्टल, निवेश सारथी पोर्टल, उद्यमी मित्र जैसी सुविधाओं से प्रदेश में निवेश करने की प्रक्रिया का सरलीकरण हुआ है। राज्य सरकार के इन कदमों के फलस्वरूप प्रदेश में आयोजित की गई इसी कड़ी में शुक्रवार को यह इंसेंटिव और एलओसी वितरण का कार्यक्रम आयोजित हो रहा है।

कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मा. मंत्री, वित्त, सुरेश खन्ना, मंत्री, औद्योगिक विकास नन्द गोपाल गुप्ता 'नंदी', राज्य मंत्री, औद्योगिक विकास जसवंत सिंह सैनी तथा राज्य मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी, अजित पाल सिंह सहित संबंधित निवेशकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

2027 में यूपी में भाजपा की विदाई तय: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं का आवाह्न किया कि उपचुनाव की तैयारी तो करनी है पर 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूती देकर पूरी सावधानी से भाजपा का मुकाबला करना है। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराया है। आने वाले चुनावों में भी समाजवादी पार्टी ही भाजपा को हरायेगी। सन् 2027 में भाजपा की विदाई तय है।

अखिलेश यादव गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में बड़ी एकत्र कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी पश्चिम बंगाल जैसी घटनाएं हो रही है। बच्चियों की हत्याएं हो रही है। कानून व्यवस्था चौपट है। अपराधों में लगातार वृद्धि हुई है। समाजवादी सरकार ने डायल 1090 वूमेन पावर लाइन सेवा बनाई थी जिससे महिलाओं के प्रति अपराधों पर लगाम लगी थी। भाजपा ने उसे निष्प्रभावी बना दिया। अभी फर्रुखाबाद में दो बालिकाओं की संदिग्ध मौत के मामले में भाजपा सरकार की चुप्पी विचलित करने वाली है। भाजपा केवल राजनीतिक फायदे के लिए, विपक्ष शासित राज्यों में आवाज उठाती हैं लेकिन भाजपा शासित राज्यों में महिला अपराधों के मामले में मुंह, आंख, कान और नैतिकता के सभी दरवाजे बंद करके बैठ जाती है। अखिलेश यादव ने कहा कि बुलडोजर का अवैधानिक प्रयोग होने लगा है। कानून की अनेदखी कर मनमाने तरीके से खासकर एक वर्ग विशेष के घरों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हो रही है। भाजपा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पराजय से मुख्यमंत्री सदमे में है। पूरी भाजपा में बौखलाहट है। मुख्यमंत्री हर दिन हल्के बयानों से संवैधानिक पद की गरिमा को तार-तार कर रहे है। योगी जनता का भरोसा खो चुके है। आने वाले चुनावों में जनता इनका बोरिया बिस्तर बांध देगी।

तीन दिन में मिट्टी डालकर सड़कों को गड्ढामुक्त किए जाने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सरोजनीनगर के औद्योगिक क्षेत्र की जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक की गयी। बैठक में निजी औद्योगिक पार्कों को विकसित किये जाने में सरकार द्वारा संचालित प्लेज योजना के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए आवाहन किया कि उद्यमी आर्थिक सहयोग एवं समन्वय से इकाईयों की स्थापना एवं विस्तार के लिए आवश्यक भूमि का आंकलन किया जाएगा, यदि निजी औद्योगिक पार्क की स्थापना के लिए आगे आये तो सरकार उपयुक्त भूमि चिन्हांकन के लिए आवश्यक भूमि विनियमन, सीमांकन, नाम परिवर्तन और लैंड यूज चेंज जैसी प्रक्रियाओं को निर्धारित समय सीमा में जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाएगा। वहीं औद्योगिक क्षेत्रों में टूटी हुई सड़क का निर्माण और जल निकासी के लिए अपर नगर आयुक्त को बरसात में सड़कों के गड्ढों को तीन दिन के अन्दर मिटटी डालकर सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाने के निर्देश दिए गए। गुरवार को जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में गत माह में औद्योगिक क्षेत्र सरोजनीनगर में हुई। इस बैठक का उद्देश्य जनपद के उद्यमियों के मध्य उपस्थित होकर उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रयास किया जाना है। जिलाधिकारी ने उद्यमिता विकास संस्थान में चलाये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सम्बन्ध में जानकारी ली और आह्वान्वित किया कि उद्यमिता विकास संस्थान, औद्योगिक इकाईयां और औद्योगिक संगठन मिलकर इस प्रकार का कोर्स डिजाइन करें जिससे कि भविष्य में बाजार की मांग के अनुसार नई उत्पाद और नई इकाईयों की स्थापना में सहयोग मिल सके। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में प्राप्त एमओयू प्रस्तावों को क्रियान्वित किये जाने के सम्बन्ध में भूमि उपलब्धता की दिशा में सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के सम्बन्ध में अवगत कराया।

पीडीए की जीत से ही देश में संविधान और आरक्षण बचेगा: श्याम लाल पाल

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव महेन्द्र चौहान की अध्यक्षता में चौहान समाज की बैठक समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश श्याम लाल पाल ने कहा कि पीडीए की जीत से ही देश में संविधान और आरक्षण बचेगा। 2027 के विधानसभा चुनाव में श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में चौहान समाज समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए संकल्पित है। चौहान समाज की बैठक में आर्थिक, राजनैतिक व शैक्षिक आधारों पर चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने बैठक में अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर रामजनम चौहान जिलाध्यक्ष गाजीपुर, शिवनरायन चौहान कानपुर, अजीत सिंह चौहान बाराबंकी, अरविन्द चौहान सीतापुर, जनार्दन चौहान देवरिया, विजय चौहान देवरिया, विमल चौहान फर्रुखाबाद, सीताराम चौहान मऊ, हंसराज चौहान प्रदेश महासचिव, भगवती चौहान लखीमपुर, जर्नादन चौहान मऊ, दिलीप चौहान लखनऊ शामिल रहे।

सपा ने मिर्जापुर उपचुनाव में मुस्लिम बीएलओ को हटाए जाने की आयोग से की शिकायत

लखनऊ। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ को ज्ञापन भेजकर मिर्जापुर में उपचुनाव वाले क्षेत्र 399-मझवां विधानसभा क्षेत्र में पहले से तैनात मुस्लिम बीएलओ को हटाकर उनके स्थान पर गैर मुस्लिम बीएलओ नियुक्त किए जाने की शिकायत की है। श्याम लाल पाल ने विभिन्न बूथों के बीएलओ की सूची जारी कर मामले को संज्ञान में लेकर जांच कराने, दोशी अधिकारियों, कर्मचारियों को दण्डित करने तथा जांच रिपोर्ट और कृत कार्यवाही से पार्टी को अवगत कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा कि मझवां विधानसभा क्षेत्र में 11 से अधिक मुस्लिम बीएलओ बदल दिये गये है। उपचुनाव से पहले धर्म के आधार पर बीएलओ बदला जाना अलोकतांत्रिक, असंवैधानिक तथा निष्पक्ष चुनाव कराने पर प्रश्न चिन्ह लगाया जाना है। समाजवादी पार्टी ने इससे पहले कुंदरकी और सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के लिए भी इसी तरह की शिकायत मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को के.के. श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चंद्र यादव एवं राधेश्याम सिंह ने ज्ञापन सौंपा।

कमरे में फंदे से लटकता मिला युवक का शव पुलिस कर रही जांच

संवाददाता। मोहनलालगंज

फुलवरिया में पोल्ट्री फॉर्म के कमरे में युवक ने फांसी के फंदे पर लटक कर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रतापगढ़ के पूरे दलपतशाह निवासी शिवम वर्मा मोहनलालगंज के फुलवरिया स्थित पोल्ट्री फॉर्म में चाचा प्रवीण के साथ रहकर साउथसिटी में अंडे की दुकान चलाता था। 28 अगस्त की रात प्रवीण अपनी बहन के घर साउथसिटी चले गए।

गुरुवार को वापस लौटे चाचा प्रवीण को कमरे में कुंडी से शिवम का शव लटकता मिला। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया मृतक के शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है।

मोहनलालगंज में साल भर बाद भी आरडीएसएस के प्रस्तावित कार्य अधूरे, उपभोक्ता परेशान

● कार्यदायी संस्था की सुस्ती को लेकर क्षेत्रीय अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों से की शिकायत

संवाददाता। मोहनलालगंज

कार्यदायी संस्था की लापरवाही से मोहनलालगंज में साल भर बाद भी आरडीएसएस के पचास फीसदी प्रस्तावित कार्य भी पूर्ण नही कराए जा सके हैं। जिसकी वजह से हजारों उपभोक्ताओं को विद्युत व्यवधान की समस्या झेलनी पड़ रही है। लेकिन क्षेत्रीय अधिकारियों की तमाम शिकायतों के बावजूद कार्यदायी संस्था के कार्यों में अब तक तेजी नही आ सकी है।

मोहनलालगंज खण्ड में आरडीएसएस के तहत एलटी और एसटी लाइन का बुनियादी ढांचा सुधारने की मुहिम साल भर बाद भी रफ्तार नही पकड़ सकी है। आलम यह है कि खण्ड में आमजन को विद्युत आपूर्ति मुहैया कराने वाले 33 फीडर की लाइनों में से महज 4 फीडर की लाइन के कार्य ही पूर्ण किए जा सके हैं। जिसकी वजह से खण्ड के सभी सात विद्युत उपकेंद्रों के पचास हजार से अधिक उपभोक्ताओं को विद्युत व्यवधान की समस्या झेलनी पड़ रही है। लिहाजा महीनों से उपभोक्ताओं का आक्रोश झेलते आ रहे जेई और एसडीओ कार्यदायी संस्था की सुस्ती को लेकर उच्च अधिकारियों से शिकायत दर्ज करा चुके हैं। फिर भी कभी कामगारों की कमी तो कभी संसाधनों का रोना बताकर कार्यदायी संस्था की टीमें प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए अब तक तेजी नही ला सकी हैं।

33 फीडर की लाइनों में महज चार के कार्य हुए पूण

मोहनलालगंज के निगोहा उपकेन्द्र में 5 फीडर हैं लेकिन कार्यदायी संस्था अब तक किसी भी फीडर में आरडीएसएस के कार्य पूर्ण नही करा सकी है। समेसी उपकेन्द्र के 4 फीडर में भी आरडीएसएस के कार्य अधूरे हैं। गोसाईंगंज उपकेन्द्र के 7 फीडर में भी आरडीएसएस के कार्य अधूरे हैं। अमेठी उपकेन्द्र के 4 फीडर में भी आरडीएसएस के कार्य पूर्ण नही कराए जा सके हैं। जबकि पूरनपुर उपकेन्द्र के 4 फीडर में से 2 में आरडीएसएस के कार्य पूर्ण हो चुके हैं। वहीं मोहनलालगंज पुराने उपकेन्द्र के 7 फीडर में से 1 और नए उपकेन्द्र के 2 फीडर में से 1 फीडर के कार्य ही पूर्ण कराए जा सके हैं।

क्या कहते हैं अधिकारी

स्थानीय अधिकारियों की मानें तो आरडीएसएस के कार्यों की रफ्तार बेहद सुस्त है। जिसे लेकर कार्यदायी संस्था को लगातार कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। फिर भी कार्यों की प्रगति बेहतर नही हो सकी है। जिसे लेकर उच्च अधिकारियों को समस्या की जानकारी दी गई है।

कारोबार में घाटे से परेशान प्रॉपर्टी डीलर ने की खुदकुशी

संवाददाता। मोहनलालगंज

प्रॉपर्टी कारोबार में घाटे से परेशान चल रहे प्रॉपर्टी डीलर ने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इंदिरानगर निवासी अजय शर्मा प्रॉपर्टी का कारोबार कर रहे थे। लेकिन कुछ माह पूर्व उन्हें कारोबार में काफी नुकसान हो गया। जिसके बाद परेशान अजय अपनी पत्नी दीपिका और बच्चों आदित्य व अदिती के साथ अपनी ससुराल मोहनलालगंज के बैरीशालपुर गांव में किराए पर रहने लगे। हालांकि आर्थिक तंगी की वजह से अजय परेशान और गुमसुम रहते थे। बुधवार की रात उनका परिवार कमरे में सो रहा था । जबकि अजय ने दूसरे कमरे में छत के कुंडे से गमछे के सहारे लटककर जीवनलीला समाप्त कर ली। गुरुवार की सुबह नींद से जागे परिवार ने कमरे का दरवाजा बंद और रोशनदान से अजय को फंदे पर लटकता देखा तो फौरन पुलिस को सूचना दी। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया प्रॉपर्टी कारोबार में घाटे की वजह से मृतक काफी परेशान चल रहे थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। परिवार ने अब तक किसी तरह की शिकायत नही की है।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का मण्डलायुक्त ने लिया जायजा

सोनभद्र। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने जनपद सोनभद्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल संत कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोढ़ी व हेलीपैड स्थल लोढ़ी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने मुख्यमंत्री के हेलीपैड स्थल का स्थलीय जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं के सम्बन्ध में डी0आई0जी0 आर0पी0 सिंह, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह से विचार विमर्श करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया कहा कि सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर लिये जाये, जिससे कि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने पाये, उन्होंने कहा कि हेलीपैड स्थल के आस-पास के झाड़ियों का कटान करते हुए साफ-सफाई का बेहतर प्रबन्ध किया जाये, इस दौरान डी0आई0जी0 आर0पी0 सिंह ने सुरक्षा के दृष्टिगत सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी भी आवश्यकतानुसार निर्धारित स्थलों पर लगाने के निर्देश दियें।

सरकार की योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को किया जाये लाभान्वित- निर्मला सिंह

बाल संरक्षण आयोग की सदस्य ने जिला कारागार आंगनबाड़ी केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

सोनभद्र। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य निर्मला सिंह ने गुरुवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी, जिला कारागार, आंगनबाड़ी केन्द्र पसहीकला, आश्रम पद्धति विद्यालय घोरावल का औचक निरीक्षण की, इस दौरान उन्होंने जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों से बात-चीत कर कारागार में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली और स्मार्ट बोर्ड का उद्घाटन भी किया, इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों के बच्चों को स्पान्सर योजना का लाभ दिलाया जाये, पूर्व से 6 बच्चों को इस योजना से लाभान्वित किया जा रहा है और आज 6 बच्चों को स्पान्सर योजना के अन्तर्गत चिन्हांकन भी किया गया, जिला संयुक्त चिकित्सालय में उन्होंने टीकू वार्ड, एन0आर0सी0 वार्ड का निरीक्षण किये एवं माताओं को फल का वितरण भी की, इसके पश्चात सदस्या ने पसहीकला आंगनबाड़ी केन्द्र में गोद भराई व अन्नप्रासन की रश्म अदायगी की, घोरावल आश्रम पद्धति विद्यालय में वृक्षारोपण भी किया। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य ने सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की, बैठक के दौरान सदस्य ने कहा कि श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, प्रोबेशन विभाग,स्वास्थ्य विभाग द्वारा जो भी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, उन योजनाओं से प्रत्येक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाये और योजनाओं की जानकारी हेतु जागरूकता अभियान भी चलाया जाये, इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की और सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दियें, उन्होंने कहाकि बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषाहार का वितरण नियमानुसार कराया जाये। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला दिव्यांग एवं सशक्तिकरण अधिकारी विद्या देवी, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

इफ्को फूलपुर में वॉलीबाल प्रतियोगिता

प्रयागराज। इफ्को घियानगर फूलपुर में विश्व विख्यात हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इफ्को कर्मचारी एवं न्यूजेन सिक्योरिटी गार्ड की टीमों के बीच वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वॉलीबाल मैच आर के कृष्णन स्टेडिम में मैत्री वातावरण में खेला गया। जिसमें न्यूजेन सिक्योरिटी की टीम विजयी हुई। कार्यक्रम का संचालन बबलेश मिश्र ने किया। स्टेडियम में बड़ी संख्या में दर्शकों ने मैच का आनंद लिया। इफ्को खेलों का बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष विभिन्न खेलों में जैसे तैराकी क्रिकेट लॉन टेनिस बैडमिन्टन एथलेटिक वॉलीबाल आदि खेलों में खेल प्रतियोगिता का आयोजन करता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न खेलों में कर्मचारी व उनके आश्रितों हेतु ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रशिक्षण का आयोजन किया जाता है। इस दौरान महाप्रबंधक उत्पादन संजय भंडारी विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर इफ्को ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं इफ्को इम्पलाइज संघ के पदाधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे। यह जानकारी स्वयम प्रकाश जनसम्पर्क अधिकारी इफ्को फूलपुर ने दी।

महापौर और डीएम ने दधिकांदो मेला की तैयारियों का लिया गहन जायजा

डीएम नवनीत सिंह चहल ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

प्रयागराज। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने गुरूवार को महापौर गणेश केसरवानी के साथ दधिकांदों मेला के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत सुलेमसराय में लगने वाले दधिकांदों मेला स्थल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नगर नगर निगम पीडब्लूडी बिजली विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ भ्रमणकर वहां पर मेले के आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। निरीक्षण के समय महापौर गणेश केसरवानी व दधिकांदों मेला समिति सुलेमसराय के सदस्यों द्वारा जुलूस मार्ग पर जर्जर विद्युत तारों को व्यवस्थित करने सड़क व नालियों की मरम्मत प्रकाश और शौचालय की व्यवस्था साफसफाई की व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा। जिस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को उनसे सम्बंधित सभी व्यवस्थाओं को समय से सुनिश्चित कराये जाने के लिए निर्देशित किया है।जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को गलियों की साफसफाई शौचालय पीने के पानी प्रकाश स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत चूना छिड़काव कार्य को एक तारीख के पूर्व ही कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत के ढीले लटकते तारों को तत्काल व्यवस्थित कराये जाने व मेले के अवसर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों को टूटी सड़कों की मरम्मत व अन्य व्यवस्थायें समय से कराये जाने के लिए कहा है। कहा कि दधिकांतो मेले के सकुशल आयोजन हेतु महापौर व समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों का अनुपालन किया जायेगा।

छेड़खानी में 7 वर्ष की कठोर कैद

सोनभद्र। साढ़े छह वर्ष पूर्व बकरी चराने गई 10 वर्षीय दलित नाबालिग लड़की के साथ जंगल में छेड़खानी किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी मुबारक अली को 7 वर्ष की कठोर कैद एवं 20 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड जमा न करने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 15 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक विंढमगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति पीड़िता के पिता ने विंढमगंज थाने में 26 अक्तूबर 2017 को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी 10 वर्षीय दलित नाबालिग बेटी जो कक्षा 5 की छात्रा है। 11 अक्तूबर 2017 को दोपहर 12 बजे जंगल में बकरी चरा रही थी। तभी वहां अकेली पाकर मुबारक अली पुत्र गुलाम रसूल निवासी निमियाडीह थाना दुद्धी जिला सोनभद्र पहुंच गया और बेटी को जबरन उठाकर झाड़ी में ले गया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। बेटी चिल्लाने लगी तो मुबारक अली ने कहा कि 200 रुपये ले लो और चुप हो जाओ नहीं तो गला दबाकर मार डालेंगे। चिल्लाने की आवाज सुनकर कई लोग पहुंच गए तब बेटी की इज्जत बची। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी मुबारक अली को 7 वर्ष की कठोर कैद एवं 20 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 15 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर ले सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और नीरज कुमार सिंह ने बहस किया।

दहेज हत्या में गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

सोनभद्र। दहेज हत्या के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सिद्धार्थ व न्यायमूर्ति सैयद कमर हशन रिजवी की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए सास ससुर की गिरफ्तारी पर रोक लगा दिया। यह आदेश इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता ओपी पाल के जरिए एफआईआर के विरुद्ध दाखिल की गई याचिका पर कोर्ट ने दिया है। इसके अलावा शिकायतकर्ता को भी कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। बता दें कि 12 जून 2024 को घोरावल थाने में दी तहरीर में रामकिसुन पुत्र बलदेव निवासी खोरडीह चंदनपुर, थाना राजगढ़, जिला मिर्जापुर ने अवगत कराया था कि उसने अपनी पौत्री प्रियंका पुत्री राजबली की शादी 4 वर्ष पूर्व रमेश पुत्र कल्लू निवासी वीरकला, थाना घोरावल, जिला सोनभद्र के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही पति रमेश, सास इंद्रावती व ससुर कल्लू द्वारा पौत्री प्रियंका को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के एडवोकेट ओपी पाल ने जांच अधिकारी द्वारा दर्ज किए गए गवाहों के बयान पेश किए हैं, जिससे पता चलता है कि दहेज की मांग केवल मृतिका के पति द्वारा की गई थी। 22 अगस्त 2024 को मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सास इन्द्रावती और ससुर कल्लू की गिरफ्तारी पर रोक लगा दिया है। वहीं शिकायतकर्ता को भी नोटिस जारी किया है।

वीवा क्लब का चुनाव संपन्न

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल में वीवा क्लब प्रतिनिधित्व हेतु चुनाव वीवा क्लब सभागार में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह चुनाव यूनियन एक्जक्यूटिव सदस्यों के बीच में हुआ। चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से पारदर्शिता के साथ कराया गया, जिसमें सभी पात्र कर्मचारियों नें वोट दिया। चुनाव का परिणाम उसी दिन शाम को सभी के साथ साझा किया गया, जिसमें सौरव कुमार को जनरल सेक्रेटरी के रूप में चुना गया। साथ ही बाबूजी शर्मा अमित कुमार, सुनील गहलोत, आर्यन गौंड, बबलू मीना एवं आनंद कुमार को कार्यकारी सदस्य के रूप में चुना गया। यह चुनाव डॉ. बी सी चतुर्वेदी, चुनाव अधिकारी, मुख्य महाप्रबंधक तथा प्रणव वर्मा, उप चुनाव अधिकारी के नेतृत्व में सम्पन्न कराया गया। साथ ही साथ इस चुनाव को सम्पन्न कराने में पूरे मानव संसाधन टीम का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जनपदस्तरीय कला उत्सव का आयोजन

चन्दौली । मुख्यालय पर स्थित नगर पालिका इंटर कॉलेजए पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगरए चन्दौली में राज्य परियोजना निदेशकए समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार और जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश के अंतर्गत जनपद स्तरीय कला उत्सव का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र.छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी श्री राम कृष्ण वर्मा द्वारा किया गया। कला उत्सव के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक दल सिंगार यादव रहेए जिन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कला के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार पांडेय ने कीए जिन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन में इस उत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न किया। जिला समन्वयक डॉ अनुराग वर्मा के निर्देशन में कला की विभिन्न 12 श्रेणी में आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 88 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 18 विद्यार्थियों ने प्रथमए 12 विद्यार्थियों ने द्वितीय और 10 विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनकी उत्कृष्टता को सराहा गया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की कला प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और उन्हें एक मंच प्रदान करना था। इस आयोजन ने जिले के कला प्रेमी विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया और उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया।

नियमित टीकाकरण में तेजी लाने को बनेगी रणनीति

मिर्जापुर। डाटा आपरेटरों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गुरु वार को सीएमओ कार्यालय स्थित विवेकानन्द सभागार में आयोजित किया गया। इस आशय की जानकारी डब्लूजेसीएफके जिला समन्वयक आशीष सिंह ने दी। संस्था के जिला समन्वयक ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान आपरेटरों को फीडिंग करने के तरीकों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया और एक प्रश्नपत्र को भी हल कराया गया जिसमें सभी आपरेटरों ने शत प्रतिशत सफलता हासिल की । अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर अनिल ओझा ने बताया कि जिले के पांच विकासखण्डों ब्लाक में नियमित टीकाकरण में डब्लूजेसीएफविभाग का सहयोग कर रही है द्य इस दिशा में आगे किस तरह बेहतर कार्य किया जाएए इस पर कार्यशाला के दौरान डब्लूजेसीएफके सदस्यों से विस्तारपूर्वक चर्चा हुई । नियमित टीकाकरण बच्चों व माताओं को जानलेवा बीमारियों से बचाने का सबसे मजबूत माध्यम है और स्वास्थ्य विभाग लक्ष्य की शत प्रतिशत प्राप्ति के लिए सभी सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य कर रहा है । जिले में डब्लूजेसीएफसंस्था के सहयोग के बाद निश्चित ही हमारे नियमित टीकाकरण सेवाओं के परिणाम और बेहतर आएँगे और हम टीकाकरण के द्वारा आसानी से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को और कम करने मे भी सफल होंगे । मायाशंकर मिश्र ने सभी उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को बताया कि आंकड़ों के आधार पर अपनेण्ण् अपने माइक्रोप्लान को तैयार करें और टीकाकरण के सेवाओं में डब्लूजेसीएफके सहयोग से सुधार लाने का प्रयास करें द्य इस कार्य में सभी का सहयोग अपेक्षित है। इसके अलावा क्षेत्र में आने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए टीकाकरण के कार्य में आवश्यक सुधार करेंए जिससे शतप्रतिशत लाभार्थियों का टीकाकरण किया जा सके। डब्लूजेसीएफसंस्था के आशीष ने बताया कि आशा कार्यकर्ताओं द्वारा डायरी को ठीक से भरे जानेए नियमित टीकाकरण में लगे सभी स्वास्थ्यकर्मियों का बीचण्बीच में प्रशिक्षण देने का कार्य किया जाना चाहिए । माइक्रोप्लान में सुधार व टीकाकरण की उपलब्धता केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित की जाये। संस्था के सदस्य ने सभी को नियमित टीकाकरण के सहयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

जेल अधीक्षक सेंट्रल जेल वाराणसी दो हफ्ते में जवाब दें या कोर्ट में हाजिर होंत्र हाईकोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पिछले 22 साल से सेंट्रल जेल वाराणसी में उम्रकैद की सजा भुगत रहे दो भाइयों शालू उर्फमंजीत पांडेय और लिटिल पांडेय की रिहाई की संस्तुति भेजने की मांग में दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर जेल अधीक्षक को दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने अथवा 12 सितंबर को हाजिर होने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति ए के सांगवान तथा न्यायमूर्ति एम ए एच इदरीसी की खंडपीठ ने शालू पांडेय और अन्य की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका पर अधिवक्ता आदर्श शुक्ल व राजीव शुक्ल ने बहस की। इनका कहना है कि याचीगण पिछले 22 साल से जेल में बंद हैं। जेल नियमों और सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के आधार पर उनकी रिहाई की जानी चाहिए किन्तु जेल प्रशासन ने सरकार को कोई संस्तुति नहीं भेजी। इससे पहले कोर्ट ने राज्य सरकार और जेल अधीक्षक से जवाब मांगा था। सरकारी वकील ने फिर समय मांगा जिस पर कोर्ट ने यह आदेश दिया है।

सचिव और डीजीपीए आईजी जेल प्रशासन और रिफार्म उत्तर प्रदेश से जवाब तलब

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सचिव और डीजीपी आईजी जेल प्रशासन एवं रिफार्म उ प्र लखनऊ को जेल वार्डर को फूड एलाउंस का भुगतान न करने के खिलाफयाचिका पर तीन हफ्ते में जवाब मांगा है और याचिका को सुनवाई हेतु 18 सितंबर को पेश करने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने यशदीप और अन्य की याचिका पर दिया है। याचिका पर अधिवक्ता जयशंकर मिश्र और शरदेंदु मिश्र ने बहस की। इसका कहना है कि सरकार पुलिस विभाग को खाद्य भत्ता दे रही है किन्तु जेल कर्मचारियों को नहीं दे रही है। अधिकारियों को शिकायत की गई किंतु कोई सुनवाई नहीं की गई तो यह याचिका दायर की गई है। कोर्ट ने निबंधक अनुपालन को सीजेएम लखनऊ के मार्फत आदेश की प्रति दोनों अधिकारियों को प्रेषित करने का निर्देश दिया है।

विजय मिश्र सहित अन्य बाहुबलियों की अपीलों की सुनवाई 21 सितंबर को

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बाहुबली विजय मिश्र कैश अहमद नियाज़ अहमद और अखलाक अहमद उर्फ अखलाख अहमद की अपीलों की अगली सुनवाई की तिथि 21 सितंबर नियत की है। राज्य सरकार की तरफसे कहा गया कल तक जवाबी हलफनामा दाखिल कर दिया जायेगा। इस पर याचीगण अधिवक्ता ने दो हफ्ते में प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल करने का समय मांगा। सभी की अपीलों की सुनवाई न्यायमूर्ति समित गोपाल ने की।

कोर्ट ने मांगी जानकारी

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने घोसी निवासी पंकज पाण्डेय की कृषि भूमि को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहीत करने के बाद मुआवजे का भुगतान न करने के खिलाफ दाखिल याचिका पर केंद्र सरकार और प्राधिकरण से जानकारी मांगी है और याचिका की अगली सुनवाई की तिथि 13 सितंबर नियत की है।

देश के प्रति समर्पण की भावना रखता है खिलाड़ी

अंबेडकर नगर । राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिला ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा देव इंद्रावती महाविद्यालय कटेहरी के सभागार में आयोजित प्रतिभावान खिलाड़ी सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा की खेल एक ऐसी विधा है जो कि व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत तो करता हैएसाथ ही समाज में एक अलग सकारात्मक स्थान दिलाने का भी कार्य करता हैएउन्होंने कहा खिलाड़ी एक ऐसा वर्ग है जो हमेशा समाज और देश की बेहतरी के लिए ही सोचता है और करता है जिलाधिकारी ने हाकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यान चंद के जीवन पर भी प्रकाश डाला और कहा कि बड़े ही हर्ष का विषय है की जिला ओलंपिक एसोसिएशन ऐसा कार्यक्रम करके खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने का कार्य कर रहा हैएसभी खिलाड़ियों को हमारी शुभकामनाएंए कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और हाकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डा राणा रणधीर सिंह द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।इस दौरान जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य एखेल प्रशिक्षक महाविद्यालय के स्टाफमौजूद रहे जिला ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा मुख्य अतिथि और विशिष्ठ अतिथि को सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन बीरबल शर्मा द्वारा किया गया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि जनपद के खिलाड़ियों के लिए बहुत बड़ी खुशी की बात यह है की खेलो इंडिया के तहत वन डिस्ट्रिक्ट वन गेम में इस जनपद को एथलेटिक्स का सेंटर बनाया गया है यहां से एथलेटिक्स के अच्छे खिलाड़ी निकलेंगे इसके लिए राजकीय एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में 400 मीटर का राष्ट्रीय स्तर का सिंथेटिक ट्रैक बनेगा इसके लिए 10 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी मिल गई है सभागार में मौजूद खिलाड़ियों ने डीएम के इस घोषणा का तालियों के गड़गड़ाहट से स्वागत कियाएविशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद जिला परियोजनाधिकारी अनिल सिंह ने खिलाडियो को संबोधित करते हुए कहा यही प्रतिभाएं गांव निकल कर ओलंपिक तक का सफर तय का देश का नाम रोशन करेंगी। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की आगामी समय में कटहरी में लगने वाले रोजगार मेले में करीब 20 हजार लोगो का चयन किया जाना है जिसमे 3 नौकरियां ऐसी होंगी जो की शारीरिक दक्षता के आधार पर मिलेंगे और योग्यता 12 पास ही होगा क्योंकि अक्सर इसके लिए इच्छुक खिलाड़ियों के पास अच्छा मौका है आगामी समय में कटहरी विकास खंड के आगे यह रोजगार मेला लगेगा इसमें भाग ले सकते है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह कार्यक्रम में आए हुए अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों सम्मानित करने के साथ साथ एक एक कर वार्ता भी किया और संबोधन में कहा किसी भी खिलाड़ी खेल से संबंधित किसी भी कार्य के लिए उनसे संघ के माध्यम से या सीधे भी संपर्क कर सकता खिलाड़ियों का हमेशा स्वागत है।

पेरिस पैरालिम्पिक

भारतीय सहभागिता

पेरिस 2024 पैरालिम्पिक खेलों में भारत ने 84 पैरा-एथलीट का अब तक का सबसे बड़ा समूह भेजा है। बुधवार से शुरू पेरिस 2024 पैरालिम्पिक खेलों में 164 देशों के दिव्यांग एथलीट भाग ले रहे हैं। भारत ने इसमें अब तक की सबसे अधिक 84 एथलीटों की टीम भेजी है। इस वर्ष के आयोजन एथलीटों की अदम्य इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करेंगे जो दुनिया को अपनी असाधारण दृढ़ता तथा विपरीत स्थितियों पर विजय की भावना से लगातार प्रेरित करते हैं। 2024 पेरिस पैरालिम्पिक में भारत की सहभागिता देश के लिए उल्लेखनीय क्षण है। विभिन्न क्षेत्रों के 84 एथलीटों के साथ भारत ने अपना सबसे बड़ा और सर्वाधिक विविधतापूर्ण समूह पेश किया है। इससे भारत में पैरालिम्पिक खेलों की बढ़ती पहचान व उनको मिलने वाले समर्थन का पता चलता है। इसके साथ ही पूर्व-धारणाओं को चुनौती देने तथा श्रेष्ठता को पुन: परिभाषित करने वाले एथलीटों की संख्या भी बढ़ रही है। पैरालिम्पिक खेलों का समृद्ध इतिहास है जिसकी शुरुआत 1948 में हुई थी। उस समय सर लुडविग गटमैन ने द्वितीय विश्व युद्ध में भाग ले चुके ऐसे लोगों की खेल प्रतियोगिता इंग्लैंड के स्टोक मिडविले में आयोजित की थी जो रीढ़ की हड्डी में चोट के शिकार थे। पिछले दशकों में पैरालिम्पिक्स का असाधारण विस्तार हुआ है और यह दिव्यांग एथलीटों के लिए वैश्विक मंच बन गया है। वे यहां अपनी असाधारण प्रतिभा तथा 'संभावनाओं' की सीमायें तोड़ने की क्षमता प्रदर्शित करते हैं।

भारतीय एथलीटों में युवा तीरंदाज शीतल देवी का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है जिन्होंने सारी बाधाओं को पार करते हुए बिना हाथों के उच्चतम स्तर प्राप्त किया है। शीतल की यात्रा पूर्णत: असाधारण है। धनुष और बाण का प्रयोग करने के लिए वे अपने पैरों का इस्तेमाल करती हैं। उन्होंने एक विशेष तकनीक विकसित की है जिसने उनको दुनिया का सर्वाधिक प्रतिभाशाली तीरंदाज बना दिया है। उनकी यात्रा हमें बताती है कि अक्सर सीमायें दिमाग में होती हैं और प्रतिबद्धता व खोज से उनको पार किया जा सकता है। 2024 पैरालिम्पिक में शीतल देवी की सहभागिता एक व्यक्तिगत उपलब्धि से आगे जाती है। यह दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए उम्मीद और दृढ़ता का प्रतीक है। अपनी सीमाओं को पार करने की उनकी क्षमता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है और वे मानवीय भावना की सच्ची खिलाड़ी बन कर उभरी हैं। 2024 पैरालिम्पिक्स एथलीटों और दिव्यांगों की असाधारण क्षमताओं के पारंपरिक प्रदर्शन का उत्सव मनाता है। इन खेलों का संबंध केवल मैडल जीतने से न होकर बाधायें तोड़ने, सामाजिक अवधारणाओं को चुनौती देने तथा भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने से भी है। ज्यादा खेलों को शामिल करने तथा भारत जैसे देशों की बढ़ती सहभागिता से पैरा-खेलों को दुनिया भर में व्यापक स्वीकार्यता और प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है। पेरिस में प्रतियोगिता कर रहे एथलीटों के साथ शीतल देवी जैसे लोगों की साहसी गाथायें जुड़ी हैं। इससे हमें उत्कृष्टता की खोज में भौतिक सीमाओं को पार करने तथा लोगों को एकसाथ लाने में खेलों की शक्ति का भी पता चलता है। पैरालिम्पिक खेल एक वैश्विक मंच प्रदान करते हैं जहां एथलीट अपनी दृढ़ता प्रदर्शित करते हुए दिखाते हैं कि कुछ भी संभव है। भारत की अब तक की सबसे बड़ी टीम तथा शीतल देवी की प्रेरणादायक गाथा पैरालिम्पिक आंदोलन की भावना प्रकट करती है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी एथलीट लाखों लोगों को प्रेरित करते हुए यह सिद्ध करेंगे कि प्रतिबद्धता और पूरी एकाग्रता से सामना करने पर कोई भी बाधा अलंघ्य नहीं होती है।

अफगानिस्तान में हिंसा व गद्दारी

काबुल लंबे समय से अफगानिस्तान में दृढ़ता का प्रतीक रहा है, पर हफीजुल्ला अमीन जैसे उसके अनेक नेताओं के कारनामे रहस्य और विवादों में घिरे रहे हैं।

नीलांत इलांगमुवा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

समुद्र तल से एक मील ऊपर स्थित काबुल पश्चिम में पगमान पहाड़ियों से घिरा है जो परंपरागत रूप से काबुल के विशिष्ट लोगों का विश्राम स्थल रही हैं। पगमान का आनन्ददायक मौसम तथा ऐतिहासिक महत्व उल्लेखनीय घटनाओं का स्थल भी है। इसमें स्वतंत्रता के लिए राजा अमानुल्ला का संघर्ष तथा 1920 में बुखारा के अमीर का शरण लेना शामिल है। यह शहर विदेशी प्रभुत्व के खिलाफ अफगानिस्तान के प्रतिरोध का प्रतीक भी है। 1929 में पगमान में जन्मे हफीजुल्ला अमीन महाशक्तियों के प्रभुत्व के खिलाफ कट्टर विरोधी के रूप में उभरे। नेता के रूप में उनका कार्यकाल केवल 104 दिन का था जो 1979 में उनकी हत्या से समाप्त हुआ। यह अफगानिस्तान की राजनीति में परिवर्तन का समय था। अमीन की प्रारंभिक शिखा काबुल में हुई और बाद में वे कोलम्बिया विश्वविद्यालय के छात्र रहे। राजनीतिक उथलपुथल के कारण उनकी राजनीति में सहभागिता हुई। नूर मुहम्मद तराकी से उनके संबंध तथा मास्को होकर अफगानिस्तान में उनकी वापसी ने उनकी चरमपंथी सोच और राजनीति मार्ग को निर्धारित किया।

लेकिन आरोप था कि अमीन सीआईए एजेंट हैं, जबकि उनको वामपंथियों का भी समर्थन प्राप्त था। बबराक करमाल ने उनको अपने शासन को वैध ठहराने के लिए गले लगा लिया। कमाल का दावा था कि वे अमीन के कथित सीआईए संबंधों को 1950 के दशक से ही जानते थे और वे इसके दस्तावेजी सबूतों का अपने पास होने का दावा भी करते थे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने इसका कोई विश्वसनीय प्रमाण कभी नहीं दिया। कुछ विदेशी समाजवादी निजी रूप से इस दावे का खंडन करते हुए संकेत करते थे कि नई सरकार का इरादा अमीन का खासकर अफगान किसानों में सीआईए एजेंट बता कर सम्मान गिराना था। करमाल के हमदर्दों का कहना था कि अफगान जनता अमीन की नीतियों से नाराज थी जिनको क्रांति के लिए हानिकारक माना जाता था, इसीलिए उनको सीआईए एजेंट बताया गया। हालांकि, सोवियत संघ ने 1980 के दशकारंभ में इस विमर्श को अफगानिस्तान पर एक फिल्म के माध्यम से प्रचारित किया था, पर वे अपने अंतरराष्ट्रीय संपर्कों के बारे में बहुत सावधान रहते थे।

अंतरराष्ट्रीय मामलों पर प्रकाशित 'थर्ड वर्ड' में सीआईए संबंधी एक लेख में अमीन का कोई संदर्भ नहीं था। एक टिप्पणीकार का कहना था, 'रूसियों और अमेरिकनों के लिए असहज करने वाला यथार्थ यह था कि अमीन ने दोनों पक्षों की ओर से उठाए षडयंत्रकारी कदमों का विरोध किया था।' यदि अमीन को एक नरसंहार करने वाले तानाशाह, सोवियत मुहरे या सीआईए एजेंट के तौर पर पेश करने वाला विमर्श बिना प्रमाण के है तो सच्चाई क्या है? वास्तव में अफगानिस्तान की क्रांति में अमीन की भूमिका क्या थी और सोवियत संघ ने उनका सफाया करना क्यों ठीक समझा? अगस्त, 1978 में नूर मुहम्मद तराकी ने इस्लामी विरोध आंदोलन को संबोधित करते हुए पूंजीवादी और प्रतिक्रियावादी शक्तियों की आलोचना की थी जो इस क्षेत्र का प्रयोग प्रगतिशील एजेंडे को पराजित करने के लिए कर रही थीं। उनका विश्वास था कि साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं से प्रेरित ये तकनीकें पुरानी हो गई थीं और उनका विफल होना अवश्यंभावी था।

लेकिन अपने इस विश्वास के बावजूद तराकी को अनेक आंतरिक विद्रोहों का सामना करना पड़ा। इनमें हफीजुल्ला अमीन का विद्रोह महत्वपूर्ण है जिनकी महत्वाकांक्षायें उनके नेतृत्व को खतरा पैदा कर रही थीं। सोवियत समर्थन पर तराकी की निर्भरता नाकाफी सिद्ध हुई क्योंकि इसका कारण उनमें राजनीतिक दूरदर्शिता का अभाव तथा सामाजिक यथार्थ को अस्वीकार करना था जिसने अतिवादी समूहों को सुनहरा अवसर प्रदान कर दिया। पुरानी गलतियां ठीक करने तथा बबराक के नेतृत्व में नई सरकार बनाने की योजना अमीन की त्वरित कार्रवाई से विफल हो गई।

तराकी द्वारा अमीन को गिरफ्तार करने तथा बबराक के साथ राष्ट्रीय सहमति स्थापित करने के प्रयासों के बावजूद अफगानिस्तान में बिगड़ती सुरक्षा स्थितियों ने बाहरी सैनिक हस्तक्षेप को अपरिहार्य बना दिया था। अमीन द्वारा तेजी से सत्ता को मजबूत करने तथा बाद में तराकी के राजनीतिक संघर्षों ने अफगान राजनीति की अस्थिर व खतरनाक स्थिति उजागर कर दी जिसके परिणामस्वरूप अस्थिरता और बढ़ी। हफीजुल्ला अमीन पर शक था कि वे उसके सिद्धान्तों को मानने के बजाय मार्क्सवाद का प्रयोग राजनीतिक औजार के रूप में कर रहे थे, जबकि सार्वजनिक रूप से वे स्वयं को कट्टर धार्मिक व्यक्ति के रूप में पेश करते थे। उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री के रूप में अपनी महत्वपूर्ण स्थिति के बावजूद उनको खासकर 'परचम' समूह से काफी विरोध का सामना करना पड़ता था। इस आंतरिक टकराव के कारण वे पीडीपीए की राजनीतिक समिति के पूर्ण सदस्य जल्दी नहीं बन पाए। हालांकि, अमीन इन चुनौतियों से निपटने व अफगान राजनीति की प्रमुख शक्ति बनने में सक्षम थे।

मास्को के साथ मित्रता संधि करने से उनकी क्षमता स्पष्ट होती है जिससे वे उथलपुथल वाली स्थिति में सफल हुए थे। इस संबंध में सितंबर, 1979 में तराकी की क्यूबा यात्रा और इसके बाद मास्को में अपने प्रतिद्वंद्वी बबराक करमाल के साथ बैठक महत्वपूर्ण थी। अनुमान था कि तराकी बबराक करमाल से संबंध सुधार कर अमीन को सत्ता से हटाना चाहते थे और सत्ता में शक्तियों का विभाजन करना चाहते थे। इन वार्ताओं में सोवियत प्रभाव ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। तराकी और बबराक के बीच शत्रुता से संकेत मिलता है कि किसी प्रकार के राजनीतिक समझौते के लिए सोवियत प्रभाव जरूरी था। यह खासकर इसलिए महत्वपूर्ण था कि तराकी लंबे समय से बबराक से धृणा करते थे और अमीन की भूमिका उनकी सत्ता में बाधा थी। 'खल्क' और 'परचम' समूहों के बीच राजनीतिक अस्थिरता ने अफगानिस्तान प्रशासन को कमजोर किया और उसे अतिवादी समर्थन के लिए खतरा बना दिया। सुरक्षा की स्थिति खराब होने तथा अफगान सेना के संघर्ष करने के कारण तराकी ने व्यवस्था संभालने के लिए सोवियत हस्तक्षेप को जरूरी माना। अमीन को गिरफ्तार कर बबराक के साथ नई सरकार बनाने के तराकी के प्रयास विफल हो गए और अमीन ने तेजी से राजनीतिक समस्या सुलझा ली। उस कालखंड की जटिलतायें और चुनौतियां अफगान राजनीति की परिवर्तनशीलता तथा उसे निर्धारित करने में बाहरी हस्तक्षेपों की स्थिति स्पष्ट करती हैं।

दिसंबर, 1979 के प्रारंभ में यूरी आंद्रोपोव ने लियोनिद ब्रेझनेव को अमीन की गोपनीय गतिविधियों की जानकारी दी जिसमें उनका पश्चिम की ओर झुकाव तथा अफगानिस्तान में कम्युनिस्ट शासन को संभावित खतरा शामिल था। इससे सोवियत प्रभाव को खतरा पैदा हो सकता था। आंद्रोपोव ने बबराक करमाल व उनके साथियों की सहायता के लिए सैनिक सहायता की आवश्यकता पर जोर दिया, हालांकि उन्होंने पूरी तरह सोवियत सैनिक हमले की रूपरेखा नहीं पेश की थी। लेकिन आंद्रोपोव का प्रमुख लक्ष्य अफगानिस्तान में सोवियत हस्तक्षेप की योजना को मूर्त रूप देना था।

इसके बाद आंद्रोपोव, दिमित्री उस्तीनोव, आंद्रे ग्रोम्यको तथा बोरिस पोनोमारेव ने ब्रेझनेव के साथ बैठक कर सोवियत सैनिक कार्रवाई सुनिश्चित कर दी। पोलिट ब्यूरो ने पूरी गोपनीयता के साथ इन अधिकारियों को हमले के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंप दी। इस योजना के दस्तावेजों को हाथ से पोलिट ब्यूरो सदस्यों द्वारा लिखा गया और टाइपिस्टों को भी पूरी प्रक्रिया से बाहर रखा गया। मार्शल अखोरमायेव और जनरल स्टाफ आपरेशन्स ने अफगान सीमा के निकट अपना अड्डा बनाया, जबकि केजीबी ने काबुल में अमीन को सत्ता से हटा कर 'आपरेशन अगेट' शुरू कर दिया। केजीबी की टीम ने गोपनीय रूप से अमीन के महल में घुसपैठ कर उनको जहर देने की योजना बनाई। लेकिन यह योजना ठीक से कार्यान्वित नहीं हो सकी। हफीजुल्ला अमीन के दामाद और उनकी सुरक्षा के प्रमुख अचानक 'फूड प्वायजनिंग' से गंभीर बीमार हुए और उनको इलाज के लिए मास्को भेजा गया। कहा जाता है कि यह भोजन अमीन के लिए था, पर वे भोजन के संबंध में अपनी सावधानी से बच गए।

जीवनरक्षा व समुदायों का सशक्तीकरण

> देश की पहली महिला स्वास्थ्य पहल होने के कारण चेतना को महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और लिंग के मामले में एक ट्रेंडसेटर बनाने में मदद मिली।

स्वप्ना मजूमदार
(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)

जब जुल्कीबेन, एक दाई या पारंपरिक प्रसव परिचारिका (टीबीए) को एक गर्भवती महिला का फोन आया, तो वह तुरंत हरकत में आ गई। सबसे पहले, उसने राज्य सरकार की आपातकालीन एम्बुलेंस का नंबर 108 डायल किया। गर्भवती महिला के घर पहुंचने के बाद, उसने अस्पताल में इस्तेमाल करने के लिए एक साफ कपड़े के टुकड़े काटे और पानी लाने और स्टोर करने के लिए एक खाली लोटा (पानी का कंटेनर) तैयार रखा। लेकिन जब महिला की प्रसव पीड़ा बढ़ गई और उसके लिए एम्बुलेंस तक पहुंचने के लिए पहाड़ी से नीचे उतरना असंभव हो गया, तो जुल्कीबेन ने पड़ोस के युवकों को बुलाया और एक चादर से गोफन बनाया और गर्भवती महिलाओं को एम्बुलेंस तक पहुंचाया। वे मुश्किल से अस्पताल के लेबर रूम में पहुंचे थे जब महिला ने प्रसव किया। जुल्कीबेन की सूझबूझ और समय पर कार्रवाई ने मां और बच्चे की जान बचाने में मदद की।

यह केवल जुल्कीबेन जैसी टीबीए ही नहीं थीं, बल्कि गुजरात के नवसारी जिले के दो आदिवासी ब्लॉकों, वंसदा और चिखली के 60 गांवों की महिलाओं, उनके परिवारों और समुदाय के सदस्यों ने सीखा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की मातृ स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बनाकर मातृ मृत्यु को रोका जा सकता है। वास्तव में, अहमदाबाद स्थित गैर-लाभकारी संस्था सेंटर फॉर हेल्थ एजुकेशन ट्रेनिंग न्यूट्रिशन एंड एडोलसेंट्स (चेतना) द्वारा इन दो ब्लॉकों में तीन साल की पहल ने महिलाओं, किशोरों और बच्चों को सशक्त बनाने के लिए उल्लेखनीय बदलाव किए। वंसदा ब्लॉक में संस्थागत प्रसव में 58त्न से 82त्न की वृद्धि हुई। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हस्तक्षेप के अंतिम चरण के दौरान हुए 776 प्रसवों में से, क्षेत्र में एक भी मातृ मृत्यु दर्ज नहीं की गई। यह कैसे हासिल किया गया? ऐसा क्या अलग किया गया जिससे व्यवहार में बदलाव आया? क्या यह सफलता महिलाओं के लिए खराब स्वास्थ्य संकेतकों वाले अन्य जिलों में दोहराई जा सकती है?

इन सभी सवालों और अन्य सवालों के जवाब हाल ही में प्रकाशित कॉफी टेबल बुक में दिए गए हैं, जो उनके चालीसवें वर्ष के मील के पत्थर को चिह्नित करता है। चेतना-40-सपनों को पोषित करना, नियति को सशक्त बनाना शीर्षक वाली यह पुस्तक संगठन के चार दशकों के सामूहिक प्रयासों, इसके विशिष्ट दृष्टिकोणों और इसकी अभिनव संचार रणनीतियों द्वारा किए गए प्रभाव का वर्णन करती है, जिसने सात राज्यों के 78 जिलों, 124 ब्लॉकों और 439 गांवों में अनगिनत लोगों के जीवन और समुदायों को बदल दिया। चेतना की सह-संस्थापक और निदेशक पल्लवी पटेल कहती हैं कि बदलाव लाने की इसकी क्षमता के पीछे सबसे बड़ा कारण इसके सभी कार्यों में लैंगिक दृष्टिकोण को शामिल करने पर इसका ध्यान केंद्रित करना है। देश की पहली महिला स्वास्थ्य पहल होने के कारण चेतना को महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और लिंग के मामले में एक ट्रेंडसेटर बनाने में मदद मिली।

इसके अग्रणी दृष्टिकोण और प्रभावशाली संचार सामग्री ने इसे दूसरों पर बढ़त दिलाई। उनके संसाधनों की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अकेले 2022-2023 में, 11 राज्यों में स्थित विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संगठनों द्वारा चेतना की सामग्री की 2,77,981 से अधिक प्रतियां मांगी गईं।

यह पुस्तक राजस्थान और गुजरात में न्यूनतम स्वास्थ्य सुविधाओं वाले दूरदराज के आदिवासी क्षेत्रों में प्रसव संबंधी जटिलताओं से निपटने की चुनौतियों से निपटने के लिए लोगों को ध्यान में रखकर बनाई गई रणनीतियों के बारे में बताती है, साथ ही गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश में व्यापक पोषण संबंधी एनीमिया से निपटने के लिए भी। यह इस बात का भी खुलासा करती है कि चेतना ने अहमदाबाद में 70 स्कूलों को तंबाकू मुक्त प्रमाणित करने के लिए व्यवहार में बदलाव लाने के साथ-साथ गुजरात के मेहसाणा में मानसिकता में भी बदलाव लाया, जो अस्सी और नब्बे के दशक में सबसे खराब बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) वाले जिलों में से एक था। सास-बहू बैठकों, जाति पंचायत नेताओं के साथ बातचीत और बच्चे के लिंग निर्धारण में एक्स और वाई गुणसूत्रों की भूमिका समझाने के लिए अभिनव दाल-चावल खेलों के माध्यम से बेटे को प्राथमिकता देने की मानसिकता और लड़की के जन्म पर महिला को दोष देने की प्रथा को संबोधित किया गया।

इन प्रयासों के केंद्र में चेतना की अनुकूलनशील, लचीली और रचनात्मक होने की क्षमता रही है। बॉक्स से बाहर सोचने के अलावा, स्थानीय जरूरतों, परंपराओं और प्रथाओं के अनुसार स्वास्थ्य संदेशों को भी बदला गया है। उनके अभिनव एनीमिया किट में कई बदलाव किए गए हैं, जैसे कि उनके अनूठे और बेहद लोकप्रिय कपड़े के एप्रन, जिनमें कई फ्लैप हैं, जिन्हें पुरुष और महिला प्रशिक्षक दोनों लिंगों के प्रजनन अंगों को दिखाने के लिए पहनते हैं। बच्चों की देखभाल, पोषण, यौवन, मासिक धर्म, किशोर स्वास्थ्य, एनीमिया और गर्भनिरोधक पर ज्ञान साझा करने के लिए गाने, खेल और एनीमेशन फिल्में बनाई गई हैं।

पुस्तक में विस्तार से बताया गया है कि कैसे चेतना, जो 1966 में प्रख्यात वैज्ञानिक विक्रम साराभाई द्वारा स्थापित नेहरू फाउंडेशन फॉर डेवलपमेंट के सहजीवी छत्र के तहत काम करती है, ने स्थायी प्रभाव डालने के लिए अपने वैज्ञानिक और आविष्कारशील स्वास्थ्य संचार का रणनीतिक रूप से उपयोग किया। चाहे मासिक धर्म पर चुप्पी तोड़ना हो या लड़कियों के लिए सक्षम वातावरण बनाना हो, चेतना ने दिखाया है कि 40 साल पहले महिलाओं को अपने भाग्य की मालकिन बनाने का जो सपना उसने शुरू किया था, वह असंभव नहीं था।

आप की बात

राष्ट्रपति की पीड़ा

राष्ट्रपति के रूप में देश की प्रथम महिला द्रोपदी मुर्मू भी कोलकाता की दर्दभरी घटना और उस पर देश भर में पैदा आक्रोश से चिंतित हैं। वे कोलकाता के साथ ही देश भर में छोटी-छोटी बच्चियों तक से होने वाले अत्याचारों से आहत भी हैं। राष्ट्रपति ने व्यापक रूप से पुरुषों में महिलाओं को दोयम दर्जे का समझने की सोच पर सवाल उठाते हुए स्थिति में सुधार की आवश्यकता बताई है। राष्ट्रपति ने भले ही कोलकाता का नाम लिया हो, पर उनका संकेत पूरे देश में महिलाओं के खिलाफ हो रहे यौन अपराधों की ओर है। विडंबना है कि संकुचित राजनीतिक नजरिये से चीजों को देखने की आदत के कारण तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति की पीड़ा को भी बहुत गलत व विकृत ढंग से देखा है। राष्ट्रपति का पद आज विशेष रूप से इसलिए भी सबके लिए सम्माननीय है कि वहां पर गरीब व वंचित आदिवासी समाज की एक महिला पहुंची है। द्रोपदी मुर्मू ने गरीब व वंचित समाज की महिलाओं का उनकी गरीबी और महिला होने के नाते शोषण बहुत निकट से देखा है। इसलिए उनके शब्दों में महिलाओं के प्रति पुरुषों की वर्चस्ववादी भावना के प्रति जो पीड़ा और आक्रोश है, उसे गहराई से समझा जाना चाहिए। राष्ट्रपति के कथन को राजनीतिक चश्मे से देखना किसी प्रकार भी उचित नहीं कहा जा सकता है।

– **महेश नेनावा,** इंदौर

योगी आदित्यनाथ का आह्वान

योगी आदित्यनाथ की बात आज हर भारतीय, खासकर हिंदुओं को समझने की जरूरत है कि अगर हम एक होकर मिलजुल कर रहेंगे तो हम सब हर मुसीबत से बचकर सुरक्षित रह सकते हैं। सभी जानते हैं कि संगठन में शक्ति होती है अत: हम सबको संगठन बनाकर एकजुट होकर रहना बेहद जरूरी है। आज की परिस्थितियों में जो एकजुट नहीं है उसके खंडित होने की संभावनाएं ज्यादा है। यदि हम जातियों में बंट कर रहेंगे तो हम पर खतरा हमेशा बना रहेगा। अत: राष्ट्र में हमारी एकता से बढ़कर कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं है। अगर इस राष्ट्र को बचाना है तो एकता बनाकर रखना बेहद जरूरी है। पाकिस्तान, बांग्लादेश या अफगानिस्तान में भी संभवत: हिंदू इतने एकजुट व आक्रामक नहीं थे, जिसकी आवश्यकता थी। शायद इसके पीछे 2014 से पहले भारत की अधिकांश सरकारों की नीति भी थी जो विदेशों में रहने वाले हिंदुओं को भारत से जोड़ने और उनके साथ जुड़ने में शर्म का अनुभव करती थीं। पंथनिरपेक्षता की गलत और संकुचित समझ के कारण जहां देश में हिंदुओं को जातियों में बांट कर एक दूसरे के खिलाफ लड़ाया गया, वहीं विदेशों में हिंदुओं की पीड़ा और उत्पीड़न पर सरकारें मौन रहीं। अब मोदी और योगी के बाद स्थिति पूरी तरह बदली है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

झोलाछाप डाक्टर

झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा मरीजों का अवैध उपचार किए जाने के मामले बढ़ते जा रहे हैं जिससे मरीजों की जान को भी खतरा रहता है। यह डॉक्टर बिना किसी मेडिकल डिग्री या प्रमाणपत्र के गंभीर बीमारियों तक का इलाज कर रहे हैं। झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा सख्त कार्रवाई के निर्देश के बावजूद इनकी गतिविधियां जारी है। इसका कारण यह है कि अधिकांश एमबीबीएस डाक्टर गांवों में रहना पसंद नहीं करते और शहरों में महंगे डॉक्टर से इलाज करवाने की क्षमता ग्रामीण मरीजों में नहीं है। आयुष्मान कार्ड धारक भी छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए इन्हीं झोलाछाप डॉक्टरों पर निर्भर है। देश में बनी पहली गैर-कांग्रेस सरकार के स्वास्थ्यमंत्री स्वर्गीय राजनारायण ने गांव-गांव में थोड़े प्रशिक्षण के बाद स्वास्थ्य स्वयंसेवकों की आदर्श व्यवस्था की थी। चीन के बेयरफूट डाक्टर्स के पैटर्न वाली ऐसी व्यवस्था भारत में दूरदराज ग्रामीण लोगों के लिए लाभदायक हो सकती है। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, नर्सों, आशा बहनों व अन्य संवर्गों को भी छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज का समुचित प्रशिक्षण देने के साथ समय-समय पर अल्पकालीन कोर्सों से उनका उच्चीकरण किया जा सकता है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

महिला आर्थिक सशक्तीकरण

पुरुषों के मुकाबले कामकाजी महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है। श्रमबल के बारे में सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार कुछ मामलों में कामकाजी महिलाएं पुरुषों से आगे हैं। अब कामकाजी महिलाओं की संख्या 49 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इसी तरह वेतनभोगी पुरुषों की संख्या में कमी आई है। खासकर सेवा क्षेत्र में वेतनभोगी महिलाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यह 64.2 प्रतिशत तक पहुंच गई है। हालांकि, महिलाओं की बेरोजगारी दर भी 8.5 से बढ़कर 9 प्रतिशत हो गई है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए उनमें बेरोजगारी घटाना जरूरी है। भारत सरकार तथा राज्य सरकारों की लखपती दीदी व ड्रोन दीदी जैसी अनेक नीतियों से ग्रामीण व अर्धकुशल महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण देश और समाज को बदलने की दिशा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के साथ उनके प्रति पुरुषों की वर्चस्व वाली सोच में भी बदलाव लाना जरूरी है।

– **दत्तप्रसाद शिरोडकर,** मुंबई

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सेफ सिटी पर हुई चर्चा

● बरदहिया से अतिक्रमण हटाये जाने का हुआ निर्देश

संवाददाता। संतकबीरनगर

जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा समिति की विगत बैठकों में दिए गए निर्देशों की विभिन्न विभागों द्वारा अनुपालन आख्या एवं कृत कार्यवाही की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन से संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि मेहदावल बायपास के वेंडर्स को आवागमन की सुविधा की दृष्टिगत आसपास के खाली सरकारी जमीन पर जगह चिन्हित कर शिफ्ट करने की कार्यवाही की जाए। एनएचएआई मार्ग के किनारे झाड़ियों एवं नालों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। एआरटीओ एवं संबंधित पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में अभियान चलाकर माल वाहक गाड़ियों के पीछे विशेष तौर पर ट्रैक्टर ट्राली के पीछे रिफ्लेक्टर/रेडियम पट्टी लगाया जाए। शहर में चिन्हित जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को कंट्रोल रूम से जोड़ने की कार्यवाही से संबंधित जिलाधिकारी द्वारा अधिसाषी अधिकारी नगर पालिका एवं कार्यकारी संस्था को निर्देशित किया गया। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ने बताया कि शहर में 15 सामुदायिक शौचालय बनाए जाने हेतु जगह को चिन्हित करते हुए बनाने की दिशा में कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी ने बरदहिया बाजार में सड़कों के किनारे आवागमन को सुगम बनाने के दृष्टिगत सड़कों के किनारे सटाकर दुकान लगाने वालों को एक बॉर्डर लाइन निर्धारित करते हुए उसके पीछे ही दुकान लगाने की अनुमति दी जाए, उन्होंने कहा कि इस संबंध में व्यापार मंडल से वार्ता कर सड़क के किनारों पर दुकान लगाने की सीमा निर्धारित कर दी जाए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि जनपद के मुख्य चौराहों पर यातायात के समुचित व्यवस्था हेतु ट्रैफिक लाईट की व्यवस्था करायी जाय तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से सम्बंधित संकेतको को भी स्पष्ट रूप से दर्शाया जाए।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुआ उदया इंटरनेशनल स्कूल में आयोजन

संतकबीरनगर। जनपद में स्थित उदया इण्टरनेशनल स्कूल में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सुप्रसिद्व हॉकी खिलाड़ी मेयर ध्याचन्द को याद करते हुए खेल संबंधी अनेक गतिविधियॉ क्रियान्वित हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबन्धक अंकित राज तिवारी एवं प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी के कर-कमलों द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ मशाल जलाते हुए किया गया। विद्यालय के युवा प्रबंधक, सबके दिलों पर राज करने वाले अंकित राज तिवारी ने बच्चों को जीवन में खेल के महत्व और आज के दिन को खेल दिवस के रूप में मनाये जाने के इतिहास के बारे में उपस्थित सभी लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस दिन भारतीय हाकी के करिश्माई खिलाड़ी मेज ध्यान चन्द की जयन्ती होती है, ऐसे में उन्हें याद कर सम्मान देने और श्रद्वाजलि अर्पित करने के लिए उनके जन्मदिन 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया गया है। भारत सरकार ने 2012 से इनकी जन्मतिथि पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने की घोषणा की थी। विद्यालय के प्रधानाचार्य एस0के0 त्रिपाठी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे छात्रों को सम्बोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

गदागंज पुलिस द्वारा किए गए लूट के खुलासे पर उठ रहे सवाल

संवाददाता। डलमऊ, रायबरेली

लूट के मामले पर ताबड़तोड़ खुलासे के बाद तो मानो भूचाल सा आ गया। पुलिस द्वारा खुलासे पर क्षेत्र वासियों द्वारा प्रदर्शन की स्थित बन गयी। जिसमें जेल भेजे गए युवक के परिजनों और सैकड़ों स्थानीय लोगों ने गदागंज एसओ पर मनगढ़ंत खुलासे का आरोप लगाते हुए उन पर अनुचित दबाव बनाने जैसे कृत्यों को बल मिलने लगा। जिसमे गदागंज एस ओ के आलोचक भी सक्रिय भूमिका निभाने लगे और गदागंज एसओ की कार्यशैली पर संदेह खड़ा कर उन्हें हटाने का दबाव बनाने लगे।

मामला गदागंज थाना क्षेत्र का है जहां 20 अगस्त को एक स्थानीय व्यापारी के साथ बाइक और 8 लाख रुपये की लूट होती है। जाहिर है लूट जैसी वारदात के बाद पुलिस महकमे का सक्रिय होना लाजिमी है। जो हुई भी पर पर घटना के लगभग तीन चार दिनों के बाद अचानक एक युवक एक अन्य प्रधान प्रतिनिधि के साथ रुपयों से भरा बैग लेकर पुलिस के पास पहुंच जाता है। जहां से पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेज देती है। अब यही से प्रदर्शनकारियों के घटनाक्रम का खेल शुरू हो जाता है और खुलासे पर कई तरह के आरोप लगने लगते है।

जो कुछ सवालों के बिना अधूरे मालूम पड़ते है। व्यापारी द्वारा बाइक और 8 लाख की लूट की तहरीर पुलिस को प्राप्त हुई। जिसमे लूट का पैसा सात लाख की बरामदगी कुछ सवाल खड़ा कर देती है।

जिन बिंदुओं की नि:संदेह जांच होनी चाहिए जैसे घटना में लूटी गई बाइक की बरामदगी नही हो पाई मानो लुटेरों के लिए पैसों को छोड़कर अपाचे बाइक ले जाना ज्यादा आसान रहा। दूसरा सवाल की लूटे गए पैसों को तीन युवकों ने देखा तो दो युवक क्यों छोड़े गए। तीसरा सवाल क्या लूट की रकम मिलने के बाद तत्काल पुलिस को सूचना क्यों नही दी गयी उसे अपने पास रखने का क्या औचित्य बनता है। और चौथा सवाल की क्या लूट की वारदात के समय जेल भेजे गए आरोपी का मोबाइल नेटवर्क उसी इलाके में था जहां लूट की घटना हुई। क्या पूछताछ के लिए पकड़े गए आरोपियों को किसी साफ सफेदपोश नेता के दबाव में आकर छोड़ा गया या वो निर्दोष थे इसलिए जाने दिया गया।

क्या गदागंज पुलिस ने जल्दबाजी दिखाते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की जबकि अभी तक लूट की बाइक की बरामदगी नही हो सकी। अगर पैसा मिला तो बाइक भी मिलनी चाहिए थी. ये ऐसे सवाल है जिनके जवाब जरूरी है जो जांच के बाद ही खुल सकते हैं।

हॉकी के जादूगर के जन्म दिवस पर आयोजित हुई हॉकी प्रतियोगिता

श्रावस्ती, भिनगा। खेल निदेशालय उप्र के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम श्रावस्ती द्वारा स्व मेजर ध्यानचन्द के जन्म दिवस 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस-2024 के अवसर पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव खडायत एवं विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य अलक्षेन्द्र इण्टर कॉलेज ज्योति प्रकाश पाण्डेय द्वारा स्व0 मेजर ध्यानचन्द के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। उपस्थित समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों तथा खेल संघ के पदाधिकारियों द्वारा पुष्प अर्पित किया गया। इसके उपरान्त क्रीडाधिकारी शिव कुमार यादव द्वारा स्व0 मेजर ध्यानचन्द्र का जीवन परिचय देते हुऐ उनके खेल इतिहास पर प्रकाश डाला और बताया कि उनके जीवन से प्रेरणा लेकर खेलों में उच्च स्थान हासिल किया जा सकता है। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 26 से 31 अगस्त तक जूनियर बालक/बालिका वर्ग फुटबॉल एथलेटिक्स जूनियर बालक वर्ग खो-खो कबड्डी एवं 14 वर्ष से कम आयु के बालकों की हॉकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

जन्म दिवस पर याद किए गए मेजर ध्यानचंद, दी गई श्रद्धांजलि

● न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मंदिर में हुआ खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

● बीएमपीएस में मेजर ध्यानचंद की जयंती खेल दिवस के रूप में मनाई गई

लालगंज, रायबरेली। कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में विश्व प्रसिद्ध हाकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विविध प्रकार के खेल हुए। उल्लेखनीय है कि बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बच्चों के बहुमुखी विकास हेतु सभी प्रकार के आयोजन किए जाते रहे हैं। मेजर ध्यानचंद विश्व प्रसिद्ध हॉकी के खिलाड़ी रहे हैं उनकी जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक शांतनु सिंह ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए बताया मेजर ध्यानचंद हॉकी के जादूगर के रूप में जाने जाते रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य श्री तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने ध्यानचंद जी के सम्मान में श्रद्धापूर्ण मन से उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर स्कूल की छात्रा नैन्सी ने मेजर ध्यानचंद के जीवन से जुड़े अनेक प्रेरक प्रसंगों से अपने सहपाठियों को अवगत कराया।

वहीं न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मंदिर में 'सुभाष हाउस' के सौजन्य से 'हॉकी के जादूगर' मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल के पीटीआई टीचर विवेक सिंह एवं धनंजय कुमार के नेतृत्व में स्कूल ग्राउंड में छात्राओं को जैवलिन थ्रो, शॉट पुट एवं लॉन्ग जम्प जैसे खेलों में एक दूसरे से आगे निकलने की लालसा में अपना दमखम दिखाने का मौका मिला।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य जी ने बच्चों को बताया कि पद्मभूषण अलंकृत ध्यानचंद जी का पूरा जीवन खेल को समर्पित रहा। हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने अपने परिश्रम व समर्पण से विश्व पटल पर माँ भारती का गौरव बढ़ाया है।

प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें उद्यमियों की समस्याएं: जिलाधिकारी

संवाददाता। गोंडा

बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में उद्योग बंधु, श्रम बंधु व व्यापार बंधुओं की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। उद्योग बंधु की बैठक में सर्वप्रथम पिछले कार्यवृत्ति की अनुपालन स्थिति जानी गयी। जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं से अवगत हुए एवं संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देश दिए।

बैठक में सीडीओ अंकिता जैन ने उपायुक्त उद्योग के स्तर से आवेदनकर्ता की पात्रता व सभी संबंधित औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद उसे बैंकों एवं अन्य अधिकारियों को अग्रसारित किया जाय। अग्रसारित होने के बाद यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी आवेदन अस्वीकृत न हो। सभी लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। उद्योग बंधु की बैठक में एक जनपद एक उत्पाद योजना की प्रगति भी जानी गयी तथा जिलाधिकारी ने सभी उद्यमियों को प्रोत्साहित भी किया। बैठक में व्यापारियों द्वारा शहर में जाम, विद्युत, शौचालय सड़क मार्ग आदि को लेकर समस्या उठाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने उन्हें तत्काल समस्या निस्तारण करने के निर्देश दिये। बैठक में पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा भी की गई।

कजरीतीज के पावन अवसर पर जलाभिषेक के संबंध में हो रही तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि कजरीतीज से पहले सारी व्यवस्थाएं दुरूस्त कर लीं जाये। साथ ही पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की तैनाती की जाय। ताकि किसी प्रकार की कोई दिक्कत न होने पाये। इसके साथ ही बैरीकेटिंग की व्यवस्था बहुत ही अच्छी होनी चाहिये। इसके साथ ही बाबा पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर के महंत के द्वारा वहां पर चल रही व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराया गया। इसी प्रकार बाबा दु:खहरण नाथ मंदिर के महंत के द्वारा सारी व्यवस्थाएं के संबंध में जानकारी दी गई तथा संबंधित क्षेत्र के थानाध्यक्ष के द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में अवगत कराया गया।

पीएम आवास योजना में आवास आवंटन को लेकर डीएम-सीडीओ ने की बैठक

संवाददाता। अमेठी

आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निशा अनंत और मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)-2024 के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में आवासविहीन पात्र लाभार्थियों के सर्वे हेतु संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया है कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत आगामी चरण 2024-25 से 2028-29 तक के लिये पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें आवास बनाने के लिये सहायता धनराशि दी जायेगी। इसके लिये पात्र परिवारों का सर्वे किया जायेगा, इससे पीएम आवास योजना से वंचित लोगों को आवास मिलेगा।

उन्होंने बताया है कि पीएम आवास योजनान्तर्गत पात्र परिवारों के चयन हेतु निर्धारित मानक में संशोधन किया गया है। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन की मंशा और योजना के निर्धारित नवीन संशोधित पात्रता मानक के अनुसार पारदर्शिता के साथ शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। योजना के नये संशोधित मापदण्ड के प्रचार प्रसार हेतु विकास खण्ड व ग्राम पंचायत स्तर पर बैठक कराते हुये जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में 'पीएमएवाईजी-सर्वे 2024 की कार्यवाही शीघ्र करायें।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया है कि ग्राम पंचायत सचिव के माध्यम से सभी ग्राम पंचायतों में ''प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण लाभार्थी चयन 2024 रजिस्टर'' रखा जाये जिसमें आवास से सम्बन्धित समस्त आवेदन पत्रों, प्रार्थना पत्रों तथा शिकायती पत्रों के निस्तारण का विवरण अंकित किया जाये। पात्रता एवं अपात्रता के नवीन मानक ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थल पर वाल राइटिंग कराया जाये जिससे आम जनमानस में प्रचार हो सके तथा पात्र व बेघर परिवार इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठा सकें।

डम्फर से टकराई रोडवेज बस, चालक की मौत

शुकुल बाजार, अमेठी। थाना क्षेत्र से होकर गुजर रही पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है जहां तेज रफ्तार रोडवेज बस अनियंत्रित होकर सामने जा रही डम्फर से टकरा गई। हादसे में चालक की मौत हो गई जबकि परिचालक मामूली रूप से घायल हो गया। बस पर सवार 9 यात्री सुरक्षित थे जिन्हें दूसरी बस से उनके गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस विधिक कार्रवाई में जुट गई है। पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे स्थित किलोमीटर संख्या 69 पारा गांव के पास का है। जहां बलिया से कानपुर जा रही रोडवेज बस सामने जा रहे डंपर के अचानक ब्रेक लगाने से डंपर से टकरा गई। हादसे में ड्राइवर 35 वर्षीय अम्बरीश कुमार निवासी रतनपुर कानपुर गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि परिचालक विपिन कटियार भी मामूली रूप से घायल हो गया।

बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य ने आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूल का किया निरीक्षण

अमेठी। उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ई. अशोक कुमार यादव ने अपने दो दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान आज दूसरे दिन आंगनबाड़ी केंद्र तथा कंपोजिट विद्यालय धनी जलालपुर का निरीक्षण किया एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना को लेकर निरीक्षण भवन गौरीगंज में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सर्वप्रथम सदस्य ने कंपोजिट विद्यालय धनी जलालपुर का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली, मध्यान भोजन के बारे में पूछा मौके पर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सही नहीं पाई गई जिस पर उन्होंने प्रधानाचार्य को बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, विद्यालय प्रांगण में सदस्य ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा उपस्थित छात्र-छात्राओं से एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाने की अपील किया। इसके उपरांत उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र धनी जलालपुर का निरीक्षण कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, उन्हें पोषाहार उपलब्ध कराने, खेल सामग्री सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसके बाद सदस्य ने निरीक्षण भवन गौरीगंज में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा किया। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, बाल विकास, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की गहन समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

हथेरी गांव में शिवलिंग व शनिदेव के स्थान पर अराजकतत्वों ने की तोड़फोड़

जालौन , उरई। गांव के बाहर बने शिवलिंग व शनिदेव के स्थान पर अराजक तत्वों ने तोड़फोड़ कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस मामला शांत कराया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हथेरी में गांव के बाहर सरकारी विद्यालय के पास एक चबूतरे पर शिवलिंग की स्थापना की गई। साथ ही में शनिदेव की भी प्रतिमा स्थापित है। ग्रामीण इस स्थान पर शिवलिंग और शनिदेव की पूजा पाठ करते हैं। गुरूवार की सुबह इस जगह पर जब ग्रामीण पहुंचे तो किसी अराजक तत्व ने शनिदेव की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया था। वहां पत्थर पड़े हुए थे और किसी पत्थर को प्रतिमा पर मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया था। जब गांव में लोगों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर कोतवाल वीरेंद्र पटेल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना को लेकर ग्रामीणों से जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि रात में प्रतिमा सही थी। सुबह प्रतिमा खंडित मिली। रात में किसी अराजक तत्व ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास करते हुए प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। कोतवाल ने आश्वासन दिया कि जिसने भी प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया है। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दूसरी प्रतिमा स्थापित कराई जाएगी। इस बाबत सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने बताया कि अभी किसी ने तहरीर नहीं दी है। पुलिस मौके पर पहुंची है। मामले की जांच कर आराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

किसी के साथ गलत हो तो छात्राएं तत्काल हेल्पलाइन नंबरों पर बताएं

● केजीएबी विद्यालय में मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक

संवाददाता। कोंच, जालौन

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मिशन शक्ति के अंतर्गत पुलिस ने गोष्ठी कर छात्राओं को जागरूक किया। सीओ अर्चना सिंह ने कहा कि किसी के साथ अगर कुछ गलत हो रहा है या होने की आशंका है तो शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर्स का उपयोग करें, तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

कांशीराम कालोनी के समीप कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में गुरुवार को मिशन शक्ति के तहत जागरूकता गोष्ठी का आयोजन सीओ अर्चना सिंह के मुख्य आतिथ्य और प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। सीओ ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाते हुए कहा, खुद में आत्मविश्वास पैदा करें और किसी भी विषम परिस्थिति का पहले स्वयं मुकाबला करें और तत्काल हेल्पलाइन नंबर्स पर अपनी परेशानी बताएं। अगर कोई परेशानी है तो सबसे पहले अपने घर पर बताएं या स्कूल हैड को जानकारी दें। ऐसा करके किसी भी संभावित बड़ी घटना को रोका जा सकता है।

सरकार महिलाओं और बच्चियों के प्रति घटित होने वाले अपराधों को रोकने के लिए पूरी तरह संवेदनशील है। प्रभारी निरीक्षक ने 112, 1090, 1098 आदि हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में बताने के साथ यह भी जानकारी दी कि रात 10 से सुबह 7 बजे के बीच अगर कोई महिला या छात्रा कहीं अकेली है तो 1091 नंबर का उपयोग कर सकती है, पुलिस उसे सुरक्षित उसके घर तक छोड़ कर आएगी। उन्होंने यह भी कहा कि खुद तो जागरूक हों ही, अपने घर और आसपास भी औरों को जागरूक करें। साइबर ठगी से बचें और शिकार होने पर 1930 नंबर पर कॉल करें। स्कूल की वार्डन वंदना वर्मा ने संचालन करते हुए कहा, खतरा केवल बाहर या बाहरियों से ही नहीं है बल्कि घर में भी बहुत सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है।

देवनगर चौराहे से चुर्खी रोड तक गड्ढों की भरमार, राहगीर परेशान

जालौन, उरई। नगर के प्रवेश द्वार देवनगर चौराहे से नगर की सीमा तक चुर्खी रोड ध्वस्त हो गया है। महीने के पहले सप्ताह में गिट्टी व डस्ट डालकर गड्ढे भरने का प्रयास किया गया था। बारिश के बाद एक बार फिर गड्ढे हो गए हैं। लोक निर्माण की टीम ने गुरूवार को नगर में पहुंचकर उपरोक्त सड़क का निरीक्षण किया और गड्ढे भरने के लिए गिट्टी व डस्ट डालने के निर्देश दिए।

नाला निर्माण के बाद से चुर्खी मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया है। मार्ग ध्वस्त होने के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्र की जनता परेशान हैं। इस मार्ग से लगभग एक दर्जन से ज्यादा गांवों का तहसील मुख्यालय से संपर्क जुड़ता है। इसके साथ ही इस मार्ग पर प्राथमिक से परास्नातक तक के स्कूल, कॉलेज व उत्सव गृह संचालित हो रहे हैं। मार्ग ध्वस्त होने के कारण जनता परेशान हैं। जनता की परेशानी को लेकर लगातार प्रकाशित हो रही खबरों को सज्ञान में लेते हुए क्षेत्रीय विधायक गौरीशंकर वर्मा लोक निर्माण विभाग की टीम के साथ तीन अगस्त को निरीक्षण किया था। निरीक्षण के बाद लोक निर्माण विभाग ने जनहित को देखते हुए गिट्टी व डस्ट से गड्ढे भरवाने का काम चार अगस्त से शुरू करा दिया था। गिट्टी व डस्ट गिरने के बाद सड़कों के बड़े-बड़े गड्ढों से राहत मिल गयी थी। लेकिन बारिश के चलते डस्ट पानी के साथ बह गई है। जिससे एक बार फिर गड्ढे हो गए हैं।

जांच में ठक्कर बप्पा कालेज में छात्र व छात्राओं के उत्पीड़न की हुई पुष्टि

● आरोपित शिक्षक के साथ प्रधानाचार्य भी निलंबित किए गए

संवाददाता। कालपी, जालौन

ठक्कर बापा इण्टर कालेज के निलंबित शिक्षक की मुसीबत और बढ़ सकती है। विभागीय जांच में उस पर छात्र छात्राओं के शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न की भी पुष्टि हुई है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी संस्तुति की है।

गत दिनों पहले नगर स्थित ठक्कर बापा इण्टर कालेज की शिक्षिका और कुछ छात्राओं ने विद्यालय के शिक्षक पर सनसनीखेज आरोप लगाए थे मामला प्रबंधन से लेकर पुलिस तक भी पहुंचा था लेकिन पुलिस ने इस मामले को प्रबंधन और शिक्षक के बीच का बताकर पल्ला झाड़ लिया था पर प्रबन्धन ने इस मामले को गम्भीरता से लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को भेजा था और मामले की जांच कराए जाने का आग्रह किया था जिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पण्डित ने टीम गठित कर आरोपो की जांच कराई थी और अब विभागीय जांच कमेटी ने भी शिक्षक पर लगे आरोपो की पुष्टि कर दी है तथा मामले में कानूनी कार्रवाई के लिए भी संस्तुति की है जो कोतवाली पुलिस के पास पहुंच गयी है।

जानकारों की माने तो इस मामले में शिक्षक के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला भी दर्ज हो सकता है। विद्यालय के प्रबन्धक रोहित विधार्थी की माने तो उन्होने जिला विद्यालय निरीक्षक की जांच रिपोर्ट के आधार पर कानूनी कार्रवाई के लिए पत्र कोतवाली पुलिस को भी भेजा है। वही सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी के अनुसार शिक्षा विभाग ने भी अपनी रिपोर्ट दे दी है जिसमे आरोपो की पुष्टि के साथ कार्यवाही की भी संस्तुति की गई है इसलिए शीघ्र ही इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जाएगी।

ठक्कर बापा इण्टर कालेज में काफी दिनों से कुछ भी ठीक नही था विद्यालय के कुछ शिक्षक और प्रधानाचार्य प्रबन्धन के खिलाफ खड़े हो गये थे प्रबन्धन ने विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार व शिक्षक महेश चन्द्र मोहन चौरसिया आदि को नोटिस देकर अनुशासन बनाए रखने की भी नसीहत दी थी लेकिन सुधार नही है।

लेकिन गत दिनो विद्धालय की शिक्षिका और कुछ बच्चो ने शिक्षक पर गम्भीर आरोप लगाए थे और यह मामला आला अफसरो तक पहुंचा था लेकिन मामले में सुधार नही हुआ था जिस पर विद्यालय के प्रबन्धक रोहित विधार्थी ने गत 28 अगस्त वुधवार को शिक्षक और प्रधानाचार्य को निलम्बित कर दिया है।

सीडीओ की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की जिलास्तरीय टास्क फोर्स बैठक में निर्देश

● आधार नामांकन एवं ब्लॉक डेवलपमेंट प्लान की प्रगति में विशेष ध्यान दिया जाना अतिआवश्यक मुख्य विकास अधिकारी

कानपुर देहात। सीडीओ लक्ष्मी एन0 की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई। सीडीओ ने अक्टूबर माह में निपुण विद्यालय हेतु चयनित 452 विद्यालयों के बच्चों का प्रतिदिन निपुण लक्ष्य ऐप पर आकलन करनेए संदर्शिकाओं का प्रयोग करने और परियोजना द्वारा दी गई शिक्षण सामग्री का समुचित प्रयोग करने के निर्देश दिए। चयनित विद्यालयों के बच्चों की प्रगति का पाक्षिक आकलन करने के संबंध में निर्देशित किया कि ऐसे विद्यालयों से साप्ताहिक रूप से एआरपी द्वारा डाटा प्राप्त कर एसआरजी द्वारा संकलित किया जाए। यदि कोई शिक्षक साप्ताहिक रिपोर्ट नहीं देता है तो उसके संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी या जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सूचित करें। बच्चों के आधार नामांकन और ब्लॉक डेवलपमेंट प्लान की असंतोष जनक प्रगति पर खंड शिक्षा अधिकारियों को कठोर चेतावनी निर्गत की गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्र जिला समन्वयक सौरभ श्रीवास्तव अरुणेश सचान अमित कुमार दीक्षित विनय विश्वकर्मा अजय सूर्यवंशी अश्वनी कुमार आनंद चौधरी देश वीर सिंह राजीव कुमार एसआरजी संत कुमार दीक्षित अजय कुमार गुप्ता अनन्त त्रिवेदी खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीकृष्ण प्रेमी अजब सिंह आनंद भूषण शैलेश द्विवेदी अजीत प्रताप सिंह चंद्रजीत सिंह अशोक सिंह संजय कुमार गुप्ता ईश्वर कांत मिश्रा डायट मेंटर्स एवं समस्त एआरपी उपस्थित रहे।

गांजे के खेत को अभियुक्त सहित किया गिरफ्तार

बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा में बांदा ऑपरेशन ईगलश् के क्रम में अवैध गांजे की खेती करने वाले अभियुक्त को थाना कालिंजर पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से 65 किलोग्राम अवैध हरा गांजा व 350 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद। अभियुक्त अपने घर के अन्दर बाड़े में करता था अवैध गांजे की खेती। बांदा पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध तथा जनपद को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाया जा रहा है ऑपरेशन ईगल पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध तथा जनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से ऑपरेशन ईगल चलाया जा रहा है जिसमें अब तक कई बड़ी कार्यवाही की गई है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा लक्ष्मीनिवास मिश्र के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नरैनी अम्बुजा त्रिवेदी के नेतृत्व में थाना कालिंजर पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध गांजे की खेती करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना कालिंजर पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम नौगवां में एक व्यक्ति तस्करी के उद्देश्य से व्यापक पैमाने पर अपने घर के पीछे बाड़े में अवैध रुप से गांजा की खेती किये हुए है साथ ही अवैध हरे गांजे को सुखाकर बिक्री करता है । सूचना पर पुलिस द्वारा छापेमारी कर अभियुक्त को अपने घर के बाड़े में अवैध गांजे की खेती करते हुए पकड़ा गया।

डीएम ने की बैंकों की जिलास्तरीय समीक्षा समिति एवं जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक दिये निर्देश

● डीएम ने की बैंकों की जिलास्तरीय समीक्षा समिति एवं जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक दिये निर्देश

कानपुर देहात। जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) की बैठक मॉ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। डीएम ने वित्तीय वर्ष 2024.25 के लिए वार्षिक ऋण योजना सहित अन्य योजनाओं में जनपद के बैकों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष योजनावार प्रगति की जानकारी संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बैक के प्रतिनिधि से प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि ऋण पत्रावलियों को बैकों में लम्बित न किया जाए, अपूर्ण पत्रावली को सम्बंधित विभाग बैंक एवं आवेदक के साथ समन्वय स्थापित कर पूर्ण कराते हुए नियमानुसार ऋण पत्रावलियों को स्वीकृत कर दिया जाए। कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने में बैकों का बहुत बड़ा योगदान है, इसमें रूचि लेते हुए बैंक अधिकारी लम्बित पत्रावलियों का अबिलम्ब निस्तारित करना सुनिश्चित करें।

कृषकों, पशुपालकों, मत्स्य पालकों की अधिक से अधिक केसीसी बनाई जाए। विभिन्न बैंकों को ऋण जमानुपात बढ़ाने के निर्देश दिये। ऋण जमा अनुपात में अपेक्षित वृद्धि, वार्षिक ऋण योजना, केसीसी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के पात्र किसानों को केसीसी से संतृप्त करना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना, पीएम मुद्रा योजना, सीएम ग्रामोद्योग रोजगार योजना, ओडीओपी में उपलब्धि, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, स्वत: रोजगार योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सहित सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं में बैंकवार आंवटित लक्ष्य एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी।

गांव में मुसीबत की बाढ़, गंगा खतरे के निशान के निकट

फर्रुखाबाद। बीते कई दिनों से गंगा में उफान जारी है। गंगा खतरे के निशान से महज 10 सेंटीमीटर दूर ही हैं। जिससे गंगा के जद में आनें वाले गाँव जलमग्न हो गये है। गंगा में लगातार जलस्तर बढ़ रहा है। अमृतपुर तहसील क्षेत्र में गंगा का बाढ़ का पानी बढने से एक दर्जन से अधिक गांव में बाढ़ का पानी भर गया है, वहीं आधा दर्जन गांवों में आवागमन बंद हो चुके हैं, बाढ़ का पानी बढ़ने से किसानों की सैकड़ो बीघा फसल खराब बर्बाद हो चुकी हैं,। इस दौरान चित्रकूट डीप पर 2 फीट पानी बह रहा है, पुलिस की तरफ से बेरिकेटिंग की गई है, लेकिन वाहन चालक बेरिंग कटिंग को हटाकर ही बाढ़ के पानी में वाहन निकल रहे हैं।

तहसील क्षेत्र के गांव तीस राम की मड़ैया, भुड़िया भेड़ा, चित्रकूट, अंबरपुर, कुतलूपुर, कुसमापुर, भावपुर चौरासी, नगरिया जवाहर, उदयपुर, खानपुर, लायकपुर, बमियरी, रामपुर, जिग्राजपुर, जगतपुर कचनपुर सवलपुर में बाढ़ का पानी पहुंच चुका हैद्यगंगा का जलस्तर पांच सेंटीमीटर बढ़कर खतरे के निशान के करीब 137 मीटर पर पहुंच गया है। गंगा का खतरे का निशान 137.10 मीटर दर्ज है।

केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक नरौरा बांध से गंगा में 77,233 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। बिजनौर बैराज से 44,168 क्यूसेक और हरिद्वार बैराज से 59,110 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे गंगा का जलस्तर और बढ़ने की आशंका है। उधर रामगंगा का जलस्तर पांच सेंटीमीटर घटकर समुद्र तल से 136 मीटर ऊंचाई पर पहुंच गया है, जो चेतावनी बिंदु 136.60 मीटर से 60 सेंटीमीटर नीचे है। खोह, हरेली व रामनगर बैराज से 8591 क्यूसेक पानी रामगंगा में छोड़ा गया है। इससे रामगंगा का जलस्तर बढ़ने की आशंका है।

जिला उद्योग बंधु: उद्यमियों की समस्याओं का समय से कराएं निस्तारण: जिलाधिकारी

लखीमपुर खीरी। जिले के उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक हुई। बैठक के दौरान डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों, व्यापारियों, निर्यातकों की जायज समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। ताकि जनपद में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग एससी गर्ग ने किया।

डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। समस्याओं के तत्परतापूर्वक निदान से उद्यमियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। व्यापारियों द्वारा उठाई समस्याओं के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उद्यमियों के लिए हमारा कार्यालय हमेशा खुला है। उद्यमी सीधे उनसे सम्पर्क कर अथवा दूरभाष के द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत करा सकते है।

डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ में संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जानाएजल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए। उद्यमी अपनी समस्या के संबंध में प्रशासन को जानकारी देकर निदान करा सकते हैं। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु पुलिस प्रशासन तत्पर है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने बैठक की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए व्यापारियों की ओर से उठाई समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। बैठक में ने उद्यमियों ने संकटा देवी मार्ग से जुड़े संपर्क मार्गो की पुलिया की एप्रोच को ठीक करवानेए रोडवेज बस अड्डे के प्रवेश द्वार पर नया पत्थर डलवाने का अनुरोध किया। डीएम ने संबंधित अफसरो को समस्या निस्तारण के निर्देश दिए।

5.7 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

फतेहपुर। मलवां थाना पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त को 5.7 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार मलवां थाने के उपनिरीक्षक मनोज कुमार यादव अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। जब पुलिस टीम चखेड़ी तिराहा के समीप पहुंची तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने निर्भय तिवारी पुत्र स्व. जुगुल किशोर तिवारी निवासी ग्राम तेंदुली थाना बिंदकी को 5.7 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 188/2024 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक के अलावा प्रशिक्षु उपनिरीक्षक सतीश कुमार व कांस्टेबल अवधेश राजपूत भी शामिल रहे।

क्विक न्यूज

मैनुअल स्केवेंजरों, अस्वच्छ शौचालयों की मांगी गई सूचना

लखीमपुर खीरी। प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग, उप्र शासन लखनऊ द्वारा उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका में पारित आदेश के अनुपालन में हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुर्नवास अधिनियम 2013 (एमएसएक्ट.2013) के अन्तर्गत मैनुअल स्केवेंजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। यह जानकारी डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दी। डीएम ने बताया कि उक्त के क्रम में जनपद खीरी में सीडीओ ने समस्त ईओ नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत को पत्र प्रेषित किया थाए जिसकी सूचना शून्य प्राप्त हुई हैए उसके उपरान्त भी यदि कोई इस कार्य में संलिप्त शेष रह गया हैए तो तत्क्रम में मैनुअल स्कैवेंन्जरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगरीय क्षेत्र में समस्त ईओ नगर पालिका परिषदध्नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्र में डीपीआरओ के साथ.साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सम्बन्धित ब्लॉक के एडीओ (पंचायत) एवं सहायक/ग्राम विकास अधिकारी (स.क.) तथा कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) एवं पदेन जिला प्रबन्धक उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिप्त विकास भवन के समक्ष अपना स्वघोषणा आवेदन.पत्र जमाकर दावा कर सकते हैं। दावा प्रस्तुत करने हेतु अन्तिम तिथि 05 सितंबर 2024 निर्धारित की जाती है।

तमंचा-कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

फतेहपुर। हुसैनगंज पुलिस ने गश्त के दौरान एक अभियुक्त को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाने के उपनिरीक्षक अवधेश सिंह अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से गश्त कर रहे थे। तभी एक युवक संदिग्ध हालत में खड़ा दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। अभियुक्त ने अपना नाम राम बाबू लोधी उर्फसकतू पुत्र स्व. रामशरन निवासी ग्राम हैबतपुर थाना हुसैनगंज बताया। पुलिस ने उसके खिलाफथाने पर मु0अ0सं0 151/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक के अलावा हेड कांस्टेबल धर्मराज व शिवशंकर भी शामिल रहे।

वांछित को पुलिस ने दबोचा

फतेहपुर। खागा कोतवाली पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 239/2024 धारा 80(2)/85 बीएनएस 4 डीपी एक्ट से संबंधित वांछित चल रहे अभियुक्त कुलदीप सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी ग्राम काही टिकुरी थाना खागा को गश्त के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार यादव, कांस्टेबल राहुल यादव व राजबहादुर शामिल रहे।

पुलिस ने तमंचा सहित युवक को दबोचा

गुरसहायगंज (कन्नौज)। एसपी अमित कुमार आनन्द के निर्देशन, एएसपी अजय कुमार के मार्गदर्शन एवं सीओ सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण मे कोतवाली पुलिस द्वारा एक युवक के पास से अबैध तमंचा व कारतूस सहित हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने हेड कांस्टेवल अशोक कुमार, कांस्टेवल अजय कुमार के साथ संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान कस्वा समधन मेन रोड सौरिखी मस्जिद के पास से मो. करार पुत्र इकराम निवासी मोहल्ला सिकन्दरनगर समधन के पास से एक 315 बोर का तमंचा व दो कारतूस बरामद कर हिरासत में लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा मे न्यायालय भेजा गया।

पुलिस हिरासत में मौजूद आरोपी।

जिला सड़क सुरक्षा समिति: डीएम ने ली बैठक, दिए निर्देश

लखीमपुर खीरी। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जानेए यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव और एआरटीओ अखिलेश कुमार द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्षता करते हुए डीएम ने जिले में घटित दुर्घटनाओ का विश्लेषण करते हुए नए ब्लैक स्पॉट एवं बनरेबल लोकेशन चिन्हित करने के निर्देश दिए। सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से चीनी मिल वाहनों में रिफ्लेक्टरए लाल कपड़ा अनिवार्य रूप से लगाया जाए। परिवहन महकमा जारी काट्रैक्ट कैरेज, स्टेज कैरेज के परमिट की शर्तो का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराए।

हादसे का शिकार हुई स्कूली वैन, पांच बच्चे घायल

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र में बहुआ कस्बे से ललौली की ओर जाने वाले मार्ग पर सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण एक बाइक पर सवार परिवार की तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो गई। सामने से आ रही स्कूली वैन से टकरा गई। हादसे में वैन में सवार 9 बच्चों में से 4 बच्चे घायल हो गए। बाइक सवार महिला और उसके दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक की तेज रफ्तार और गड्ढों के कारण बाइक सवार महिला वैन के शीशे को तोड़ते हुए अंदर घुस गई। जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई। हादसे के बाद रास्ते से गुजर रही गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल ने तत्कालिक मदद प्रदान की। मौके पर पुलिस को सूचना देकर घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान 6 बच्चों को मामूली चोटें आने के बाद घर भेज दिया गया, तीन बच्चों, बाइक सवार महिला और उसके दो बच्चों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

खाली प्लाट की बाउंड्री ना बनवाने पर होगी कार्रवाई: ईओ

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

सभी नगर वासियों को सूचित किया जाता है कि जिन व्यक्तियों के प्लाट मोहल्लों के अंदर खाली पड़े हुए हैं और उनमें गंदगी अधिक मात्रा में पाई जाती है। जो कि स्वच्छ सर्वेक्षण अधिनियम के विरुद्ध है। अत: जिन लोगों के खाली प्लाट बस्ती के अंदर बिना बाउंड्री के हैं उनमें बाउंड्री करवा लें बाउंड्री ना करवाये जाने की स्थिति में कानूनी प्रक्रिया के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी जिसके वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

यह जानकारी गुरुवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद कार्यालय में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि नागरिक पालिका द्वारा चलाए जा रहे स्वछता अभियान में सहयोग कर स्वच्छता को सतत बनाए रखें। इससे पूर्व उन्होनें सफाई नायक राजन राजपूत एवं सफाई इंचार्ज अशोक कुमार को नगर में खालीपडे प्लाटों की जियोटैग फोटो के साथ प्रस्तुत करनें के निर्देश दिये। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ लिपिक आरपी सिंह जिलेदार सिंह अशोक शर्मा राजेश वर्मा जगदीश सिंह वीर सिंह मनोज तिवारी गौरव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

जानकारी देते ईओ अनिल पंडित।

समाजवादी पार्टी प्रदेश में माफियाओं की शरणदाता: सांसद मुकेश राजपूत

फर्रुखाबाद । आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद मुकेश राजपूत ने लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी द्वारा लगाए गए आरोप एवं इलाहाबाद हाई कोर्ट के द्वारा जारी किए गए नोटिस पर कहा कि उनको ऐसा किसी भी प्रकार का नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा जब से लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई थी, तब से ही समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का इंडिया गठबंधन पूरे चुनाव में जनता को भ्रमित करता रहा पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल बनाने का प्रयास किया गया था।मतदान से पूर्व ही जनता को भ्रमित करने के लिए कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जिसमें मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी ने पूरे प्रदेश में पिछड़े एवं दलित समाज वर्ग के लोगों को संविधान और आरक्षण के नाम पर गुमराह करने का कार्य किया बल्कि सपा और कांग्रेस कभी भी संविधान और नियमों के आधार पर कार्य नहीं करती है,जब जब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के लोग सत्ता में रहे तब तब संविधान की धज्जियां उड़ाते रहे पूरे चुनाव भर खटखट योजना से जनता को गुमराह किया गया बल्कि जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है उन राज्यों में ऐसी कोई भी योजना लागू नहीं की है।

सांसद ने कहा लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान सपा प्रत्याशी ने बिजली काटने और धांधली करने का आरोप लगाया था और अलीगंज में 30 और 29 में राउंड में धांधली करने का आरोप लगाया जो की पूर्ण रूप से निराधार है,पहले वह चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा कर रहे थेऔर वह मुझको भी कटघरे में खड़ा कर रहे हैं तो यह दर्शाता है कि वह सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए इस प्रकार का कदम उठा रहे हैं बल्कि पूरे चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के द्वारा बांटी जा रही शराब को सरकार ने जप्त किया था बड़े पैमाने पर वोटरों को लुभाने के लिए धन का दुरुपयोग हो रहा था माता और बहनों के खाते में एक 100000 डालने का झूठा वादा किया जा रहा था लेकिन उसके बाद भी जनता ने उनके इस झूठ को अस्वीकार कर दिया।

अभी कुछ दिन पूर्व ही भारत के पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में तख्ता पलट के दौरान वहां अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हुए अत्याचार पर एक भी आवाज विपक्ष के द्वारा नहीं उठाई गई बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंदुओं पर हो रहे।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर जूनियर विद्यालय सिठमरा में खेल स्पर्धाओं का हुआ आयोजन

● 100 मीटर में दीपिका और प्रांजल तिवारीए 200 मीटर में सीता और करन रहे प्रथम

रूरा कानपुर देहात। उप्र।वर्ष 2012 से हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस 29 अगस्त को उत्सव के दिनों की सूची में शामिल किया गया है। चुनिंदा खिलाड़ियों को ध्यानचंद खेल रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। उक्त बात उच्च प्राथमिक विद्यालय सिठमरा के प्रधानाध्यापक शनेन्द्र सिंह तोमर ने दौड़ स्पर्धा के विजेता बच्चों को नकद धनराशि देकर पुरस्कृत करते हुए कही। दौड़ स्पर्धाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए प्रधान प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार ने कहा कि लोग बताते हैं कि हिटलर ने खुद मेजर ध्यानचंद को जर्मनी की सेना में शामिल करके बड़ा पद देने पेशकश की थी परंतु ध्यानचंद जी ने भारत में माता की सेवा करना स्वीकार किया। राज्य अध्यापक पुरस्कार से अलंकृत शिक्षक नवीन कुमार दीक्षित ने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने 1928, 1932, 1936 के ओलंपिक में अपने खेल कौशल से स्वर्णिम सफलताएं दिलाई थीं। विजेता बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में दीपिका प्रथम, दिव्या द्वितीयए नैन्सी ने तृतीय बालक वर्ग में प्रान्जल तिवारी प्रथम, संजय द्वितीय, अर्जुन ने तृतीय 200 मीटर बालिका वर्ग में सीता प्रथमएशिखा द्वितीयएसपना ने तृतीय बालक वर्ग में करन प्रथम, शनी द्वितीय, विवेक तृतीय स्थान पर रहे। संचालन शिक्षक गुंजन पाण्डेयए मायादेवी ने किया, अनुदेशक प्रियंका ने सफलतापूर्वक स्पर्धा सम्पन्न कराई।

रसूलाबाद कानपुर देहात। खेलों से जहां शारीरिक स्फूर्ति रहती है वहीं एकाग्रता भी बढ़ती है। शिक्षा के साथ खेल में भी बच्चे कैरियर बना रहे हैं और देश का नाम रोशन कर रहे हैं।विद्यालयों में शिक्षा के साथ खेल को भी बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि बच्चे स्वस्थ रहें और पढ़ाई में एकाग्रता रखें।

पार्टी संगठन को विस्तार और मजबूती देने का कार्य करते हैं कार्यकर्ता: अर्कवंशी

संडीला (हरदोई)। संडीला नगर मण्डल की सदस्यता अभियान की कार्यशाला में बोलते हुए नगर अध्यक्ष रमन नीतीश जायसवाल तथा विधायक अलका अर्कवंशी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता की ही पार्टी के मजबूत स्तंब है तथा पार्टी से जोड़ने के लिए चलने वाले सदस्यता अभियान में हमें पूरी शक्ति लगानी है। सदस्यता अभियान की कार्यशाला में बोलते हुए रमन नीतीश जायसवाल ने कहा कि सदस्यता पर्व का पहला चरण 1 सितंबर से 25 सितंबर तकए दूसरा चरण 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा। हर बूथ पर कम से कम 200 लोगों को सदस्य बनाने का संकल्प रखा गया है। पार्टी के सभी पदाधिकारी इस सदस्यता अभियान में पूरी ताकत से जुड़कर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने और विशाल आकार देने में अपना योगदान करें। इसी अवसर पर विधायक अलका अर्कवंशी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने चुनावों में असंभव लक्ष्यों को संभव बनाया है। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता पार्टी को लगातार मज़बूती दे रहे हैं। उन्होंनें कहा कि नए सदस्यों को जोड़कर हम सारे देश में भाजपा का परचम लहराएंगे। इसी अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विशुन दयाल शुक्ला, संतोष अस्थाना, सिद्ध प्रताप मौर्य, अतुल तिवारी, रामरतन वर्मा, जीतेन्द्र राठौर, महेन्द्र सोनी, अमित शर्मा, रिषभ खन्ना ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक में बोलती हुई अलका अर्कवंशी

पीएम आवास योजना ग्रामीण के पात्रों के मानकों में बदलाव

● अब पंद्रह हजार रूपये प्रतिमाह कमाने वाले भी होंगे पात्र

फतेहपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत आगामी चरण (वर्ष 2024-25 से वर्ष 2028-29) में योजना के क्रियान्वयन तथा बर्हिवेशन के मानक में संशोधन के संबंध में अवगत कराते हुये पात्र लाभार्थियों के चिन्हीकरण तथा आवास प्लस 2018 की सूची के अद्यतन किये जाने एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सर्वेक्षण 2024 सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से कराने हेतु जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता महात्मा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में गोष्ठी सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के आवास विहीन परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जाती है। डीएम ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि जनपद की समस्त ग्राम पंचायतो में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा बैठक आयोजित कर ग्रामवासियों को संशोधित मानक एवं सर्वेक्षण के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी जाये। बैठक को पीएमएवाई-जी सर्वे-2024 उन्मुखीकरण गोष्ठी का नाम दिया जाये। ग्राम पंचायत में तीन दिन पूर्व बैठक के संबंध में नोटिस निर्गत किया जाये। ग्राम पंचायत सचिव द्वारा इस विशेष प्रयोजन के लिये प्रत्येक ग्राम में एक रजिस्टर रखा जाएगा। रजिस्टर को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण लाभार्थी चयन रजिस्टर कहा जाएगा। चयन से जुडी प्रत्येक पहलू की जानकारी इस रजिस्टर में दर्ज की जाएगी। खंड विकास अधिकारी ने विकास खंड मुख्यालय पर सभी ग्राम प्रधानगण एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यगण तथा ग्राम पंचायत सचिव के साथ बैठक कर आवास के सर्वेक्षण एवं नये मानक के संबंध में जानकारी दी जाएगी। पात्रता एवं अपात्रता के मानकों की ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थान पर वालराइटिंग कराई जाए। 30 अगस्त तक ग्राम पंचायतवार सर्वेक्षणकर्ता का रजिस्ट्रेशन तथा मैपिंग का कार्य पूरा करें। गोष्ठी में सीडीओ पवन कुमार मीना ने 2024 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सर्वे में अपात्रता के मानक में हुए मानकों के बारे मे अवगत कराया गया। बताया कि पक्के मकान मे रहने वालों का बहिर्वेशन पक्की छत या पक्की दीवार वाले मकानों में रहने वाले सभी परिवार और दो से अधिक कमरों के मकान में रहने वाले परिवारों को इस प्रक्रिया में बाहर कर दिया जाता है। स्वत: बहिर्वेशन वर्ष 2018 के सर्वे में अपात्रता के 13 मानक निर्धारित किये गये थे जिनमें अब तीन मानक मोटरसाइकिल, रेफ्रिजरेटर, लैण्डलाइन फोन को हटा दिया गया है। वह परिवार जिनका कोई सदस्य आय 10000 रुपए प्रतिमाह कमा रहा था उसे बढ़ाकर 15000 प्रतिमाह कर दिया गया है। एआरटीओ, उपनिदेशक, कृषि, अग्रणी जिला प्रबन्धक, बैंक ऑफ बडौदा, डीसी मनरेगा तथा परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, सभी खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

शीर्ष अदालत ने हत्यारोपी को उच्च न्यायालय से तीन महीने के भीतर मिली जमानत रद्द की

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तारी के तीन माह के भीतर पटना उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत रद्द कर दी है। आरोपी एक शादीशुदा व्यक्ति है और उस पर अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर एक व्यक्ति की हत्या करने का आरोप है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने फैसला सुनाया कि उच्च न्यायालय को कुछ संवेदनशील गवाहों की गवाही का इंतजार करना चाहिए था। इन गवाहों में वे लोग भी शामिल हैं, जिन्होंने दावा किया था कि उन्होंने आरोपी को घटनास्थल पर देखा था या वे कथित विवाहेत्तर संबंध के बारे में जानते थे। पीठ ने 20 अगस्त के अपने आदेश में कहा, चूंकि उच्च न्यायालय का जमानत का आदेश बिना सोचे-समझे लिया गया फैसला है, इसलिए विवादित आदेश खारिज किया जाता

है। प्रतिवादी संख्या-एक (प्रीतेश कुमार) को दो सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया जाता है।

शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार के वकील के उस वचन का संज्ञान लिया जिसमें उन्होंने पीठ को अवगत कराया कि सुनवाई की अगली दो लगातार तारीखों पर निजी गवाहों को निचली अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा। पीठ ने कहा, इसके मद्देनजर, निचली अदालत को चार महीने के भीतर मुकदमे को सूचीबद्ध करने और उन गवाहों के बयान दर्ज करने का निर्देश दिया जाता है। इसमें कहा गया है कि गवाहों के बयान के बाद प्रीतेश को जमानत के लिए नए सिरे से आवेदन करने की स्वतंत्रता होगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, शिवहर जिले के विभूति कुमार सिंह की शिकायत पर 27 अक्टूबर, 2023 को प्रीतेश के खिलाफ हत्या और आपराधिक साजिश के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोपों के अनुसार, शिकायतकर्ता के चचेरे भाई चंदन कुमार सिंह की शादी एक महिला से हुई थी, जो कथित तौर पर प्रीतेश कुमार के साथ विवाहेतर संबंध में थी।

अभियोजन के अनुसार यह आरोप है कि जब पति को इस संबंध के बारे में पता चला, तो महिला और प्रीतेश ने उसे खत्म करने की साजिश रची। पीठ ने अपने आदेश में प्राथमिकी के हवाले से आदेश में लिखा, कथित साजिश को अंजाम देने के लिए, वे (प्रीतेश और महिला) बेडरूम में छिप गए और चंदन कुमार सिंह पर एक धारदार हथियार से हमला किया। मृतक के पेट, छाती और गर्दन पर चाकू से कई गहरे घाव किए गए। नतीजतन, चंदन कुमार सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। प्रतिवादी संख्या एक (प्रीतेश कुमार) को कथित तौर पर अर्धनग्न हालत में कमरे से भागते हुए देखा गया। फरार आरोपी प्रीतेश को पिछले साल दिसंबर में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, उच्च न्यायालय ने हिरासत की अवधि और मामले के तथ्यों और परिस्थितियों का हवाला देते हुए 14 मार्च को उसे जमानत पर रिहा कर दिया था।

वोट के लिए नकदी घोटाला मामले में विशेष अभियोजक नियुक्त किया जाएगा: कोर्ट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह 2015 के वोट के लिए नकदी घोटाला मामले की सुनवाई के लिए विशेष अभियोजक नियुक्त करेगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी भी आरोपी हैं। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई तेलंगाना से भोपाल स्थानांतरित करने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि वह तेलंगाना के अपने सहयोगियों से परामर्श करेगी और दोपहर दो बजे आदेश पारित करेगी। सुनवाई की शुरुआत में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता एवं विधायक जी जगदीश रेड्डी और तीन अन्य की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सी आर्यमा सुंदरम ने मुकदमे को स्थानांतरित किए जाने का अनुरोध करते हुए कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री इस मामले पर सार्वजनिक रूप से बयान दे रहे हैं।

जियो ग्राहकों के लिए 100 जीबी क्लाउड स्टोरेज मुफ्त मिलेगा: मुकेश अंबानी

भाषा। नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कंपनी के एआई और क्लाउड प्ले खंड को विस्तार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि रिलायंस जियो के ग्राहकों को 100 जीबी तक मुफ्त क्लाउड स्टोरेज मिलेगा। जियो ग्राहक इस क्लाउड स्टोरेज में अपने फोटो, वीडियो, दस्तावेज, डिजिटल सामग्री और डेटा को सुरक्षित रूप से स्टोर कर पाएंगे। अंबानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए कहा कि जियो एआई-क्लाउड वेलकम पेशकश को दिवाली के मौके पर जारी किया जाएगा।

उन्होंने कहा, यह एक शक्तिशाली और किफायती समाधान लाएगा जहां क्लाउड डेटा स्टोरेज और डेटा-संचालित एआई सेवाएं हर किसी के लिए, हर जगह उपलब्ध होंगी।

अंबानी ने कहा, जियो ग्राहकों को 100 जीबी तक का मुफ्त क्लाउड स्टोरेज मिलेगा, जिससे वे अपने सभी फोटो, वीडियो, दस्तावेज, अन्य सभी डिजिटल कंटेंट और डेटा को सुरक्षित तरीके से स्टोर करने के अलावा उन तक पहुंच बना पाएंगे। इससे अधिक स्टोरेज की जरूरत वाले लोगों के लिए भी हमारे पास सबसे किफायती कीमतें होंगी।

उन्होंने कहा कि जियो के मुताबिक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कुछ चुनिंदा लोगों के लिए आरक्षित विलासिता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई सेवाएं सभी उपकरणों, न कि केवल महंगे, उच्च-स्तरीय उपकरणों पर ही उपलब्ध होनी चाहिए। इस मौके पर रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा, हमने जेनरेटिव एआई (रचनात्मक कृत्रिम बुद्धिमत्ता) प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर हेलो जियो को और भी स्मार्ट बनाया है। भाषा की समझ में सुधार किया गया है और इसे अधिक मानवीय अहसास देने की कोशिश की गई है। अब, जियो सेट-टॉप बॉक्स पर सामग्री ढूंढना पहले से कहीं ज्यादा आसान है। आकाश अंबानी ने इस मौके पर जियोफोनकॉल एआई सेवा भी पेश की, जो उपयोगकर्ताओं को कोई भी कॉल जियो क्लाउड में रिकॉर्ड और स्टोर करने की सुविधा देती है। यह कॉल का सारांश भी दे सकती है और इसे दूसरी भाषा में भी अनुवाद कर सकती है। रिलायंस गुजरात के जामनगर में गीगावाट स्तर के एआई-सक्षम डेटा सेंटर स्थापित करेगी।

शिवकुमार के खिलाफ डीए मामले में सरकार की सहमति वापस लेने के विरुद्ध अर्जी खारिज

भाषा। बेंगलुरु

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की उस याचिका को बृहस्पतिवार को सुनवाई योग्य करार नहीं दिया जिसमें उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति (डीए) मामले की जांच के लिए दी गई सहमति वापस लेने संबंधी कांग्रेस सरकार के फैसले को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति के. सोमशेखर और न्यायमूर्ति उमेश एम अडिगा की खंडपीठ ने राज्य सरकार के 26 दिसंबर, 2023 के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज भी कर दिया, जिसमें 74.93 करोड़ रुपए के डीए मामले को जांच के लिए लोकायुक्त को भेजने का आदेश दिया गया था।

उच्च न्यायालय ने 67 पृष्ठ के फैसले में कहा कि याचिका में उठाए गए मुद्दों पर उच्चतम न्यायालय को विचार करना चाहिए। पीठ ने इस मामले पर अपना फैसला 12 अगस्त को सुरक्षित रख लिया था। सीबीआई ने पहले आरोप लगाया था कि शिवकुमार ने 2013 और 2018 के बीच आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की। इस अवधि के दौरान वह पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में मंत्री थे। पूर्ववर्ती भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने शिवकुमार पर मुकदमा चलाने के लिए सीबीआई को मंजूरी दी थी, जिसके बाद उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी और आय से अधिक संपत्ति के आरोपों के सिलसिले में जांच शुरू की गई थी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली राज्य की वर्तमान कैबिनेट ने 23 नवंबर को कहा था कि शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच के लिए सीबीआई को सहमति देने का पूर्ववर्ती भाजपा सरकार का कदम कानून के अनुरूप नहीं था और उसने मंजूरी वापस लेने का फैसला किया।

ममता ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को धमकी देने के आरोपों का खंडन किया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने सरकारी अस्पतालों के कनिष्ठ चिकित्सकों को कोई धमकी नहीं दी है। ए चिकित्सक आरजी कर अस्पताल की एक महिला चिकित्सक से कथित तौर पर दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में 21 दिन से हड़ताल कर रहे हैं। बनर्जी ने कहा कि कुछ लोगों ने उन पर प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों को धमकी देने का आरोप लगाया है, जो पूरी तरह से गलत है और दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार अभियान का हिस्सा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मैंने (मेडिकल आदि) छात्रों या उनके प्रदर्शन के खिलाफ एक भी शब्द नहीं कहा है। मैं उनके आंदोलन का पूरा समर्थन करती हूं। उनका आंदोलन जायज है। मैंने उन्हें कभी धमकी नहीं दी। धमकी देने का यह आरोप पूरी तरह से झूठा है।

तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद द्वारा आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने बुधवार को बंगाल के प्रदर्शनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों से तत्काल काम पर लौटने के लिए विचार करने का आग्रह किया था और कहा था कि वह हड़ताली चिकित्सकों के करियर को ध्यान में रखते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करना चाहतीं। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री की इस टिप्पणी को परोक्ष रूप से धमकी के तौर पर लिया और काम पर लौटने की उनकी अपील को मानने से इनकार कर दिया।

बनर्जी ने कहा, मैंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ बोला है। मैंने उनके खिलाफ इसलिए बोला है क्योंकि भारत सरकार के समर्थन से वे हमारे राज्य में लोकतंत्र को खतरे में डाल रहे हैं और अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने उनके खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने अपने समर्थकों को दिए गए संदेश के संबंध में भी स्पष्टीकरण जारी किया है। ममता ने कहा, मैं यह भी स्पष्ट करना चाहती हूं कि कल अपने भाषण में मैंने जो वाक्यांश (फोंश कारा) का प्रयोग किया था, वह श्री रामकृष्ण परमहंस का एक उद्धरण है। महान संत ने कहा था कि कभी-कभी आवाज उठाने की जरूरत होती है। जब अपराध और आपराधिक वारदातें होती हैं तो विरोध की आवाज उठनी ही चाहिए। उस मुद्दे पर मेरा भाषण महान रामकृष्ण के वक्तव्य का सीधा संदर्भ था।

भाजपा ने बुधवार को आरोप लगाया था कि बनर्जी ने विपक्ष की ओर से कथित अपमान के जवाब में अपने पुराने नारे बदला नहीं, बदलाव चाहिए से हटते हुए विपक्षी दलों को धमकी दी है। तृणमूल की छात्र शाखा की रैली में बनर्जी ने कहा कि बदलते समय और परिस्थितियों के अनुरूप नारे को अद्यतन करने की जरूरत है। उन्होंने 19वीं सदी के आध्यात्मिक संत रामकृष्ण परमहंस से जुड़ी एक कहानी का जिक्र करते हुए कहा, जब आपका अपमान किया जाता हो और दुष्प्रचार के माध्यम से आपको बदनाम किया जाता हो तो प्रतिरोध और विरोध करने का समय आ जाता है। हालांकि मैं कभी भी हिंसा को बढ़ावा नहीं देती, लेकिन जब आप पर ऐसे घिनौने हमले होते हैं, तो उसे चुपचाप बर्दाश्त न करें...। आप कैसे प्रतिक्रिया देते हैं यह आप पर निर्भर करता है।

विपक्ष ने इससे पहले उन पर राज्य में महिलाओं की सुरक्षा की मांग के लिए किए जा रहे लोकतांत्रिक आंदोलन में हिस्सा लेने वालों को धमकी देने का आरोप लगाया था। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर कहा, अब ज्यादा बात न बनाएं। आपके खिलाफ कोई दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार अभियान नहीं चलाया जा रहा है। मीडिया सच बोल रहा है। आपने प्रदर्शनकारी मेडिकल छात्रों और कनिष्ठ चिकित्सकों को धमकाया है और धमकी दी है कि अगर उन्होंने अपना आंदोलन जारी रखा तो उनके खिलाफ कार्वाई की जाएगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बनर्जी ने चिकित्सकों को डराने की कोशिश की कि उनके खिलाफ अगर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी तो उनके करियर के लिए परिणाम अच्छे नहीं होंगे। आपने झारखंड, बिहार, ओडिशा, असम, पूरे पूर्वोत्तर भारत, उत्तर प्रदेश में अराजकता फैलाने और यहां तक कि दिल्ली में एक निर्वाचित सरकार को गिराने के लिए अशांति पैदा करने की धमकी दी है।

संभवत: जंग लगे नट-बोल्ट ने शिवाजी की प्रतिमा के अंदर स्टील को कमजोर किया

नई दिल्ली, मुंबई। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के गिरने के पीछे संभवत: जंग लगे नट और बोल्ट हो सकते हैं। एक संरचना इंजीनियर ने यह बात कही। एक कंसल्टेंसी कंपनी से जुड़े संरचना इंजीनियर अमरेश कुमार ने कहा कि प्रतिमा के टखने , जहां पूरे ढांचे का वजन रहता है, स्थिरता के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं और इसलिए डिजाइन चरण के दौरान इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। गत सोमवार दोपहर को, तटीय सिंधुदुर्ग जिले के राजकोट किले में मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची मूर्ति गिर गई थी। भारतीय नौसेना द्वारा निर्मित इस मूर्ति का अनावरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगभग नौ महीने पहले किया था। अधिकारियों ने दावा किया है कि 45 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से बहने वाली हवाओं के कारण यह प्रतिमा ढह गई, जबकि भारतीय मानक ब्यूरो के अनुसार, किसी संरचना को डिजाइन करते समय इनसे लगभग तीन गुना अधिक हवा की गति को भी ध्यान में रखा जाता है। कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा, इस प्रतिमा के मामले में, भार या जलवायु परिस्थितियों जैसे बाहरी कारकों ने परेशानी पैदा नहीं की। जैसा कि पीडब्ल्यूडी रिपोर्ट में बताया गया है, नट और बोल्ट में जंग लगने से प्रतिमा के अंदर फ्रेम वाली स्टील की सामग्री कमजोर होने से ऐसा हुआ हो सकता है। महाराष्ट्र लोक निर्माण विभाग के एक सहायक अभियंता ने 20 अगस्त को नौसेना कमांडर अभिषेक करभारी, क्षेत्र तटीय सुरक्षा अधिकारी और क्षेत्र नागरिक-सैन्य संपर्क अधिकारी को पत्र लिखकर बताया था कि प्रतिमा को लगाने में इस्तेमाल किए गए नट और बोल्ट समुद्री हवाओं तथा बारिश के संपर्क में आने के कारण जंग खा रहे थे। उन्होंने सिफारिश की कि प्रतिमा के फ्रेम के स्टील मेंबर्स के साथ-साथ नट और बोल्ट को भी पेंटिंग आदि करके संरक्षित किया जाना चाहिए। खासकर तटीय क्षेत्रों में ऐसा किया जाना चाहिए जहां हवा में नमी और लवण होता है, जिससे जंग की समस्या आती है। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रतिमा स्थल पर विशेष रूप से उन्हें स्थापित करने से पहले नियमित जांच आवश्यक है। शिवाजी की प्रतिमा गिरने की घटना पिछले साल जून में ओडिशा के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम और राउरकेला हवाई अड्डे के पास 40 फुट ऊंची एक मूर्ति के गिरने से काफी मिलती-जुलती है। दोनों ही प्रतिमाएं टखने वाली जगह से गिरीं। शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने के मामले में संरचना इंजीनियर चेतन पाटिल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने दावा किया है कि वह प्रतिमा बनाने के लिए स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट नहीं थे। उन्होंने कहा, मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। मेरे पास कोई कार्य आदेश नहीं था जिसके लिए मुझे नियुक्त किया गया था। यह काम ठाणे स्थित फर्म को दिया गया था। मुझे बस उस मंच पर काम करने के लिए कहा गया था जिस पर मूर्ति बनाई जा रही थी। पाटिल का नाम कलाकार जयदीप आप्टे के साथ प्राथमिकी में दर्ज है। पाटिल ने मराठी चैनल एबीपी माझा से फोन पर बात करते हुए कहा कि उन्होंने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के माध्यम से भारतीय नौसेना को मंच का डिजाइन सौंपा था और प्रतिमा से उनका कोई लेना-देना नहीं है। पाटिल को चैनल से यह कहते सुना जा सकता है, यह ठाणे की एक कंपनी थी जिसने प्रतिमा से संबंधित काम किया था।

अजगर ने जकड़ा गला, दम घुटने से व्यक्ति की मौत

जमशेदपुर। झारखंड के जमशेदपुर शहर में बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति की तब मौत हो गई जब उसके गले में लिपटे अजगर ने कथित रूप से से उसका गला जकड़ लिया। 60 वर्षीय व्यक्ति अपने गले में लटका सांप लोगों को दिखाकर पैसे कमाता था। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह घटना उस समय घटी जब पीड़ित हेमंत सिंह शहर में मानगो क्षेत्र के डिमना रोड पर था। इस घटना के बाद अजगर क्षेत्र में इधर-उधर घूमने लगा और सांप पकड़ने वाले एक व्यक्ति ने उसे पकड़ लिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बाद में अजगर को वन विभाग को सौंप दिया गया। मानगो थाने के प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में तीन महिला नक्सली ढेर

भाषा। नारायणपुर

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नारायणपुर और कांकेर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने तीन वर्दीधारी महिला नक्सलियों को मार गिराया है। नारायणपुर और कांकेर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षाबल के जवानों को गश्त पर रवाना किया गया था। दल में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), एसटीएफ और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान शामिल थे। जब दल के जवान क्षेत्र में पहुंचे तब आज सुबह लगभग आठ बजे नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। बाद में जवानों ने भी जवाबी कार्वाई की। दोनों ओर से रूकरूक कर गोलीबारी होती रही। सुरक्षाबलों ने अभी तक घटनास्थल से तीन महिला नक्सलियों के शव, हथियार और अन्य सामान बरामद किया है। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में सुरक्षाबल के जवानों के सुरक्षित होने की जानकारी मिली है। क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के संबंध में अधिक जानकारी ली जा रही है।

नगालैंड में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के घुसपैठ की कोई खबर नहीं: उपमुख्यमंत्री

भाषा। कोहिमा

नगालैंड के उपमुख्यमंत्री वाई पैटन ने बृहस्पतिवार को राज्य विधानसभा को बताया कि बांग्लादेश में राजनीतिक संकट के बाद अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के राज्य में घुसपैठ की कोई खबर नहीं है। पैटन ने यह बात नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) विधायक अचुम्बेमो किकोन द्वारा राज्य विधानसभा के शून्यकाल के दौरान बांग्लादेश में राजनीतिक संकट के बाद संभावित घुसपैठ का मुद्दा उठाए जाने और इस बारे में सरकार का ध्यान आकर्षित करने पर कही। किकोन ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा बांग्लादेश से लगती है तथा यह क्षेत्र घुसपैठ की दृष्टि से काफी असुरक्षित है। उन्होंने अन्य राज्यों के माध्यम से नागालैंड में घुसपैठियों के प्रवेश करने की आशंका व्यक्त की।

किकोन ने बांग्लादेश से अवैध प्रवासियों के प्रवेश को रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा अपनाए गए उपायों की जानकारी मांगी। अपने जवाब में गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे पैटन ने कहा कि भारत बांग्लादेश के साथ 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है, जिसमें पश्चिम बंगाल की सीमा सबसे लंबी 2,217 किलोमीटर और असम की सीमा सबसे कम 262 किलोमीटर है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा तीन अन्य राज्य - मिजोरम, मेघालय और त्रिपुरा बांग्लादेश के साथ सीमा साझा करते हैं, लेकिन नागालैंड सीमा साझा नहीं करता। उपमुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि राज्य में संभावित घुसपैठ असम के रास्ते हो सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सतर्कता में कोई कसर छोड़ी है, बल्कि वह खुफिया और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है।

सीतामढ़ी में बिना किसी दस्तावेज के भारत-नेपाल सीमा पार करते एक अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

भाषा। सीतामढ़ी

बिहार के सीतामढी जिला के भिट्ठामोड़-जलेश्वर चेक पोस्ट पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 51वीं वाहिनी की एक टीम द्वारा हिरासत में लिए गए एक अमेरिकी नागरिक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एसएसबी के पटना स्थित सीमांत मुख्यालय के महानिरीक्षक (आईजी) पंकज कुमार दराद ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि सीतामढ़ी जिला के भिट्ठामोड़-जलेश्वर चेक पोस्ट पर बुधवार को हिरासत में लिए गए उक्त विदेशी नागरिक का नाम क्रिस्टोफर जे च्यू है और उसके बयान के अनुसार, वह कैलिफोर्निया (अमेरिका) का निवासी है।

दराद ने बताया कि जांच के दौरान कथित अमेरिकी नागरिक के पास कोई यात्रा या पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं पाया गया। उन्होंने कहा कि हिरासत में लिए गए विदेशी नागरिक ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह 26 अगस्त को राष्ट्रीय राजधानी के आनंद विहार रेलवे स्टेशन से एक ट्रेन में चढ़ा और 27 अगस्त की रात को पटना पहुंचा।

दराद के अनुसार, उसने भारत-नेपाल मैत्री बस के लिए पटना से सीतामढ़ी तक का टिकट लिया। वह 28 अगस्त को सीतामढ़ी में नहीं उतरा और भिट्ठामोड़-जलेश्वर चेक पोस्ट पर पहुंचा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर और नेपाल के जनकपुर पहुंचना चाहता था। आईजी ने आगे कहा, हिरासत में लिए गए विदेशी नागरिक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वह विभिन्न देशों (ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन, मैक्सिको और कनाडा) की यात्रा कर चुका है। उसका एक भारतीय सहयोगी भी है, जिसका नाम रवि सिंह है, जो पंजाब का निवासी है। रवि सिंह ने ही विदेशी नागरिक को भारतीय सिम कार्ड दिलाने में मदद की थी। दराद के मुताबिक, विदेशी नागरिक ने बताया कि वह एक व्यापारी है और प्राचीन वस्तुओं, कपड़ों आदि की खरीद-फरोख्त करता है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध विदेशी नागरिक से पूछताछ की गई और आगे की कार्वाई के लिए उसे जिला पुलिस को सौंप दिया गया। सीतामढी के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा से कहा कि उक्त विदेशी नागरिक से पूछताछ किए जाने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

पेज 1 का शेष

जम्मू हो...

आसपास ख्वास के लाठी क्षेत्र में भारी गोलीबारी की सूचना मिली थी। श्रीनगर में, चिनार कोर ने कुपवाड़ा के मच्छल सेक्टर में दो आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए कहा, कुपवाड़ा के माछल क्षेत्र में चल रहे घुसपैठ विरोधी अभियान में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है। इन आतंकियों के कब्जे से दो एके राइफल, एक पिस्तौल, चार हैंड ग्रेनेड और अन्य युद्ध जैसे सामान बरामद किए गए हैं। सैनिक अभी भी क्षेत्र में तलाशी कर रहे हैं ताकि और घुसपैठियों की मौजूदगी का पता लगाया जा सके।

बहराइच...

काफी मशक्कत के बाद वन विभाग की मेहनत रंग लाई। पिछले कई सप्ताह से लगी वन विभाग की टीम का प्रयास रंग लाया। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक रेनू सिंह लगातार यहां कैंप कर रही थीं। बहराइच के डीएफओ अजीत सिंह, देवीपाटन के वन संरक्षक मनोज सोनकर, इस अभियान के नोडल व बाराबंकी के डीएफओ आकाश बधावन अपनी टीम संग यहां लगातार ऑपरेशन भेड़िया को अंजाम देने के लिए मुस्तैद थे।

कोलकाता...

उस पर ये तीन तरह की चादरें थीं, क्या यह सबूतों से छेड़छाड़ का उदाहरण नहीं है, अगर यह अब है तो क्या है। इस बीच, नौ अगस्त को अस्पताल से पहली बार पीड़ित परिवार को किए गए फोन कॉल का ऑडियो टेप वायरल हो गया। एक लोकप्रिय बंगाली चैनल ने दिखाया कि कैसे एक महिला ने डॉक्टर के माता-पिता को फोन करके कहा कि वे अस्पताल पहुंचें, क्योंकि वह गंभीर रूप से बीमार है। जब पीड़ित डॉक्टर के पिता ने वापस फोन करके पूछा कि उनकी बेटी को क्या हुआ है तो उन्होंने कहा कि वे जल्दी अस्पताल पहुंचें क्योंकि वह गंभीर रूप से बीमार है और उसे इमरजेंसी में ले जाया गया है। इसके बाद उसी नंबर से तीसरी बार फोन आया और उसी महिला ने खुद को अस्पताल की सहायक अधीक्षक बताया और कहा, अब मुझे आपको बताना है कि मैं सहायक अधीक्षक बोल रही हूं, ऐसा लगता है कि आपकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है इसलिए आपको जल्दी अस्पताल आना होगा।

केरल से तमिलनाडु...

निर्देशक रंजीत के खिलाफ श्रीलेखा मित्रा द्वारा दर्ज की गई शिकायत ने नए आयाम स्थापित कर दिए हैं, क्योंकि मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम ने एक अन्य फिल्म निर्देशक जोशी जोस को तलब किया है, जिनसे पूर्व ने घटना के बारे में बात की थी। तमिल अभिनेता विशाल ने बृहस्पतिवार को जिस यौन शोषण का जिक्र किया, उसने लोकप्रिय पार्श्व गायिका चिन्मयी श्रीपदा की गीतकार और पद्म भूषण पुरस्कार विजेता वैरामुथु के खिलाफ 2018 में किए गए आरोप की यादें ताजा कर दीं। हालांकि वैरामुथु के खिलाफ यौन शोषण के कई और आरोप थे, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

अडानी ने....

मिथुन राशि कुल योगदान में सबसे ऊपर है, जो सूची में सबसे अमीर व्यक्तियों का 9.9 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करता है। वर्ष 2023 की हुरुन इंडिया सूची में अदाणी की संपत्ति 57 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 4.74 लाख करोड़ रुपये रह गई थी। दरअसल जनवरी, 2023 में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए कई गंभीर आरोपों के कारण अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट आई थी। समूह ने इन सभी आरोपों को सिरे से नकार दिया था। पिछले साल अंबानी 8.08 लाख करोड़ रुपए की शुद्ध संपत्ति के साथ देश के सबसे अमीर भारतीय चुने गए थे। हुरुन ने वर्ष 2014 के संस्करण में अदाणी को पहली बार देश के सर्वाधिक 10 अमीर लोगों की सूची में रखा था। उस बार वह 44,000 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ सूची में 10वें स्थान पर रहे थे। एचसीएल के शिव नादर और उनका परिवार 3.14 लाख करोड़ रुपए की शुद्ध संपत्ति के साथ तीसरे सबसे अमीर भारतीय बन गए। वहीं सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के साइरस पूनावाला 2024 में 2.89 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर आ गए। सन फार्मास्युटिकल्स के दिलीप सांघवी ने सूची में एक स्थान का सुधार करते हुए 2.50 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए। जोहो की राधा वेम्बू 47,500 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ अपने दम पर अमीर बनी महिलाओं में शीर्ष स्थान पर हैं जबकि जेप्टो के सह-संस्थापक कैवल्य वोहरा और आदित पालिचा क्रमश: 3,600 करोड़ रुपए और 4,300 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ सूची में सबसे कम उम्र के अमीर हैं। इस सूची में 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति वाले भारतीयों को शामिल किया गया है। पिछसे साल की तुलना में इस सूची में 220 व्यक्तियों की बढ़ोतरी होकर कुल संख्या 1,539 हो गई। इस वर्ष इन अमीर लोगों की कुल संपत्ति में 46 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। अभिनेता शाहरुख खान 7,300 करोड़ रुपए की अनुमानित संपत्ति के साथ सूची में पहली बार जगह बनाने में सफल रहे। शाहरुख की कारोबार साझेदार एवं अभिनेत्री जूही चावला भी 4,600 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ मनोरंजन क्षेत्र से जुड़े लोगों की सूची में दूसरे स्थान पर रहीं। दिलचस्प बात यह है कि 16 पेशेवरों ने भी देश के अमीर लोगों की इस सूची में जगह बनाई है। अरिस्ट्रा नेटवर्क्स की मुख्य कार्यकारी जयश्री उल्लाल 32,100 करोड़ रुपए संपत्ति के साथ सबसे अमीर हैं जबकि डी-मार्ट के मुख्य कार्यकारी इग्नेशियस नेविल नोरोन्हा 6,900 करोड़ रुपए के साथ दूसरे स्थान पर हैं। हुरुन इंडिया के मुताबिक, गेरा डेवलपमेंट्स के कुमार प्रीतमदास गेरा की संपत्ति 2024 में सबसे तेजी से 566 प्रतिशत बढ़ी है जबकि अंबानी और अदाणी की संपत्ति में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई। इस बीच, कांग्रेस ने केंद्र पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अरबपति राज से भी ज्यादा असमानता वाला है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि जब दुनिया भर में अरबपति टैक्स के विचार को लेकर कई देश एकजुट हो रहे हैं तो भारत सरकार ने चुप्पी साध रखी है। रमेश ने एक्स पर कहा कि भारत में 2023 में हर पांच दिन में एक नया अरबपति बना है। अरबपतियों की सूची में नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री के सबसे करीबी मित्र शीर्ष पर हैं। उन्होंने आरोप लगाया, नरेन्द्र मोदी का अरबपति राज ब्रिटिश राज से भी अधिक असमानता से भरा है। लेकिन यही इस सरकार की आर्थिक नीति निर्धारण का आधार भी है। रमेश ने कहा कि यही कारण है कि ऐसे सम

असम का विपक्ष हिंदू विधायकों को विस में बोलने से रोकता है : हिमंत

भाषा। गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उनमें मूलत: राज्य के निवासी हिंदू विधायकों को विधानसभा में अपनी बात नहीं रखने देने की प्रवृत्ति विकसित हो गई है। असम भूमि एवं राजस्व विनियमन (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा के दौरान, शर्मा ने अपनी पार्टी के विधायक भुवन पेगू के भाषण को बाधित करने के लिए भी विपक्षी सदस्यों की कड़ी आलोचना की। शर्मा ने पेगू का बचाव करते हुए कहा, "मूलत: राज्य के निवासी हिंदू विधायकों को सदन में नहीं बोलने देने की एक नई प्रवृत्ति उत्पन्न हो गई है। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है। कृपया इतने आक्रामक न हों। हमारी जमीन के बाद अब विधानसभा पर कब्जा करने की कोशिश न करें। पेगू तत्कालीन पूर्वी बंगाल से असम में लोगों के कथित प्रवासन और आक्रामकता के बारे में पुराने विधानसभा रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए एक बयान दे रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा, आप हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर बात करना बंद नहीं कर सकते। ए जीवन की कठोर वास्तविकताएं हैं। यहां तक कि जनगणना भी हमें अपना धर्म लिखने के लिए कहती है।विधानसभा द्वारा पारित विधेयक के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह असमिया समुदाय की लड़ाई के बारे में है, जो "विलुप्त होने वाला है, कुछ और वर्षों तक अस्तित्व में होगा।शर्मा ने कहा, धुबरी, गोलपारा, बारपेटा, दरांग, नागांव, मोरीगांव में हमारी जमीन चली गई है।

असम विधानसभा ने अनिवार्य मुस्लिम विवाह, तलाक पंजीकरण विधेयक पारित किया

गुवाहाटी। असम विधानसभा ने मुस्लिमों के विवाह और तलाक के अनिवार्य सरकारी पंजीकरण संबंधी एक विधेयक को बृहस्पतिवार को पारित किया। असम मुस्लिम विवाह एवं तलाक अनिवार्य पंजीकरण विधेयक, 2024 राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जोगेन मोहन ने मंगलवार को पेश किया था। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सवालों का उत्तर देते हुए कहा कि काजियों द्वारा किए गए सभी पूर्व पंजीकरण वैध रहेंगे और केवल नए विवाह ही कानून के दायरे में आएंगे। उन्होंने कहा, "हम मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत इस्लामी रीति-रिवाजों से होने वाली शादियों में बिल्कुल भी हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं। हमारी एकमात्र शर्त यह है कि इस्लाम द्वारा निषिद्ध शादियों का पंजीकरण नहीं किया जाएगा"। शर्मा ने कहा कि इस नए कानून के लागू होने से बाल विवाह पंजीकरण पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी। विधेयक के उद्देश्य और कारण में कहा गया है कि यह बाल विवाह और दोनों पक्षों की सहमति के बिना विवाह की रोकथाम के लिए प्रस्तावित किया गया है। मोहन ने कहा कि इससे बहुविवाह पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

राहुल ने साझा किया मार्शल आर्ट का वीडियो, बोले: शुरू हो रही भारत डोजो यात्रा

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को मार्शल आर्ट से संबंधित एक वीडियो जारी किया और कहा कि जल्द ही भारत डोजो यात्रा शुरू हो रही है। डोजो आमतौर पर मार्शल आर्ट के लिए एक प्रशिक्षण कक्ष या स्कूल को कहा जाता है।उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर जो वीडियो साझा किया है वो इस साल की शुरुआत में निकाली गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समय का है। वीडियो में वह कई बच्चों के साथ मार्शल आर्ट की बारीकियां साझा करते नजर आ रहे हैं।राहुल गांधी ने इस वीडियो के साथ पोस्ट किया, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान, जब हमने हजारों किलोमीटर की यात्रा की तो हर शाम अपने विश्राम स्थल पर

जिउ-जित्सु का अभ्यास करने की हमारी दैनिक दिनचर्या थी। फिट रहने के एक सरल तरीके के रूप में जो शुरू हुआ वह तेजी से एक सामुदायिक गतिविधि में बदल गया। उनका कहना था, हमारा लक्ष्य इन युवाओं को ध्यान, जिउ-जित्सु, ऐकिडो और अहिंसक संघर्ष की तकनीकों के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण जेंटल आर्ट की सुंदरता से परिचित कराना था। हमारा उद्देश्य उनमें हिंसा को सज्जनता में बदलने का मूल्य पैदा करना, उन्हें अधिक दयालु और सुरक्षित समाज बनाने के लिए औजार मुहैया कराना था। उन्होंने कहा कि वह लोगों के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस पर अपना अनुभव साझा करना चाहते हैं, उम्मीद है कि उनमें से कुछ लोग सौम्य कला का अभ्यास करने के लिए प्रेरित होंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, भारत डोजो यात्रा जल्द ही आ रही है। गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरुआत 14 जनवरी को मणिपुर से की थी जिसका दो महीने के बाद मुंबई में समापन हुआ था। हालांकि इससे पहले की भारत जोड़ो यात्रा में उन्होंने कन्याकुमारी से श्रीनगर तक पदयात्रा की थी।

टीटीडी की मुफ्त भोजन योजना के लिए दान दिए 3.7 करोड़ रुपए

तिरुपति (आंध्र प्रदेश)। हैदराबाद के चार उद्यमियों ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के श्री वेंकटेश्वर अन्नप्रसादम ट्रस्ट को 3.7 करोड़ रुपए का दान दिया है। यह ट्रस्ट तीर्थयात्रियों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराता है। पी वेंकटेश्वरलू, राजामौली, प्रसाद राव और एम लक्ष्मी कुमारी ने तिरुमाला में अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी सीएच वेंकैया चौधरी को 3.7 करोड़ रुपए का चेक सौंपा। टीटीडी की बृहस्पतिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया,पोट्टी वेंकटेश्वरलू, राजामौली, प्रसाद राव और मलाथी लक्ष्मी कुमारी ने 28 अगस्त को एसवी अन्नप्रसादम ट्रस्ट को 3.7 करोड़ रुपए का दान दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री एन टी रामाराव (एनटीआर) ने 1985 में वेंकटेश्वर नित्य अन्नदानम एन्डॉउमेंट योजना शुरू की थी, जिसका उद्देश्य प्रतिदिन 2,000 तीर्थयात्रियों को मुफ्त भोजन खिलाना था। बाद में इसे 1994 में श्री वेंकटेश्वर नित्य अन्नदानम ट्रस्ट के नाम से एक स्वतंत्र ट्रस्ट में और 2014 में श्री वेंकटेश्वर अन्नप्रसादम ट्रस्ट में परिवर्तित कर दिया गया।

एसआईटी ने प्रज्वल की जमानत याचिका पर बंद कमरे में सुनवाई का अनुरोध किया

बेंगलुरु। विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बृहस्पतिवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय से अनुरोध किया कि वह जनता दल सेक्युलर (जद एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की जमानत और अग्रिम जमानत याचिकाओं पर बंद कमरे में सुनवाई करे। रेवन्ना पर कई महिलाओं से बलात्कार और यौन उत्पीड़न के आरोप हैं। एसआईटी की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रविवर्मा कुमार ने की और सुनवाई के दौरान उन्होंने पीड़ित शिकायतकर्ता की पहचान उजागर नहीं हो इसलिए बंद कमरे में कार्यवाही की मांग की। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने कहा कि याचिका पर निर्णय मुख्य न्यायाधीश लेंगे। प्रज्वल के वकील ने भी कुछ मोहलत मांगी।

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने नया आउटलेट खोला

गोरखपुर। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने संथा और गोला बाजार गोरखपुर में अपने नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन किया। इस लॉन्च के साथ बैंक ने उत्तर प्रदेश में 202 और देश भर में 939 बैंकिंग आउटलेट्स तक पहुंच बना ली है। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री गोविंद सिंह ने उत्तर प्रदेश के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहाए संथा और ष्गोला बाजार में हमारा नया बैंकिंग आउटलेट स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बचत खाते, चालू खातेए फिक्स्ड डिपॉजिट और आवर्ती जमा खाते शामिल हैंए साथ ही आवास ऋणए व्यवसाय ऋणए संपत्ति पर ऋणए क्रेडिटए बीमा और निवेश उत्पाद जैसी विभिन्न ऋण उत्पाद भी उपलब्ध हैं।

आईटीआई ने लांच किया लार्ज एंड मिड कैप फंड

मुंबई। आईटीआई असैट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड आईटीआई एएमसी ने 21 अगस्त 2024 को आईटीआई लार्ज एंड मिड कैप फंड लांच कर दिया है। यह एक ओपन.ऐंडेड स्कीम है जो इक्विटीए इक्विटी संबंधित सिक्युरिटीज़ मुख्यतः शीर्ष 250 भारतीय कंपनियों में निवेश करेगीय ये ऐसी कंपनियां होंगी जिन पर देश की प्रगति का दारोमदार है। यह न्यू फंड ऑफर 4 सितंबर 2024 को बंद होगा। आईटीआई एएमसी के फंड मैनेजर विशाल जाजू के मुताबिकए ष्भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। ग्रोथ कंपनियों की कमाई के जो आसार नजर आ रहे हैं उन्हें देखते हुए कहा जा सकता है कि वे निरंतर फायदे में रहेंगी। शेयरों के चयन में हमारा फंड हाउस बॉटम्स अप ऐप्रोच अपनाता है। ऐसी कई कंपनियां उपलब्ध हैं जिनकी ऑर्डर बुक मजबूत है और अगले 2.3 सालों में उनकी कमाई का पूर्वानुमान अच्छा है। ये कंपनियां रिटर्न रेश्यो में ठोस प्रगति दर्ज कर सकती हैं।

भाजपा की जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक परिवारों को आतंकवाद पर खुली बहस की चुनौती

भाषा। जम्मू

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां), पीपुल्स डेमोक्रेटिक्स पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस को आतंकवाद, हिंसा और जन सुरक्षा पर खुली चर्चा के लिए चुनौती दी। साथ ही पार्टी ने जम्मू-कश्मीर में 1990 के दशक के अशांत दौर के लिए तीनों दलों की आलोचना की।पार्टी ने कहा कि वह आतंकवाद और आम लोगों के हताहत होने को कतई सहन नहीं करने का रुख रखती है। भाजपा के जम्मू-कश्मीर प्रभारी तरुण चुघ ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं गांधी-नेहरू, अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवारों को - जो दवाइयों की पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाली दुकानों की तरह हैं - उनके और हमारे कार्यकाल के दौरान आतंकवाद, सुरक्षा और नागरिक सुरक्षा की स्थिति और अनुच्छेद 370 और 35 ए के बारे में उनके भ्रामक दावों और साजिशों पर खुली बहस के लिए चुनौती देता हूं। उन्होंने कहा, हम कहीं भी खुली बहस के लिए तैयार हैं, जिसमें कोई एक पत्रकार मध्यस्थता करेगा और कोई टीवी चैनल इसका प्रसारण करेगा। पार्टी ने केंद्र शासित प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए जम्मू में अपने मीडिया केंद्र का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान चुघ ने कहा कि पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद आतंकवाद की घटनाओं और कानून-व्यवस्था के मुद्दों में उल्लेखनीय कमी आई है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा, पांच अगस्त 2019 के बाद से हमने न केवल आतंकवादियों को ढेर किया है और आतंकवाद को कम किया है, बल्कि आम लोगों और सुरक्षा बलों के कर्मियों के हताहत होने की संख्या तथा हिंसा की घटनाओं में भी भारी कमी की है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों के तहत हुई घटनाओं की वर्षवार जानकारी भी साझा की। चुघ

ने कहा, उनके (नेकां-कांग्रेस-पीडीपी) कार्यकाल के दौरान, नागरिकों के हताहतों होने की सालाना औसतन घटनाएं 60-70 थीं, जो 2018 में घटकर 55, 2023 में 24 और इस साल 14 हो गईं। आतंकवादी घटनाएं 2018 में 228 थी, जो 2023 में घटकर 46 रह गई और इनकी संख्या इस साल 11 पर आ गई। भाजपा नेता ने कहा, 2018 में मुठभेड़ों की संख्या 189 थी जो 2023 में घटकर 48 और इस साल 24 हो गई है। इसी तरह, सुरक्षा बलों के हताहतों होने की संख्या 2018 में 91 थी जो 2023 में घटकर 23 पर गई और अब 14 रह गई है। जान-माल की सुरक्षा के लिए हमारे प्रयास जारी हैं। उन्होंने स्थानीय राजनीतिक परिवारों पर अपने शासन में कश्मीर में पत्थरबाजी को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। चुघ ने दावा किया, उनके शासन में, पत्थरबाजी की प्रतिवर्ष लगभग 1,328 घटनाएं होती थीं, जो 2023 में घटकर शून्य हो गईं और इस वर्ष भी एक भी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा, हमने न केवल आतंकवादको कम किया है, बल्कि आतंकवादियों की आयु भी कम की है।

विपक्ष व जद (यू) सदस्यों ने संसदीय समिति में जाति आधारित जनगणना पर चर्चा की मांग की

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सहयोगी जद (यू) ने बृहस्पतिवार को विपक्ष के सुर में सुर मिलाते हुए मांग की कि अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण संबंधी संसदीय समिति में चर्चा के लिए "जाति आधारित जनगणनौ को विषय के रूप में शामिल किया जाए। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्य टीआर बालू ने समिति की पहली बैठक में यह मुद्दा उठाया। भाजपा सदस्य गणेश सिंह इस समिति के अध्यक्ष हैं। संसद सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस सदस्य मणिकम टैगोर चाहते थे कि समिति चर्चा के लिए सबसे पहले विषय के रूप में "जाति आधारित जनगणनौ को सूचीबद्ध करे। तृणमूल कांग्रेस के सदस्य कल्याण बनर्जी ने उनका समर्थन किया। सूत्रों ने बताया कि जनता दल (यू) सदस्य गिरधारी यादव चाहते थे कि समिति द्वारा चर्चा के लिए "जाति आधारित जनगणनौ मुद्दा को सूचीबद्ध किया जाए। कल्याण बनर्जी ने मांग की कि समिति "जाति आधारित जनगणनौ कराए जाने के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखे। भाजपा के एक सदस्य ने कहा कि आरक्षण के दायरे में अनुबंध और अस्थाई आधार पर की जाने वाली भर्तियां और तदर्थ नियुक्तियों को भी शामिल किया जाना चाहिए। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का घटक दल जद (यू) देश भर में "जाति आधारित जनगणनौ कराए जाने की मांग कर रहा है।

मोरीगांव में महिला शिक्षकों को मियां मुस्लिमों ने किया आतंकित: असम विस में भाजपा विधायक ने कहा

गुवाहाटी। असम विधानसभा में बृहस्पतिवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक रमाकांत देवरी ने आरोप लगाया कि बांग्लादेशी मियां मुस्लिमों ने मोरीगांव जिले में महिला स्कूली शिक्षकों का उत्पीड़न किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। विधानसभा अध्यक्ष बिश्वजीत दैमारी ने प्रश्नकाल में देवरी को शिक्षा मंत्री रनोज पेगू से एक पूरक प्रश्न पूछने की अनुमति दी। देवरी ने कहा, मोरीगांव में महिला शिक्षक बांग्लादेशी मियां मुस्लिमों से आतंकित हैं। इस पर विपक्षी विधायकों की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई जिन्होंने आरोप लगाया कि सदन में जानबूझकर यह प्रश्न उठाया गया। देवरी ने हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों की ओर उंगली उठाते हुए कहा, शांत हो जाइए, मुझे बोलने दीजिए। एआईयूडीएफ विधायक अमीनुल इस्लाम ने सत्तारूढ़ विधायक की भाषा शैली पर आपत्ति जताई। विधानसभा अध्यक्ष ने बार-बार देवरी से मुद्दे पर बात करने और विवादास्पद मुद्दे उठाने के बजाय सीधे पूरक प्रश्न पूछने को कहा।

डेंजिल कीलर : लड़ाकू पायलट जिन्होंने 1965 के युद्ध में पाकिस्तान के सेबर जेट को मार गिराया

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के वीर अधिकारी एवं 1965 के भारत-पाक युद्ध के नायक एअर मार्शल डेंजिल कीलर को शायद रणक्षेत्र में दुश्मन के सेबर जेट को मार गिराने के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाएगा। उनके परिवार के करीबी लोगों ने बताया कि 1965 के युद्ध में अपनी वीरता के लिए वीर चक्र प्राप्त करने वाले 90 वर्षीय कीलर का बुधवार को हरियाणा के गुरुग्राम में निधन हो गया। डेंजिल कीलर का जन्म दिसंबर 1933 में लखनऊ में हुआ था। वह और ट्रेवर कीलर लड़ाकू पायलट बंधुओं के रूप में जाने जाते थे तथा उन्हें महान दर्जा प्राप्त हुआ। ट्रेवर कीलर को स्वतंत्र भारत में हवा में लक्ष्य को मार गिराने का सबसे पहला युद्धक पायलट होने का गौरव प्राप्त हुआ। 1965 के युद्ध में उन्होंने एक सेबर जेट को भी मार गिराया था। डेंजिल कीलर ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में भी हिस्सा लिया था, जिस युद्ध के कारण बांग्लादेश का निर्माण हुआ।एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, उन्होंने 1965 के युद्ध के दौरान पाकिस्तानी सेना के एक सेबर विमान को मार गिराया था। वह और उनके भाई भारतीय वायुसेना के नायक हैं।

भारत, चीन ने 31वीं डब्ल्यूएमसीसी बैठक में मतभेदों को कम करने के लिए एलएसी की स्थिति पर चर्चा की

भाषा। नई दिल्ली

भारत और चीन ने मतभेदों को कम करने तथा लंबित मुद्दों का शीघ्र समाधान खोजने के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की स्थिति पर बृहस्पतिवार को स्पष्ट, रचनात्मक और दूरदर्शी विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 31वीं बैठक बीजिंग में हुई। बैठक के दौरान यह दोहराया गया कि शांति एवं स्थिरता की बहाली और एलएसी के लिए सम्मान द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति की बहाली के लिए आवश्यक आधार हैं। बयान में कहा गया कि चर्चाओं में तेजी लाने के लिए जुलाई में अस्ताना और वियनतियाने में विदेश मंत्रियों की बैठकों से मिले मार्गदर्शन के अनुरूप और पिछले महीने आयोजित डब्ल्यूएमसीसी बैठक पर आगे बढ़ते हुए, दोनों पक्षों ने विचारों का स्पष्ट, रचनात्मक और दूरदर्शी आदान-प्रदान किया। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति पर मतभेदों को कम करने और लंबित मुद्दों का शीघ्र समाधान खोजने के लिए बैठक की गई। इसमें कहा गया कि इसके लिए, वे राजनयिक एवं सैन्य चैनलों के माध्यम से गहन संपर्क के लिए भी सहमत हुए। विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) गौरांगलाल दास ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। वहीं, चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा और महासागर मामलों के विभाग के महानिदेशक होंग लियांग ने किया। बयान में कहा गया कि इस बीच, दोनों पक्षों ने दोनों सरकारों के बीच हुए प्रासंगिक द्विपक्षीय समझौतों, प्रोटोकॉल और समझ के अनुसार सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त रूप से शांति बनाए रखने का फैसला किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल के नेता ने चीनी विदेश मंत्रालय में उप मंत्री से भी मुलाकात की।

सिमरनजीत मान ने कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की

चंडीगढ। शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सिमरनजीत सिंह मान ने बृहस्पतिवार को भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। रनौत ने हाल में किसान आंदोलन को लेकर अपनी टिप्पणी से विवाद खड़ा कर दिया था। मान (79) से हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से सांसद रनौत की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने करनाल में बलात्कार का उल्लेख करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी की। रनौत ने हाल में साक्षात्कार की एक क्लिप पोस्ट की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर देश में मजबूत नेतृत्व न होता तो भारत में भी बांग्लादेश जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि निरस्त किए जा चुके कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान लाशें लटक रही थीं और बलात्कार हो रहे थे।मान की टिप्पणी पर रनौत ने प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि ऐसा लगता है कि यह देश बलात्कार जैसी भयावह घटनाओं को कमतर करना बंद नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि महिलाओं के खिलाफ बलात्कार और हिंसा इस पितृसत्तात्मक राष्ट्र की मानसिकता में इतनी गहरी जड़ें जमा चुकी है कि इनका इस्तेमाल फिल्म निर्माताओं और राजनीतिक नेताओं का मजाक उड़ाने के लिए भी किया जाता है।

ईसी ने तैनाती में पक्षपात के आरोप पर उप्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने समाजवादी पार्टी (सपा) की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से राज्य में उपचुनाव से पहले कुछ समुदायों के अधिकारियों की पदस्थापना में पक्षपात के आरोपों पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को आयोग से मुलाकात की थी और मुरादाबाद जिले की कुंदरकी विधानसभा सीट तथा कानपुर जिले के सीसामऊ निर्वाचन क्षेत्र में बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) की पदस्थापना में पक्षपात एवं राजनीतिकरण का आरोप लगाया था। पार्टी ने आरोप लगाया था कि हाल ही में बूथ स्तर के दो समुदायों से संबंधित 12 अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को बदल दिया गया। उत्तर प्रदेश में 10 सीट पर उपचुनाव होना है। हाल में संपन्न संसदीय चुनाव में मौजूदा विधायकों के लोकसभा के लिए चुने जाने के कारण नौ विधानसभा सीट रिक्त हो गई थीं।

शिवलिंग पर बिच्छू टिप्पणी: अदालत ने थरूर के खिलाफ मानहानि कार्यवाही निरस्त करने से इनकार किया

भाषा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदर्भ में की गई शिवलिंग पर बिच्छू वाली कथित टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता शशि थरूर के खिलाफ मानहानि की कार्यवाही को निरस्त करने से बृहस्पतिवार को इनकार कर दिया।न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने मानहानि की कार्यवाही को चुनौती देने वाली थरूर की याचिका खारिज कर दी। उच्च न्यायालय ने 16 अक्टूबर, 2020 को मानहानि शिकायत में, तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य थरूर के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। इसने आज अपने अंतरिम आदेश

को रद्द कर दिया और संबंधित पक्षों को 10 सितंबर को निचली अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को आदेश सुनाते हुए कहा, कार्यवाही निरस्त करने का कोई आधार नहीं बनता है और न्याय के हित में यह उचित होगा कि कार्यवाही को निचली अदालत के समक्ष जारी रखने की अनुमति दी जाए। थरूर ने निचली अदालत के 27 अप्रैल, 2019 के आदेश को निरस्त किए जाने का अनुरोध किया था। निचली अदालत ने थरूर को भाजपा नेता राजीव बब्बर द्वारा दायर आपराधिक मानहानि शिकायत पर आरोपी के रूप में तलब किया था। उन्होंने दो नवंबर, 2018 को दायर की गई शिकायत को भी रद्द करने का अनुरोध किया था। बब्बर ने थरूर के खिलाफ निचली अदालत में आपराधिक शिकायत दायर की थी और दावा किया था कि कांग्रेस नेता के बयान से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। अक्टूबर 2018 में, थरूर ने दावा किया था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक अनाम नेता ने प्रधानमंत्री मोदी की तुलना शिवलिंग पर बैठे बिच्छू से की है। थरूर को जून 2019 में निचली अदालत ने संबंधित मामले में जमानत दे दी थी। शिकायतकर्ता ने कहा था, मैं भगवान शिव का भक्त हूं... हालांकि, आरोपी (थरूर) ने करोड़ों शिवभक्तों की भावनाओं का पूरी तरह अनादर किया (और) बयान दिया जिससे भारत में तथा देश के बाहर मौजूद सभी शिवभक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंची। शिकायत भारतीय दंड संहिता की धारा 499 (मानहानि) और 500 (मानहानि की सजा) के तहत दर्ज की गई थी।

क्विक न्यूज

झारखंड में स्टाफ की कमी से जूझ रहे सरकारी अस्पतालों में निजी डॉक्टर करेंगे इलाज

रांची। झारखंड सरकार ने सरकारी अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए निजी चिकित्सकों से उपचार कराने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बृहस्पतिवार को यहां एक समारोह में 365 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) को नियुक्ति त्र वितरित करते हुए यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार राज्य में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। हमने इस संबंध में कई पहल की है और एक ऐसी प्रणाली विकसित कर रहे है, जिससे लोगों को दूसरे राज्यों में उपचार कराने की जरूरत न पड़े। राज्य के स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा, विशेष रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी से निपटने के लिए सरकार ने इन चिकित्सा संस्थानों में निजी चिकित्सकों को इलाज करने की अनुमति देने का फैसला किया है। उन्हें उनकी सेवाओं के लिए उन्हें प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की सफाई, मरम्मत और रखरखाव में सुधार के उद्देश्य से हाल ही में शुरू की गई योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। इन उद्देश्यों के लिए पांच करोड़ रुपए का वार्षिक बजट आवंटित किया गया है।

निर्माता ने कोलकाता सिनेमा मालिकों की निंदा की

कोलकाता। निर्माता जितेंद्र नारायण सिंह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के डर से 30 अगस्त को रिलीज होने वाली फिल्मों द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल को प्रदर्शित करने से इनकार करने के लिए कोलकाता सिनेमा मालिकों की निंदा की। बहुप्रतीक्षित फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के निर्माता जितेंद्र नारायण सिंह ने उनकी फिल्म को प्रदर्शित करने से इनकार करने पर कोलकाता के सिनेमा मालिकों की सार्वजनिक रूप से आलोचना की है। उनका आरोप है कि ये थिएटर बाहरी दबावों खासकर राजनीतिक ताकतों और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दबाव के आगे झुक रहे हैं और ऐसी फिल्म दिखाने को तैयार नहीं हैं जो संवेदनशील लेकिन गंभीर मुद्दों पर प्रकाश डालती हो। यह फिल्म जिसने पहले ही रोहिंग्या शरणार्थियों, अवैध घुसपैठ और श्लव जिहादश् पर तीखी बहस के आसपास की कठोर वास्तविकताओं के अपने बेबाक चित्रण के लिए महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया है।देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। हालांकि, सिंह का दावा है कि कोलकाता में सिनेमाघरों ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के गंभीर नतीजों के डर का हवाला देते हुए फिल्म दिखाने से इनकार कर दिया है। द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल एक साहसिक कथा प्रस्तुत करती है जो इस क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों को प्रकाश में लाती है।

आधुनिक अतिसूक्ष्मवाद का अनुभव करें

नई दिल्ली। मशहूर लाइटर ब्रांड झिप्पो ने भारतीय शादियों के लिए उपयुक्त स्लिम लाइटर की एक श्रृंखला पेश की है। ये कॉम्पैक्ट लाइटर अपने न्यूनतम डिज़ाइन के कारण अलग दिखते हैं जो आकर्षक और शानदार हैं। यह कलेक्शन सदियों पुरानी परंपराओं को आधुनिक मोड़ देकर नवसंस्कृति के नवीनतम रुझानों को दर्शाता है। ये लाइटर बेहतर कारीगरी और कार्यक्षमता के प्रति ब्रांड के समर्पण को दर्शाते हैंए जो उन्हें उन लोगों के लिए उपयुक्त बनाते हैं जो अपनी स्टाइल या विरासत से समझौता किए बिना अलग दिखना चाहते हैं। लुकास जॉनसनए झिप्पो ग्लोबल मार्केटिंग के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट ने कहाए ष्हमारे बेहतरीन स्लिम लाइटर सिर्फ़ एक्सेसरीज़ से कहीं अधिक ह वे शानदार डिज़ाइन और तकनीकी कार्यक्षमता के प्रतीक हैं जो समय की कसौटी पर खरे उतरते हैं। आज झिप्पो लाइटर को भव्यता और उत्कृष्टता के इतिहास के साथ एक लक्जरी आइटम के रूप में देखा जाता है। इन स्लिम लाइटर के साथ हमारा उद्देश्य अपनी विरासत के प्रति ईमानदार रहकर भारत की परंपराओं का सम्मान करना है।

केंद्र सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए नया सरलीकृत पेंशन आवेदन पत्र जारी करेगा

नई दिल्ली। केंद्र शुक्रवार को अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए एक नए सरलीकृत पेंशन आवेदन पत्र का अनावरण करेगा। इस संबंध में जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) ने 16 जुलाई, 2024 को अपनी अधिसूचना के माध्यम से सरलीकृत पेंशन आवेदन फॉर्म 6-ए जारी किया था। कार्मिक मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा गया, यह फॉर्म भविष्याई-एचआरएमएस (ऑनलाइन मॉड्यूल) में केंद्र सरकार के उन सभी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध होगा जो दिसंबर 2024 और उसके बाद सेवानिवृत्त होने वाले हैं। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी, जो ई-एचआरएमएस पर हैं, ई-एचआरएमएस के माध्यम से फॉर्म 6-ए भरेंगे (केवल सेवानिवृत्ति के मामले) और सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी, जो ई-एचआरएमएस पर नहीं हैं, वे भविष्य पोर्टल पर फॉर्म 6-ए भरेंगे। बयान के अनुसार, यह नया फॉर्म और भविष्याई-एचआरएमएस के साथ इसका एकीकरण 30 अगस्त, 2024 को केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा जारी किया

डेनमार्क की अदालत ने दिया भारत को झटका

●पुरुलिया कांड के आरोपी के प्रत्यर्पण संबंधी भारतीय अनुरोध खारिज किया

भाषा। कोपनहेगन

डेनमार्क की एक अदालत ने 29 साल पहले हथियार तस्करी के मामले के आरोपी डेनिश नागरिक नील्स होल्क के प्रत्यर्पण का भारत का अनुरोध बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। अदालत का यह आदेश डेनमार्क के शीर्ष अभियोजन प्राधिकरण के खिलाफ है जिसने नील्स को विदेश भेजने के लिए हरी झंडी दे दी थी। होल्क ने 1995 में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में एक मालवाहक विमान से असॉल्ट राइफल, रॉकेट लॉन्चर और मिसाइल गिराने की घटना में भाग लेने की बात स्वीकार की थी। हिलेरोएड जिला न्यायालय ने कहा कि भारत द्वारा दी गई अतिरिक्त राजनयिक गारंटी के बावजूद एक ऐसा जोखिम है कि होल्क को भारत में यातना या अन्य अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ेगा। होल्क (62) ने कहा कि उसे डर है कि अगर उसे प्रत्यर्पित किया गया तो उसकी जान को ख़तरा हो सकता है। फैसले की घोषणा से पहले होल्क ने बृहस्पतिवार सुबह डेनिश रेडियो डीआर से कहा, मैं न्यायाधीश के सामने जवाबदेह ठहराया जाना चाहूंगा क्योंकि मेरा मानना है कि यह एक न्यायसंगत आपात स्थिति है। हथियार गिराए जाने के बाद एक ब्रिटिश नागरिक और पांच लातवियाई लोगों को भारतीय अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन होल्क

भाग निकला था जिसे पहले नील्स क्रिश्चियन नीलसन के नाम से जाना जाता था। भारत ने सबसे पहले 2002 में डेनमार्क से होल्क के प्रत्यर्पण के लिए कहा था। सरकार सहमत हो गई थी, लेकिन डेनमार्क की दो अदालतों ने उसके प्रत्यर्पण को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि उसे भारत में यातना या अन्य अमानवीय व्यवहार का खतरा होगा। इससे दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध तनावपूर्ण हो गए। जून 2023 में, डेनमार्क ने फिर से 2016 के भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध पर गौर किया और कहा कि प्रत्यर्पण अधिनियम की आवश्यकताओं को पूरा किया गया है।

क्वात्रा ने वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक वर्मा से भारत-अमेरिका साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा की

वाशिंगटन। अमेरिका में भारत के नए राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने प्रबंधन और संसाधन उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा से मुलाकात की और भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की। यह मुलाकात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की, संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने के लिए अगले महीने प्रस्तावित न्यूयॉर्क यात्रा से पहले हुई। क्वात्रा ने 12 अगस्त को अमेरिका में भारत के नए राजदूत के रूप में प्रभार संभाला। उन्होंने बुधवार को वर्मा से मुलाकात की। एक सप्ताह पहले अमेरिकी अधिकारी ने भारत का दौरा किया था और विदेश मंत्री एस जयशंकर तथा विदेश सचिव विक्रम मिसरी समेत कई भारतीय नेताओं एवं अधिकारियों से मुलाकात की थी। क्वात्रा ने बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, आज अपने मित्र रिच वर्मा से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमने भारत-अमेरिका साझेदारी को आगे बढ़ाने के तरीकों पर अपनी चर्चा जारी रखी। उनका संदेश वर्मा के पोस्ट के जवाब में था जो उन्होंने अमेरिका में क्वात्रा का स्वागत करते हुए एक्स पर किया था। वर्मा ने एक्स पर लिखा, अमेरिका में भारत के राजदूत के रूप में अपने मित्र विनय क्वात्रा का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। अमेरिका-भारत संबंध को, प्रगति और वादों की साझेदारी को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की उम्मीद है। भारतीय अमेरिकी राजनयिक ने मंगलवार को एक्स पर अपनी भारत यात्रा के बारे में टिप्पणी की थी।

इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक के पांच और चरमपंथियों को मार गिराने का दावा किया

तुलकारेम। इजराइली सेना ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में व्यापक अभियान के दौरान एक स्थानीय कमांडर समेत पांच और चरमपंथियों को मार गिराने का दावा किया। इजराइल का कहना है कि मंगलवार देर रात से, उत्तरी वेस्ट बैंक में एक साथ चलाया गया अभियान हमलों को रोकने के लिए है। इसने कहा कि इसमें कुल 16 लोग मारे गए हैं, जिनमें ज्यादातर उग्रवादी थे। फलस्तीनी इसे इजराइल-हमास युद्ध के विस्तार के रूप में देखते हैं जिसका उद्देश्य क्षेत्र पर इजराइल के दशकों पुराने सैन्य शासन को कायम रखना है। इस्लामिक जिहाद चरमपंथी समूह ने पुष्टि की कि उसके कमांडर मोहम्मद जाबेर (जिसे अबू शुजा के नाम से भी जाना जाता है) की तुलकारेम में इजराइली सेना की कार्वाई में मौत हो गई। जाबेर वर्ष की शुरुआत में तब अनेक फलस्तीनियों के लिए नायक बन गया था जब एक इजराइली अभियान में उसके मारे जाने की खबर आई। लेकिन अन्य उग्रवादियों को सुपुर्द-ए-खाक किए जाने के समय वह अचानक दिखा जहाँ उत्साही भीड़ ने उसे कंधों पर उठा लिया।इजराइली सेना ने कहा कि बृहस्पतिवार सुबह हुई मुठभेड़ में शुजा और चार अन्य चरमपंथी मारे गए जो एक मस्जिद में छिपे हुए थे। सेना ने कहा कि अबू शुजा जून में हुई घातक गोलीबारी सहित इजराइल के नागरिकों पर कई हमलों में शामिल था तथा वह आगे और भी हमले करने की साजिश रच रहा था।इसने कहा कि वेस्ट बैंक के शहर तुलकारेम में अभियान के दौरान एक अन्य उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया।

ईयू को सलाहः इजरायल के साथ अपने संबंधों पर पुनर्विचार करे

ब्रसेल्स। आयरलैंड और यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक ने बृहस्पतिवार को कहा कि गाजा और पश्चिमी तट में मौत के मामले बढ़ने के बीच यूरोपीय संघ को इजरायल के साथ अपने संबंधों पर पुनर्विचार करना चाहिए और नस्लीय घृणा को बढ़ावा देने के आरोपी इजरायली सरकार के कुछ मंत्रियों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। ब्रसेल्स में ईयू के विदेश मंत्रियों की बैठक में आयरलैंड के विदेश मंत्री माइकल मार्टिन ने इजराइल पर जानबूझकर आम नागरिकों और हमास चरमपंथियों को करीब 11 महीने पहले शुरू किए गए अपने सैन्य अभियान में निशाना बनाने का आरोप लगाया।

ईरान ने यूरेनियम भंडार को अस्त्र-श्रेणी स्तर के करीब तक बढ़ायाः आईएईए

वियना। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था की एक गोपनीय रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को कहा गया कि अंतरराष्ट्रीय आह्वान की अवहेलना करते हुए ईरान ने अपने समृद्ध यूरेनियम भंडार को अस्त्र-श्रेणी स्तर के करीब तक बढ़ा दिया है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की रिपोर्ट के अनुसार, 17 अगस्त तक ईरान के पास 60 फीसदी तक संवर्धित 164.7 किलोग्राम (363.1 पाउंड) यूरेनियम था। मई में आईएईए की पिछली रिपोर्ट के बाद से यह 22.6 किलोग्राम (49.8 पाउंड) की वृद्धि है। साठ प्रतिशत शुद्धता तक संवर्धित यूरेनियम 90 प्रतिशत के अस्त्र-श्रेणी स्तर से बस एक छोटा सा तकनीकी कदम दूर है।

भारत ने ऊर्जा परियोजनाओं के लिए पहला भुगतान श्रीलंका को सौंपा

कोलंबो। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने उत्तरी जाफ्ना के पास तीन श्रीलंकाई द्वीपों पर हाइब्रिड बिजली परियोजनाओं के लिए पहला भुगतान बृहस्पतिवार को सौंपा, जिन्हें 1.1 करोड़ अमरीकी डालर की भारतीय अनुदान सहायता के तहत क्रियान्वित किया जा रहा है। डेल्फ्ट, नैनातिवु और अनलाईतिवु द्वीपों में हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने की परियोजनाएं भारतीय अनुदान सहायता के तहत क्रियान्वित की जा रही हैं। भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "उच्चायुक्त संतोष झा ने डेल्फ्ट, नैनातिवु और अनलाईतिवु द्वीपों में हाइब्रिड ऊर्जा परियोजनाओं के लिए पहला भुगतान विद्युत और ऊर्जा मंत्रालय की सचिव डॉ सुलक्षणा जयवर्धने और श्रीलंका सतत ऊर्जा प्राधिकरण (एसएलएसईए) के अध्यक्ष को सौंपा।

हांगकांग की अदालत ने राजद्रोह के एक मामले में दो पत्रकारों को दोषी ठहराया

हांगकांग। हांगकांग की एक अदालत ने एक बंद हो चुके समाचार संस्थान के दो पूर्व संपादकों को राजद्रोह के एक मामले में बृहस्पतिवार को दोषी ठहराया। इस फैसले को मीडिया की स्वतंत्रता के भविष्य के संकेतक के रूप में देखा जा रहा है। स्टैंड न्यूज़ के पूर्व प्रधान संपादक चुंग पुई-कुएन और पूर्व कार्यवाहक प्रधान संपादक पैट्रिक लैम को 2021 में गिरफ्तार किया गया था और उन्होंने राजद्रोही सामग्री को प्रकाशित करने और पुनः प्रस्तुत करने की साजिश के आरोप को कबूल नहीं किया था।

बांग्लादेश की पूर्व स्पीकर और पूर्व वाणिज्य मंत्री हत्या मामले में गिरफ्तार

ढाका। बांग्लादेश में हाल ही में आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में एक सुनार की हत्या के मामले में पूर्व स्पीकर शिरीन शर्मिन चौधरी और पूर्व वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी को गिरफ्तार किया गया है। मीडिया रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। इन प्रदर्शनों के कारण ही देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार गिर गई थी। बांग्लादेश के अंग्रेजी अखबार ढाका ट्रिब्यून में प्रकाशित खबर में बताया गया कि रंगपुर में दर्ज एक हत्या के मामले में पूर्व वाणिज्य मंत्री मुंशी (74) को रैपिड एक्शन बटालियन ने ढाका के गुलशन में बुधवार रात गिरफ्तार किया है।

अल साल्वाडोर में 6.1 तीव्रता का भूकंप

सैन साल्वाडोर। अल साल्वाडोर में बुधवार दोपहर 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। बहरहाल, इस दौरान जान-माल का नुकसान होने की अभी तक कोई खबर नहीं मिली है। साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायिब बुकेले ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि ला लिबर्टाड के पश्चिमी क्षेत्र के तट से 60 किलोमीटर दूर आए भूकंप ने अल साल्वाडोर के अधिकतर हिस्से को हिलाकर रख दिया।

चीन के राष्ट्रपति ने अमेरिका के एनएसए सुलिवन से मुलाकात की

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को बीजिंग में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन से मुलाकात की। इस मुलाकात का उद्देश्य दोनों शक्तियों के बीच संवाद को खुला रखना है, क्योंकि हाल के वर्षों में चीन और अमेरिका के बीच संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए हैं। सुलिवन ने चीन की अपनी तीन दिवसीय यात्रा समाप्त की है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर राष्ट्रपति जो बाइडन के मुख्य सलाहकार के रूप में अपनी पहली चीन यात्रा पर आए सुलिवन ने इससे पहले विदेश मंत्री वांग ई और केंद्रीय सैन्य आयोग के एक वरिष्ठ जनरल से मुलाकात की।चीन और अमेरिका के बीच विभिन्न मुद्दों पर मतभेद बढ़ते

जा रहे हैं, जिसकी शुरुआत 2018 में शुरू हुए व्यापार युद्ध से हुई और जिसमें अब वैश्विक सुरक्षा के मामले भी जुड़ गए हैं जैसे कि दक्षिण चीन सागर पर चीन का दावा, और ऑटोमोबाइल तथा सौर पैनल विनिर्माण जैसे मुद्दों पर औद्योगिक नीति आदि। सुलिवन ने बीजिंग से रवाना होने से कुछ समय पहले एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारा मानना है कि चीन के साथ प्रतिस्पर्धा संघर्ष या टकराव की ओर नहीं बढ़नी चाहिए। इसके लिए कूटनीति के माध्यम से जिम्मेदार प्रबंधन अहम है। दोनों देशों की सरकारें अमेरिका में जनवरी में नए राष्ट्रपति के आने से पहले रिश्तों में उतार-चढ़ाव नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि वे संबंधों को संभालने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शी और बाइडन ने संबंधों को सुधारने के प्रयास में पिछले साल नवंबर में सैन फ्रांसिस्को में मुलाकात की थी।

डोभाल कोलंबो पहुंचे

कोलंबो। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन शुक्रवार को आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात भी करेंगे। सम्मेलन अपने कोलंबो सचिवालय के साथ भारत, श्रीलंका, मालदीव और मॉरीशस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों तथा उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों को क मंच पर लाता है। सम्मेलन में बांग्लादेश और सेशेल्स को पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है। इस सम्मेलन में समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद-निरोध और साइबर सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा होती है तथा भारत हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक चिंताओं से अवगत कराता है।

पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री मोदी आमंत्रित किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अक्टूबर में यहां आयोजित होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार, साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि 15-16 अक्टूबर को होने वाले शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए शासनाध्यक्षों को निमंत्रण भेजे गए हैं।खबर में बलूच के हवाले से कहा गया है, "भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी निमंत्रण भेजा गया है।

बांग्लादेश ने जबरन गायब होने से जुड़े अंतरराष्ट्रीय समझौते पर दस्तखत किए

भाषा। ढाका

बांग्लादेश ने बृहस्पतिवार को जबरन गायब किए जाने के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। दो दिन पहले ही बांग्लादेश ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के करीब 16 साल के शासन के दौरान जबरन गायब किए जाने के प्रत्एक मामले का पता लगाने के लिए एक आयोग का गठन किया था। अंतरिम सरकार प्रमुख मुहम्मद यूनुस की प्रेस इकाई ने उनके हवाले से कहा, यह ऐतिहासिक अवसर है। यूनुस ने सभी व्यक्तियों को जबरन गायब किए जाने से बचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय समझौते से संबंधित विलय पत्र पर हस्ताक्षर किए। यह घटनाक्रम संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित जबरन गायब किए गए पीड़ितों के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस से एक दिन पहले हुआ है। यह अंतरराष्ट्रीय दिवस 30 अगस्त को मनाया जाता है। विलय पत्र के अनुसार, मैं, प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस, मुख्य सलाहकार, घोषणा करता हूं कि बांग्लादेश के जनवादी गणराज्य की सरकार, उपर्युक्त समझौते पर विचार करने के बाद, इसे स्वीकार करती है और इसमें निहित शर्तों का ईमानदारी से पालन करने का वचन देती है। बाद में, यूनुस ने बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार के अपने आधिकारिक अकाउंट से एक्स पर पोस्ट किया, बांग्लादेश ने सभी व्यक्तियों को जबरन गायब किए जाने से बचाने के लिए बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय समझौते में शामिल होने के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए, जिससे जबरन गायब किए जाने के प्रत्एक मामले की जांच करने की उसकी प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई। आयोग को एक जनवरी, 2010 से पांच अगस्त, 2024 के बीच जबरन गायब किए जाने के मामलों की जांच करने को कहा गया है। वैश्विक मानवाधिकार संस्था ह्यूमन राइट्स वॉच ने बांग्लादेशी मानवाधिकार संगठनों के हवाले से आरोप लगाया कि देश के सुरक्षा बलों ने 2009 से 600 लोगों को जबरन गायब किया।

हसीना के अपदस्थ होने के बाद बांग्लादेश से संबंधों पर पुनर्विचार करे भारतः बीएनपी नेता

ढाका। बीएनपी के एक वरिष्ठ नेता ने पूर्व राजनयिकों, नौकरशाहों, नेताओं और संस्थाओं पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि वे भारत को यह मानने के लिए भ्रमित कर रहे हैं कि शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के बिना भारत-बांग्लादेश के संबंध खराब होंगे। खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता अमीर खुसरो महमूद चौधरी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भारत के चिंता जताने के कुछ दिन बाद कहा कि यह देश का आंतरिक मामला है। हालांकि उन्होंने कहा कि बांग्लादेश अपने सबसे करीबी पड़ोसी देश भारत से मजबूत संबंध चाहता है। चौधरी की पार्टी बीएनपी हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग (एएल) की चिर प्रतिद्वंद्वी रही है। हसीना देशभर में हुए छात्र आंदोलन के मद्देनजर पांच अगस्त को देश छोड़कर भारत चली गई थीं। इसके बाद आठ अगस्त को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन किया गया, जो चुनाव होने तक काम करेगी। चौधरी ने यहां पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में पूर्व राजनयिकों, अधिकारियों, राजनीतिक नेताओं और संस्थाओं के रुख पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह बांग्लादेश के बारे में भारत को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से भारत-बांग्लादेश के रिश्ते खराब हुए हैं।

सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान 1,000 से ज्यादा की मौतः स्वास्थ्य सलाहकार

ढाका। बांग्लादेश में शेख हसीना नीत पूर्ववर्ती सरकार के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान 1,000 से अधिक लोग मारे गए, वहीं 400 से अधिक लोगों की पुलिस की गोली लगने से एक या दोनों आंखों की रोशनी चली गई है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की एक शीर्ष सलाहकार ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। स्वास्थ्य सलाहकार नूरजहां बेगम ने राजधानी के राजारबाग इलाके में सेंट्रल पुलिस अस्पताल के भ्रमण के दौरान यह खुलासा किया जहां उन्होंने संघर्ष के दौरान घायल हुए पुलिसकर्मियों से बात की। बीडीन्यूज24 . कॉम समाचार पोर्टल ने नूरजहां के हवाले से कहा, अभी तक 1,000 लोग मारे जा चुके हैं और 400 से अधिक छात्र और आम लोगों की आंखों की रोशनी चली गई।

जापान में तूफान के कारण भारी बारिश, तीन लोगों की मौत, बिजली गुल होने से ढाई लाख घरों में अंधेरा

तोक्यो। दक्षिणी जापान में बृहस्पतिवार को भारी बारिश और तेज हवाओं के साथ आए तूफान के कारण कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई तथा क्यूशू में बिजली गुल होने से ढाई लाख घर अंधेरे में हैं। तूफान के और विकराल होने के चलते बाढ़, भूस्खलन तथा बड़े स्तर पर नुकसान की आशंका व्यक्त की गई है। तूफान शानशान ने सुबह दक्षिणी क्यूशू के सतसुमासेंदाई के पास दस्तक दी, जहां 24 घंटे में 60 सेमी तक बारिश होने के आसार हैं। इसने बताया कि पिछले 24 घंटे में हुई बारिश अगस्त की औसत बारिश से अधिक है जिससे नदियां उफान पर आ गई हैं और बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।एजेंसी ने यह भी बताया कि तूफान के कारण देश के अधिकतर भागों, विशेषकर क्यूशू के दक्षिणी प्रान्तों में तेज हवाएं चलने, ऊंची लहरें उठने और भारी वर्षा की संभावना है।

दुबई में विशेष अवसरों को मनाने का अवसर

दुबई। जीवन के महत्वपूर्ण पलों को सबसे अद्वितीय तरीकों से मनाने का मंच तैयार करता है। चाहे आप रोमांचक साहसिक यात्राओं की तलाश में हों या शांत विश्राम स्थलों की।यह शहर आपको अद्वितीय अनुभव प्रदान करता है। दुबई में अद्भुत स्काइडाइविंग से लेकर ख़ास रेगिस्तानी सफारी और शानदार स्पा आनंद शामिल हैं जो आपको, रोमांच और विश्राम का अनोखा मिश्रण प्रदान करता है। इसकी शानदार सेटिंग्स और विश्वस्तरीय सुविधाएं किसी भी विशेष अवसर को एक यादगार उत्सव में बदलने के लिए इसे एक आदर्श स्थान बनाती हैं। स्काइडाइव दुबई- शहर के ऊपर एक रोमह्यांचक अनुभव- दुबई के प्रतिष्ठित स्थलों के ऊपर टैंडम स्काइडाइव के साथ रोमांच का अनुभव करें। पाम जुमेराह और चमचमाती स्काईलाइन के ऊपर उड़ान भरें और शहर का अद्वितीय दृश्यों को देखें। इसके अलावा विशेष अवसरों जैसे जन्मदिन के लिएए स्काइडाइव दुबई पैकेज प्रदान करता है जिसमें वीडियोए यादगार मगए और आपकी छलांग की एक प्रिंटेड फोटो शामिल होती हैए जिससे आपका यह उत्सव वाकई में अविस्मरणीय बन जाता है। प्राइवेट डेजर्ट सफारी एक शानदार रेगिस्तान यात्रा-प्राइवेट डेजर्ट सफारी के साथ अपने विशेष अवसर को और भी खास बनाएं। शानदार तरीके और लाज़वाब इंग्रेडिएंट्स के साथ भोजन का लुत्फ़ उठाए, एक निजी शानदार आलीशान जगह पर विशेष ठहरावए या एक मनमोहक तारामंडल के अनुभव के साथ अपनी यात्रा को कस्टमाइज़ करें। गौर्मेट डिलाइट्स और सांस्कृतिक दावतें- मिशेलिन.स्टार्डेड की उत्कृष्टता और स्थानीय खजानों का अनुभव करें। दुबई एक वैश्विक गैस्ट्रोनोमिक गंतव्य के रूप में चमकता जा रहा है, जिसमें मिशेलिन,स्टार्डेड डाइनिंग और मास्सिमो बोटुराए नोबू मत्सुहिसा और हेंज बेक जैसे प्रसिद्ध शेफ शामिल हैं। लाइव एंटरटेनमेंट एक्सट्रावेगेंजा- दुबई के प्रीमियर शो के लिए फ्रंट.रो एक्सेस-दुबई में शानदार लाइव मनोरंजन की भरमार हैकृओपेरा और थिएटर से लेकर लाइव संगीत तककृलेकिन अल हब्तूर सिटी में ला पर्ल में अभूतपूर्व एक्रोबेटिक स्पेक्टैकल वास्तव में असाधारण है। स्पा डेसर्वोत्तम विश्राम का आनंद लें- प्रसिद्ध वेलनेस सेंटर्स में एक शानदार स्पा डे के साथ खुद की देखभाल और सुखद आनंद लें पारंपरिक हमाम से लेकर आधुनिक स्पा उपचारों तकए स्टाइल में आराम करें और पुनर्जीवित हों। हट्टा में हाइकिंगरू रोमांच और प्रकृति का आनंद लेंयह उन लोगों के लिए है जो बाहरी रोमांच का आनंद लेना चाहते हैंए हट्टा में खूबसूरत हजर पहाड़ों में हाइकिंग करके जश्न मनाएं। अच्छी तरह से चिह्नित ट्रेल्स का अन्वेषण करें या क्षेत्र की वास्तविक सुंदरता का अनुभव करने के लिए गाइडेड टूर चुनें। हट्टा में कायकिंग, माउंटेन बाइकिंग, और घुड़सवारी जैसी गतिविधियां भी मौजूद हैं, साथ ही विस्तारित प्रवास के लिए आरामदायक आवास भी उपलब्ध हैं।

उधार लेकर शेयर बाजार में निवेश में बड़ा जोखिम

भाषा। मेलबर्न

तेजी से अफोर्डेबल हाउसिंग सीढ़ी पर पैर जमाने की होड़ में, कुछ युवा निवेशक बचत पर अपने रिटर्न को बढ़ाने के लिए नए तरीकों की तलाश कर रहे होंगे। ऐसा ही एक दृष्टिकोण - यद्यपि अत्यधिक जोखिम भरा - लीवरेज्ड निवेश है। सरल शब्दों में इसका मतलब निवेश के लिए पैसा उधार लेना है। गिरवी रखना अपने आप में ऐसा करने का एक तरीका है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ऋण को सुरक्षित करने के लिए आप जो अपेक्षाकृत छोटी जमा राशि का भुगतान करते हैं, वह आपको पूरी संपत्ति पर पूंजीगत लाभ (या हानि) के लिए उजागर करती है क्योंकि कीमतें ज्यादा (या कम) होती हैं। अन्य परिसंपत्तियों में निवेश करने के

लिए उधार लेना कम आम है। लेकिन बड़े निगम ऐसा हर समय करते हैं। व्यक्तियों के लिए भी ऐसा करने के कई तरीके हैं, जिनमें गियर्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंडे नामक अपेक्षाकृत नए वित्तीय उत्पाद भी शामिल हैं। तो व्यक्तिगत निवेशक वर्तमान में शेयर बाज़ार में उत्तोलन का लाभ कैसे उठाते हैं - और जोखिम क्या हो सकते हैं? मार्जिन उधार-अंकित मूल्य पर, निवेश के लिए उधार लेने का गणित सरल और आकर्षक लग सकता है। यदि कोई निवेशक 15 प्रतिशत की अपेक्षित वार्षिक रिटर्न वाली परिसंपत्ति में निवेश करने के लिए 9 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर पर उधार ले सकता है - और यदि वे उम्मीदें वास्तव में बाजार में साकार होती हैं - तो उन्हें 6 प्रतिशत की अतिरिक्त राशि मिलती है (कोई भी शुल्क घटाकर)। एक ऋणदाता, जैसे कि चार बड़े बैंकों में से एक, किसी निवेशक को पैसा उधार देता है जिसे वे शेयर बाजार में निवेश करते हैं। उधार दी गई राशि आम तौर पर उस संपाश्विक की मात्रा से निर्धारित होती है जो निवेशक ऋण सुरक्षित करने के लिए देता है। उदाहरण के लिए, 70 प्रतिशत के सामान्य ऋण-से-मूल्य अनुपात का उपयोग करते हुए, 20,000 अमेरिकी डॉलर मूल्य के शेयरों के विविध पोर्टफोलियो वाला एक निवेशक शेयर बाजार में निवेश करने के लिए अतिरिक्त 47,000 अमेरिकी डॉलर उधार ले सकता है।

सुपर डाट मनी अपनी तरह का पहला क्रेडिट कार्ड

क्रेडिट फर्स्ट यूपीआई प्लेटफॉर्म सुपर डाट मनी ने आज उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक के साथ साझेदारी में अपना को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड सुपरकार्ड लॉन्च किया। इस क्रेडिट कार्ड के माध्यम से सामान्य मर्चेंट पेमेंट के साथ-साथ सुपर डाट मनी के स्कैन एंड पे फीचर की मदद से यूपीआई ट्रांजैक्शन भी किया जा सकेगा। इससे क्रेडिट की दुनिया में उनकी औपचारिक शुरुआत का रास्ता तैयार होगा। सबसे छोटा वैरिएंट मात्र 1 डॉलर की लिमिट से शुरू होगा। यह दुनियाभर में अपनी तरह का पहला क्रेडिट कार्ड है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब यूपीआई इंटीग्रेशन की वजह से भारत में लोगों द्वारा क्रेडिट कार्ड को अपनाने में काफी तेजी आई है हालिया रिपोर्ट के मुताबिक अब 30 प्रतिशत नए क्रेडिट कार्ड रुपे नेटवर्क पर जारी किए जा रहे हैं। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 में सिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड लॉन्च करते हुए सुपर मनी के संस्थापक एवं सीईओ प्रकाश सिकारिया ने कहा क्रेडिट ऑन यूपीआई ने इकोसिस्टम की डिमांड साइड की जरूरतों को पूरा किया है लेकिन अभी सप्लाई साइड की चुनौतियां बाकी हैं विशेष रूप से यह चुनौती कि कैसे बड़ी आबादी को क्रेडिट सिस्टम की मुख्य धारा से जोड़ा जाए। खासकर इस वर्ग को लेकर डाटा की कमी को देखते हुए यह चुनौती और भी बड़ी हो जाती है। यूनिवर्सल क्रेडिट कार्ड प्रोडक्ट से ऐसे लाखों भारतीयों को वित्तीय परिवेश से जोड़ने में मदद मिलेगी, जो अभी तक क्रेडिट की मुख्यधारा से दूर हैं। इस साझेदारी पर उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक के एमडी एवं सीईओ गोविंद सिंह ने कहा भारत का पहला एफडी से जुड़ा हुआ यूपीआई इनेबल्ड को.ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पेश करने के लिए सुपर डाट मनी के साथ हमारी साझेदारी नवोन्मेषी वित्तीय समाधान पेश करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

क्विक न्यूज

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड केंद्र में गैस रिसाव से दो व्यक्तियों की मौत, 10 अन्य घायल

दुबई। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड केंद्र में गैस रिसाव के कारण दो व्यक्तियों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बृहस्पतिवार को दी। ईरान के सरकारी टेलीविजन की खबर के अनुसार यह रिसाव इस्फहान प्रांत में रिवोल्यूशनरी गार्ड की एक कार्यशाला में हुआ और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसकी खबर में कहा गया है कि इस्फहान प्रॉविन्शियल गार्ड ने मृतकों की पहचान कैप्टन मोजतबा नजारी और लेफ्टिनेंट कर्नल मोख्तार मोर्शदी के रूप में की है। गार्ड के बयान में यह नहीं बताया गया कि दोनों वरिष्ठ अधिकारियों की मौत गैस से दम घुटने से हुई या गैस रिसाव के कारण विस्फोट हुआ। इसमें यह भी नहीं बताया गया कि लोग कैसे घायल हुए। अन्य विवरण भी नहीं दिया गया। हाल के वर्षों में रिवोल्यूशनरी गार्ड की इकाइयों में कई घातक विस्फोट हुए हैं। सबसे उल्लेखनीय घटना 2011 में हुई, जब तेहरान के पास एक मिसाइल बेस पर हुए विस्फोट में कमांडर हसन तेहरानी मोगादम सहित 17 लोग मारे गए थे, जो अर्धसैनिक बल के मिसाइल कार्यक्रम का नेतृत्व करते थे।शुरू में, अधिकारियों ने विस्फोट को एक दुर्घटना बताया, हालांकि बाद में एक पूर्व कैदी ने कहा कि गार्ड ने उससे इस संदेह पर पूछताछ की कि विस्फोट इजराइल ने किया था। गैस रिसाव ऐसे समय हुआ है जब 31 जुलाई को ईरान की राजधानी तेहरान में हमास के शीर्ष नेता इस्माइल हनिया की हत्या के बाद से तनाव बना हुआ है। ईरान ने हनिया की हत्या के लिए इजराइल पर आरोप लगाया है, लेकिन इजराइल ने हत्या की जिम्मेदारी नहीं ली है। ईरान के शीर्ष अधिकारियों ने हनिया की हत्या के लिए इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्वाई करने का संकल्प लिया है।

दुनिया में फार्मा और हेल्थकेयर निर्यात 9 प्रतिशत बढ़ा

जीएन। भारतीय फार्मास्युटिकल क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है और फार्मा निर्यात वित्त वर्ष 24 में 9 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ महामारी पूर्व विकास स्तरों पर पहुंच रहा है। वित्त वर्ष 2014 से वित्त वर्ष 2024 के दौरान निर्यात 14.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 27.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गयाए जो 90 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है। निर्यात सहित 50 बिलियन अमे

सुकांत, सुहास और तरूण ने दिखाया दम

● पैरालंपिक में भारत के आठ बैडमिंटन खिलाड़ियों ने शुरूआती एकल जीते

भाषा। पेरिस

तोक्यो रजत पदक विजेता सुहास यथिराज सहित भारत के आठ पैरा शटलरों ने मजबूत शुरूआत करते हुए बृहस्पतिवार को यहां पैरालम्पिक खेलों में बैडमिंटन एकल स्पर्धा में अपने शुरूआती ग्रुप मैचों में जीत दर्ज की। पुरुष एकल एसएल4 ग्रुप में सुहास के अलावा सुकांत कदम और तरूण ने अपने शुरूआती मैचों में अलग अलग अंदाज में जीत हासिल की। नितेश कुमार (एसएल 3), पलक कोहली (एसएल 4), तुलसीमति मुरूगेसन (एसयू 5), मनीषा रामदास (एसयू 5) और नित्या श्री सुमति सिवान (एसएच 6) ने भी पहले दौर की बाधा पार की। एसएल4 में वो एथलीट प्रतिस्पर्धा करते हैं जिनके निचले अंग में कमजोरी होती है और जन्हें चलने या दौड़ने में संतुलन की मामूली समस्या होती है। एसएल 3 खिलाड़ियों के शरीर के एक हिस्से में विकृति होती है जबकि एसयू 5 खिलाड़ियों के शरीर के ऊपरी हिस्से में विकृति होती है। एसएच 6 वर्ग बौने खिलाड़ियों के लिए है।सुकांत (31 वर्ष) ने ग्रुप बी के शुरूआती मैच में मलेशिया के मोहम्मद अमीन बुरहानुद्दीन पर एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 17-21 21-15 22-20 से जीत हासिल की। तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता और 2007 बैच के आईएएस अधिकारी सुहास को इंडोनेशिया के हिकमत रामदानी को ग्रुप ए मैच में हराने में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा, उन्होंने महज 22 मिनट में 21-7 21-5 से जीत दर्ज की।अपना दूसरा पैरालंपिक खेल रहे तरूण ने पुरुष एकल एसएल4 ग्रुप डी मैच में ब्राजील के ओलिवेरा रोजेरेयो जूनियर जेवियर को 21-17 21-19 से मात दी। नितेश कुमार और तुलसीमति मुरूगेसन ने हमवतन सुहास यथिराज और पलक कोहली को मिश्रित युगल (एसएल 3 . एसयू 5) के ग्रुप चरण के पहले मैच में हराया। नितेश और तुलसीमति ने ग्रुप ए का यह मुकाबला 31 मिनट में 21 . 14, 21 . 17 से जीता। नितेश ने हमवतन और तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता मनोज सरकार को पुरुष एकल एसएल3 ग्रुप ए में 21-13, 18-21, 21-18 से शिकस्त दी। तुलसीमति ने एसयू 5 ग्रुप ए में इटली की रोसा एफोमो डि मार्को को 21-9, 21-11 से हराया। पलक ने महिला एकल एसएल 4 ग्रुप सी मैच में फ्रांस की मिलेना सुरेयू को आसानी से 21-12, 21-14 से हराया। मनीषा रामदास ने महिला एकल एसयू 5 ग्रुप सी में स्थानीय खिलाड़ी मॉद लेफर्ट पर 8-21, 21-6, 21-19 से जीत दर्ज की।

साइकिलिस्ट ज्योति गडेरिया पैरालंपिक 3000 मी व्यक्तिगत परस्यूट में 10वें स्थान पर रही

पेरिस। भारत की ज्योति गडेरिया बृहस्पतिवार को यहां पैरालंपिक की महिलाओं की सी।-3 3000 मीटर व्यक्तिगत परस्यूट साइकिलिंग स्पर्धा के क्वालीफाइंग दौर में 10वें और अंतिम स्थान पर रहकर बाहर हो गईं। ज्योति ने 3000 मीटर की दूरी तय करने में चार मिनट 53.929 सेकेंड का समय लिया जिससे वह 10वें स्थान पर रही। चीन की वांग जियाओमेई (3:44.660) और ब्रिटेन की डाफ्ने श्रागर (3:45.133) क्वालीफाइंग दौर में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रही जिससे अब दोनों स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला करेंगी। जर्मनी की मैके हॉसबरगर और स्विट्जरलैंड की फ्लूरिना रिगलिंग क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रही जिससे दोनों के बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला होगा।पैरा-साइकिलिंग में मस्तिष्क पक्षाघात, निचले अंग के कटने और विकलांगता वाले एथलीट सी। से सी5 की पांच श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करते है।

शाह नें भारतीय दल को शुभकामना दी

नई दिल्ली। केंद्रीय खेलमंत्री अमित शाह ने पेरिस पैरालम्पिक में गए भारतीय दल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि खिलाड़ी भारत की असली ताकत की बानगी देंगे। शाह ने एक्स पर लिखा , हमारी पैरालम्पिक टीम को शुभकामनाएं। हमारा दल पेरिस पैरालम्पिक 2024 में भारत का परचम लहराने गया है , मैं उन्हें अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा , तिरंगे की शान को बनाए रखने के लिए प्रत्एक खिलाड़ी का दृढ़ संकल्प, रास्ते में आने वाली हर चुनौती को पार करना, नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा है।

मद्धम रोशनी में रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ पैरालम्पिक का आगाज

पेरिस। ओलंपिक की मेजबानी के चंद हफ्ते बाद ही पेरिस में करीब चार घंटे तक शहर के बीचोबीच चले उद्घाटन समारोह के साथ ही खेलों में जीवट और जिजीविषा की बानगी पेश करते पैरालम्पिक का आगाज हुआ। ढलते सूरज की मद्धम रोशनी में हजारों खिलाड़ियों ने चैम्प्स एलिसीस एवेन्यू से प्लेस डे ला कोंकोर्ड तक चली देशों की परेड में हिस्सा लिया जहां फ्रांस के राष्ट्रपति एमैन्युअल मैक्रोन ने पैरालम्पिक खेलों की आधिकारिक शुरूआत की घोषणा की। ऐतिहासिक चौक के आसपास बनाई दीर्घाओं से करीब 50000 लोगों ने उद्घाटन समारोह देखा। आठ सितंबर तक चलने वाले इन खेलों में 22 विधाओं में 4000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे जिनमें दिव्यांग, दृष्टिबाधित या बौद्धिक रूप से अक्षम खिलाड़ी शामिल है। आयोजकों ने कहा कि खेलों के 28 लाख टिकटों में से 20 लाख से अधिक बिक चुके है। ओलंपिक की ही तरह पैरालम्पिक का उद्घाटन समारोह भी स्टेडियम में आयोजित नही किया गया। सिर के ऊपर से गुजरते लड़ाकू विमानों से फ्रांसीसी ध्वज के तीन रंगों लाल, सफेद और नीले रंग का गुबार निकल रहा था। इसके बाद वर्णमाला के क्रमानुसार देशों की परेड हुई। ब्राजील के दल में 250 से अधिक सदस्य थे तो म्यांमार के दल में सिर्फ तीन खिलाड़ी थे। यूक्रेन के दल का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया गया और कुछ दर्शक अभिवादन में खड़े भी हो गए। फ्रांस का दल सबसे आखिर में आया तब दर्शक दीर्घा से मशहूर फ्रांसीसी गीत सुनाई दे रहे थे। पूरे समारोह के दौरान गायकों, नर्तकों और संगीतकारों ने मंच पर प्रस्तुति जारी रखी। इनमें सक्षम और दिव्यांग दोनों कलाकार थे। अंतरराष्ट्रीय पैरालम्पिक समिति के अध्यक्ष एंड्रयू पारसोस ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पेरिस पैरालम्पिक से खेलों के मैदान से इतर भी समावेशिता क्रांति का सूत्रपात होगा। समारोह के समापन के साथ ही पैरालम्पिक खेलों की मशाल पूर्व ओलंपिक व्हीलचेयर टेनिस स्वर्ण पदक विजेता माइक्कल जेरेमियाज लेकर आए। फ्रांस के पांच पैरालम्पियन ने ओलंपिक कुंड में अग्नि प्रज्जवलित की।

अक्टूबर में आएगी साक्षी मलिक की आत्मकथा

नई दिल्ली। भारत की शीर्ष महिला पहलवानों में से एक साक्षी मलिक अक्टूबर में अपनी आत्मकथा लेकर आएंगी जिसमें वह अपने जीवन के उतार-चढ़ाव और अन्य चीजों का ईमानदारी से ब्यौरा देंगी। जगरनॉट बुक्स द्वारा प्रकाशित साक्षी की आत्मकथा विटनेस के सह-लेखक जोनाथन सेल्वाराज है।

न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच नियुक्त किए गए ओरम

ऑक्लैंड। न्यूजीलैंड ने पूव तेज गेंदबाज जैकब ओरम को मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में भारत में होने वाली तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला से पहले अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। न्यूजीलैंड के लिए तीन वनडे और चार टी20 विश्व कप खेल चुके 46 वर्षीय ओरम सात अक्टूबर को जिम्मेदारी संभालेंगे। न्यूजीलैंड की टीम भारत के खिलाफ बेंगलुरु में 16 से 20 अक्टूबर तक श्रृंखला का पहला टेस्ट मैच खेलेगी जिसके बाद पुणे (24 से 28 अक्टूबर) और मुंबई (एक से पांच नवंबर) में टेस्ट खेले जाएंगे।

युवाओं मेगाटास्कर्स को मिलेगा लाभ

नई दिल्ली। हाई-परफॉरमेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने हाल ही में अपनीफुल्ली लोडेड आईकू ज़ी9एस सीरीज के लॉन्च के साथ एक बार फिर इंडस्ट्री बेंचमार्क सेट कर दिया है, जिसमें आईकू ज़ी9एस प्रो 5जी और आईकू ज़ी9एस 5जी शामिल हैं। खासकर कॉलेज के छात्र और यंग प्रोफेशनल्स के लिए है जिन्हें तेज़ कनेक्टिविटी और सीमलेस एंटरटेनमेंट की ज़रूरत होती है। आईकू ज़ी9एस सीरीज फुल्ली लोडेड फॉर मेगाटास्कर्स है। आईकू ज़ी9एस कल से आईकूईस्टोर और अमेज़नइन पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। 8जीबी.128जीबी के लिए19,999 रूपये से लेकर 40 हजार तक 29 अगस्त दोपहर 12 बजे से दो आकर्षक रंग वेरिएंट ओनिक्स ग्रीन और टाइटेनियम मैट में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे।

शाहरूख का स्टीपलचेस में अंडर20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड

लीमा। भारत के शाहरूख खान ने 3000 मीटर स्टीपलचेस में राष्ट्रीय अंडर 20 रिकॉर्ड तोड़कर अपनी हीट में छठे स्थान पर रहते हुए विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 चैम्पियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। अठारह वर्ष के शाहरूख ने आठ मिनट 45 . 12 सेकंड का समय लेकर अपनी हीट में छठा स्थान हासिल किया। फाइनल 31 अगस्त को होगा। दोनों हीट में से शीर्ष आठ खिलाड़ियों ने फाइनल में जगह बनाई है।

बरिंदर ने संन्यास लिया

नई दिल्ली। भारत के लिए 2016 में छह एकदिवसीय और दो टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बरिंदर सरन ने बृहस्पतिवार को खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की।स ो ल मीडिया पर अपने फैसले की घोषणा करते हुए 31 साल के बरिंदर ने कहा कि यह संन्यास लेने का सही समय है।बरिंदर ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, अब जबकि मैं आधिकारिक तौर पर क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं, मैं अपने सफर को कृतज्ञता के साथ देखता हूं।

पूर्व सचिव पर कार्रवाई कर सकता है एआईसीएफ

चेन्नई। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) अपने पूर्व सचिव और फिडे सलाहकार बोर्ड के सदस्य भरत सिंह चौहान के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्वाई पर विचार कर रहा है क्योंकि उन्होंने अपने कार्यकाल से जुड़े किसी भी कथित गुम दस्तावेज के अस्तित्व से इनकार किया है।

जोकोविच यूएस ओपन के तीसरे दौर में

● विम्बलडन चैम्पियन क्रेसिकोवा बाहर

भाषा। न्यूयॉर्क

गत चैम्पियन नोवाक जोकोविच अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गए जब सर्बिया के ही लास्लो जेरे ने तीसरे सेट में चोटिल होने के बाद कोर्ट छोड़ दिया। जोकोविच पूरे मुकाबले में अपनी सर्विस पर जूझते नजर आए। उन्होंने बाद में कहा भी कि अगर लास्लो चोटिल नहीं होते तो शायद वह हार भी सकते थे। वह 6-4, 6-4, 2-0 से आगे थे जब लास्लो पीछे हट गए। जोकोविच की अमेरिकी ओपन में यह 90वीं जीत थी। अब उनका सामना शुक्रवार को 28वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सेइ पोपिरिन से होगा। इससे पहले विम्बलडन चैम्पियन बारबोरा क्रेसिकोवा अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में एलेना गैब्रिएला रूसे से 4-6, 5-7 से हारकर बाहर हो गई। आठवीं वरीयता प्राप्त क्रेसिकोवा ने पेरिस ओलंपिक के बाद कोई मैच नहीं खेला था। रूसे का सामना अब 26वीं वरीयता प्राप्त पाउला बाडोसा से होगा जिन्होंने अमेरिका की टेलर टाउनसेंड को 6-3, 7-5 से मात दी। किसी महिला खिलाड़ी ने 2012 में सेरेना विलियम्स के बाद एक ही साल में विम्बलडन और अमेरिकी ओपन खिताब नहीं जीते हैं। पुरूष वर्ग में फ्रांसिस टियाफो ने 32 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच अलेक्जेंडर शेवचेंको के खिलाफ पहले दो सेट जीत लिए लेकिन तीसरे सेट के पहले गेम में शेवचेंको ने कोर्ट छोड़ दिया। वहीं 13वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने रॉबर्टो बतिस्ता एगुट को 6 . 3, 6-4, 6-4 से हराया। अब उनका सामना टियाफो से होगा जिन्हें पिछले साल उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हराया था।

बालाजी और युकी अपने अपने जोड़ीदारों के साथ दूसरे दौर में

न्यूयॉर्क। भारत के युगल खिलाड़ियों एन श्रीराम बालाजी और युकी भांबरी ने अमेरिकी ओपन पुरूष युगल वर्ग में अपने अपने जोड़ीदारों के साथ पहले दौर के मुकाबले जीत लिए है। बालाजी और अर्जेंटीना के गुइडो एंड्रियोजी ने न्यूजीलैंड के मार्कस डेनियल और मैक्सिको के मिगुल रेएस वारेला को 5-7, 6-1, 7-6 से हराया। अमेरिकी ओपन में अच्छे प्रदर्शन से स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले से पहले बालाजी का आत्मविश्वास बढेगा जो भारत के मुख्य युगल खिलाड़ी है। उन्होंने जीत के बाद कहा , यह करीबी मुकाबला था। खास तौर पर मेरा जोड़ीदार और मिक्सी पूर्व जोड़ीदार थे तो उसके लिए मानसिक तौर पर इतना आसान नही था। हम पहला सेट हार गए जिसमें हमने अंक बनाने के कई मौके गंवाए। आखिरी सेट में हमने मजबूती से प्रदर्शन किया। युकी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती ने स्थानीय वाइल्ड कार्डधारी रियान सेजेरमैन और पैट्रिक टी को 6-3, 6-4 से मात दी। अब उनका सामना अमेरिका के आस्टिन क्राइसेक और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर से होगा। युकी ने कहा, यह शानदार प्रदर्शन था। अमेरिकी खिलाड़ियों से उनके घरेलू स्लैम में खेलना पेचीदा हो सकता है लेकिन एक बार हमने बढ़त बना ली तो हम निरंतर खेलते रहे।

स्टार खिलाड़ियों ने निराश किया, मुंबई को टीएनसीए एकादश ने जीत के लिए दिया 510 रन का लक्ष्य

● बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट

कोयंबटूर। मुंबई टीम में शामिल भारतीय स्टार खिलाड़ियों ने टीएनसी एकादश के खिलाफ बृहस्पतिवार को यहां बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट के अपने अंतिम ग्रुप चरण मैच में निराश किया जिससे टीम को जीत के लिए 510 रन का विशाल लक्ष्य मिला। बुधवार को दूसरे दिन मुंबई की टीम टीएनसीए एकादश के पहली पारी के 379 रन के जवाब में महज 156 रन पर सिमट गई। सूर्यकुमार यादव (30) अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके। सरफराज खान (06) और श्रेयस अय्यर (02) की भी क्रीज पर देर तक टिकने की योजना सफल नहीं रही। टीएनसीए के स्पिनर आर साई किशोर ने 36 रन देकर पांच विकेट झटके। टीएनसीए एकादश के लिए दूसरी पारी में तीसरे दिन लोकेश्वर एस 73 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे और उन्हें अथिश एस आर (57 रन) और मोकित हरिहरन आर एस (52 रन) से अच्छा सहयोग मिला। टीएनसीए एकादश ने दूसरी पारी में 286 रन बनाए। बृहस्पतिवार को टीएनसीए एकादश के सलामी बल्लेबाज अथिश और लोकेश्वर ने 142 रन की साझेदारी निभाई। पर स्पिनर मुशीर खान ने अथिश को आउट कर इस भागीदारी का अंत किया।

मांडविया, जऊर इकबाल ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी

भाषा। नई दिल्ली

खेलमंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान जफर इकबाल ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर यहां मेजर ध्यान चंद को श्रद्धांजलि दी। स्वतंत्रता पूर्व लगातार तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद का जन्मदिन राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। मांडविया ने यहां नेशनल स्टेडियम पर ध्यान चंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने पीटीआई वीडियो से कहा , राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर हम मेजर ध्यान चंद को उनकी जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही कहा है कि जो खेलेगा, वह खिलेगा। देश के नागरिकों को फिट और स्वस्थ रहना है ताकि स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकें। ऐसा समाज राष्ट्र निर्माण में मदद करता है। हमें 2047 तक विकसित भारत बनाना है जिसमें सभी नागरिक स्वस्थ हों। उन्होंने कहा , स्वस्थ रहने के लिए खेलना जरूरी है। हर किसी को एक घंटे अपनी पसंद का खेल खेलना चाहिए। मैं भी अपना पसंदीदा खेल फुटबॉल खेलूंगा।

खेलों को बढावा देने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनकी सरकार खेलों को बढावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि अधिक से अधिक युवा खेलों में अपनी चमक बिखेरें। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा , राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं। आज हम मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि दे रहे है।

फिरौजा ने जीसीटी और सिंकफील्ड चरण जीता, गुकेश पांचवें स्थान पर

सेंट लुई। फ्रांस के ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरौजा अंतिम गेम में भारतीय स्टार खिलाड़ी आर प्रज्ञानांनदा से ड्रा खेलने के बावजूद सिंकफील्ड कप में चैम्पियन बनने के साथ ग्रां शतरंज टूर (जीसीटी) 2024 जीतने में सफल रहे। फिरौजा को टूर्नामेंट में एक भी हार का सामना नही करना पड़ा, उन्होंने बचे हुए तीन गेम में तीन जीते और तीन में ड्रा खेला। जीसीटी के गत चैम्पियन फैबियानो कारूआना को अंतिम राउंड गेम में हालैंड के अनीश गिरी पर जीत के बावजूद दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा और उनके 5.5 अंक रहे। फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लागावेर और नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। लागावेर ने अंतिम राउंड के गेम में चीन के डिंग लिरेन को और नोडिरबेक ने रूस के इयान नेपोमनियाच्ची को मात दी। ए दोनों कारूआना से आधा अंक पीछे पांच पांच अंक पर रहे। भारत के प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश 4.5 अंक लेकर संयुक्त रूप से पांचवे स्थान पर रहे। दोनों ने नौ ड्रा खेले।

विल पुकोवस्की ने 26 वर्ष की उम्र में क्रिकेट से विदा ली

मेलबर्न। विल पुकोवस्की ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में जिस तरह शानदार आगाज किया था, उन्हें आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी का अगला सितारा माना जा रहा था लेकिन लगातार सिर में चोट और कनकशन (सिर में चोट के कारण अचेत होना) की घटनाओं के बाद सिर्फ 26 वर्ष की उम्र में क्रिकेट को अलविदा कह दिया। चिकित्सा विशेषज्ञों की पैनल के सुझाव के बाद उन्होंने रिटायर होने का फैसला किया। 9 न्यूज मेलबर्न ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुकोवस्की ने स्वीकार किया था कि इन चोटों का उनके मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ा है। हालांकि पुकोवस्की और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया दोनों ने अभी तक औपचारिक घोषणा नही की है और खबर में कहा गया है कि ऐसा बल्लेबाज और उनके राज्य की टीम विक्टोरिया के बीच अंतिम अनुबंध विवरण पर चल रही चर्चा के कारण किया गया है। उन्होंने अपने कैरियर में एकमात्र टेस्ट सिडनी में 2021 में भारत के खिलाफ खेला जिसमें उन्होंने 62 रन बनाए थे। उन्हें नवदीप सैनी ने आउट किया था। उस मैच में कंधे में लगी चोट के कारण वह छह महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। उन्हें जनवरी 2019 में टीम में पहली बार चुना गया था। मार्च 2024 में शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान रिले मेरेडिथ की गेंद हेलमेट पर लगने के कारण उन्हें कनकशन के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। इसके बाद वह पूरे सत्र में नही खेल सके और लंकाशर के लिए काउंटी क्रिकेट खेलने का करार भी रद्द करना पड़ा।

आस्ट्रेलिया में भारत की जीत की संभावना बल्लेबाजों पर निर्भर होगी : बुकानन

भाषा। मुंबई

आस्ट्रेलिया के पूर्व कोच जॉन बुकानन का मानना है कि भारत की आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला में जीत की हैट्रिक लगाने की संभावना इस बात पर निर्भर करेगी कि उसके उम्रदराज स्टार क्रिकेटर रोहित शर्मा और विराट कोहली मेजबान टीम के तेज गेंदबाजों का सामना किस तरह करते हैं। भारत 1991-92 के बाद पहली बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलिया का दौरा करेगा जिसका पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगा। मुख्य कोच के तौर पर आस्ट्रेलिया के सभी प्रारूपों में स्वर्णिम दौर का मार्गदर्शन करने वाले बुकानन ने कहा कि भारत और आस्ट्रेलिया दोनों के पास उम्रदराज खिलाड़ियों की भरमार है लेकिन इससे दोनों टीम के बीच प्रतिस्पर्धा में कोई बाधा नहीं होगी। कानन ने बृहस्पतिवार को सीपी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल के लिए रेडी स्टेडी गो किड्स खेल कार्यक्रम के लांच के बाद पीटीआई से बातचीत में कहा, पिछली श्रृंखला में भारत से हारने के बाद से आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी आक्रमण में (ऑफ स्पिनर नाथन लियोन) के साथ अब कैमरन ग्रीन और मिचेल मार्श शामिल हैं। यह काफी ताकतवर गेंदबाजी लाइनअप है। उन्होंने कहा, भारत के शीर्ष क्रम में यशस्वी जायसवाल, रोहित शर्मा, विराट कोहली और संभवत: श्रेयस अय्यर को अच्छा स्कोर बनाने के लिए काफी अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी और फिर जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज जैसे गेंदबाज अपनी काबिलियत दिखाएंगे।

शाह की अगुआई वाला आईसीसी क्रिकेट के दीर्घकालिक भविष्य के लिए अच्छे फैसले ले

मुंबई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच जॉन बुकानन ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से क्रिकेट के दीर्घकालिक भविष्य के लिए अच्छे फैसले लेने का आग्रह किया जिसकी अगुआई जल्द ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह करेंगे। पैंतीस वर्षीय शाह एक दिसंबर को कार्यभार संभालने के बाद वैश्विक संचालन संस्था के सबसे युवा चेयरमैन बन जाएंगे। टेस्ट क्रिकेट में दो बार विश्व रिकॉर्ड लगातार 16 जीत और 2003 तथा 2007 में एकदिवसीय विश्व कप जीत के दौरान ऑस्ट्रेलियाई के कोच रहे बुकानन ने कहा कि आईसीसी को टी20 लीग की बढ़ती संख्या से जुड़ी चिंताओं का समाधान निकालने की जरूरत है।बुकानन ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान पीटीआई से कहा, अब जब जय शाह आईसीसी के प्रमुख बन गए है तो यह बेहद महत्वपूर्ण है कि आईसीसी खेल के लिए कुछ बहुत अच्छे दीर्घकालिक निर्णय ले। उन्होंने कहा, हम टी20 लीग, टी10 लीग, (द) हंड्रेड्स और इसी तरह की अन्य लीग का प्रसार देख रहे है... वास्तविकता यह है कि यही खेल का भविष्य है। आज हम जिन युवा बच्चों से बात कर रहे है, वे खेल के इस छोटे प्रारूप से प्रेरित होंगे और इसे खेलना पसंद करेंगे। बुकानन ने हालांकि टेस्ट क्रिकेट के महत्व पर भी जोर दिया।

क्विक न्यूज

बिहार के राजगीर में होगा महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी का आयोजन

नई दिल्ली। महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के अगले सत्र का आयोजन बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में 11 से 20 नवंबर तक होगा। देश में हॉकी की संचालन संस्था हॉकी इंडिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।टूर्नामेंट का आयोजन हॉकी इंडिया और बिहार सरकार करेंगे और यह नव-विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेल जाएगा।पिछले साल हॉकी झारखंड ने रांची में महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी का सफल आयोजन किया था जिसका खिताब भारत ने जीता था। गत चैंपियन भारत के अलावा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशियाई और थाईलैंड के इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की उम्मीद है।इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली टीमों का स्वागत करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने कहा, मैं आठवीं महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए बिहार सरकार का समर्थन देने को पर बहुत खुश हूं। हम इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली अंतरराष्ट्रीय टीमों का स्वागत करते है। हमें उम्मीद करते है कि इस प्रतियोगिता के लिए आने वाली हॉकी टीमें, अधिकारी और हॉकी प्रशंसक हमारे लोगों की मेहमाननवाजी का लुत्फ उठाएंगे, इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए हम कोई कसर नही छोड़ेंगे।

कम्युनिटी डे पर ट्रेनर से प्रशिक्षण

मुंबई। पोकेमॉन गो अगस्त 2024 कम्युनिटी डे शनिवार 31 अगस्त 2024 को आयोजित किया जाएगा! इस कम्युनिटी डे के दौरान अपने आस-पास के ट्रेनर के साथ रेड, ट्रेड और एक्सप्लोर करें। जिसमें गोलसी, सी लायन पोकेमॉन को विशेष रुप से फीचर किया जाएगा। यह एक दिवसीय सामुदायिक दिवस मीटअप दोपहर 2: 00 बजे से शाम 5: 00 बजे तक 25 शहरों में आयोजित किया जाएगा। जिनमें नई दिल्ली का लोधी गार्डन, टैगोर गार्डन में पेसिफिक मॉलरु महाराजा अग्रसेन पार्करु सेलेक्ट सिटी वॉक मॉल और जापानी पार्क उर्फस्वर्ण जयंती पार्करु मुंबई का जॉगर्स पार्करु नवी मुंबई का ऐरोली में राजीव गांधी गार्डन और वाशी में इनॉर्बिट मॉल, चंडीगढ़ का जाकिर हुसैन रोज गार्डन,अगरतला का चिल्ड्रन पार्क, वाराणसी का शहीद उद्यान नगर निगम, लखनऊ का फन रिपब्लिक मॉल शामिल है। पोकेमॉन गो खेलते समय सचेत रहें और अपने आस-पास भी ध्यान दें। स्थानीय स्वास्थ्य निर्देशों का पालन करें। आगामी इवेंटों में परिवर्तन हो सकते हैं। सोशल मीडिया पर हमें फ़ॉलो करना न भूलें, पुश नोटिफिकेशन पाने का विकल्प चुनें और अपडेट रहने के लिए ईमेल के लिए सब्सक्राइब करें।

जुपिटर नवाचार व रफ्तार का रोमांच देगा

लखनऊ। टीवीएस मोटर कंपनी-टीवीएसएम ने ऑल न्यू टीवीएस जूपिटर 110 लॉन्च किया है। यह स्कूटर नेक्स्ट जनरेशन के इंजन और भविष्य के लिहाज से सेगमेंट में पहली बार पेश किए गए कई फीचर्स से लैस है। ऑल.न्यू टीवीएस जूपिटर 110 ज्यादा फायदा के सार को दर्शाता है, ज़्यादा स्टाइल, माइलेज, प्रदर्शन, आरामए सुविधाए सुरक्षा और तकनीक। इसमें कई पुराने फीचर भी हैं जैसे ये क्रिकेट के शौकीनों स्कोर के अपडेट तक देगा। साथ रफ्तार के प्रेमियों को रोमांचित करेगा। इसमें मोबाइन चार्जिंग की भी सुविधा है। टीवीएस जूपिटर एक अटूट साथी के रूप में अपने 65 लाख ग्राहकों की कई तरह की जरूरतों को लगातार पूरा करता आया है। ऑल.न्यू टीवीएस जूपिटर 110 के लॉन्च पर बोलते हुए टीवीएस मोटर कंपनी के निदेशक और सीईओ केएनराधाकृष्णन ने कहा कि नया टीवीएस जुपिटर 110 ग्राहकों की अपेक्षाओं, इंजीनियरिंगए तकनीक, डिजाइन और एर्गोनॉमिक्स पर निवेश करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता हैय यह समय से बहुत बहुत आगे की चीज है। लॉन्च के मौके पर टीवीएस मोटर कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हेड कम्यूटर बिजनेस और हेड कॉरपोरेट ब्रांड और मीडिया अनिरुद्ध हलधर ने कहा जुपिटर 110 पिछले एक दशक से टीवीएस मोटर स्कूटर पोर्टफोलियो का अगुवा रहा है।

रिजर्व से मुख्य गोलकीपर बनने के बाद श्री भाई के मानदंडों पर खरे उतरना चाहते हैं कृशन पाठक

नई दिल्ली। कृशन बहादुर पाठक को पता है कि पी आर श्रीजेश द्वारा कायम किए गए ऊंचे मानदंडों के मद्देनजर भारतीय हॉकी टीम का नया प्रमुख गोलकीपर बनना आसान नही होगा लेकिन उनका मानना है कि प्रतिबद्धता और अनुशासन से वह अपेक्षाओं पर खरे उतरने में सफल होंगे। पंजाब के कपूरथला में जन्मे नेपाली मूल के 27 वर्षीय पाठक 2018 में पदार्पण के बाद से भारत के लिए 125 मैच खेल चुके है। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद जब श्रीजेश ने हॉकी को अलविदा कहा , तब पाठक पहली पसंद के नियमित गोलकीपर बने। पाठक ने पीटीआई से कहा , अच्छा लग रहा है कि अब मैं मुख्य गोलकीपर हूं। लेकिन इसके साथ अतिरिक्त जिम्मेदारी भी है। मैंने श्री भाई (श्रीजेश) से बहुत कुछ सीखा है। मैं पिछले साल से उनके साथ था और उनकी जगह लेना बहुत अच्छा लग रहा है।

तेंदुलकर ने शिवाजी पार्क में आचरेकर की प्रतिमा लगाने के राज्य सरकार के फैसले का स्वागत किया

मुंबई। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने बृहस्पतिवार को यहां शिवाजी पार्क में अपने बचपन के कोच रमाकांत आचरेकर की प्रतिमा लगाने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले का स्वागत किया। राज्य के शहरी विकास विभाग ने बुधवार को शिवाजी पार्क के गेट नंब